वर्ष-31, अंक- 311, पृष्ठ-12 | भाद्रपद शुक्ल पक्ष 05, संवत 2082 | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

डालटनगंज (मेदिनीनगर)
गुरुवार
28 अगस्त 2025

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹2.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर




## पलामू को मिलेगा नॉर्दर्न बाईपास व कोयल नदी पर नया पुल: सांसद विष्णु दयाल राम की पहल

# गढ़वा–डालटनगंज मार्ग होगा जाम मुक्त, सड़क निर्माण से खुलेंगे विकास के नए रास्ते

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू संसदीय क्षेत्र के विकास और सड़क नवनिर्माण को नई गति देने के लिए सांसद एवं पूर्व पुलिस महानिदेशक, विष्णु दयाल राम ने एक बार फिर बड़ा कदम उठाया है। उन्होंने केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी को पत्र लिखकर डालटनगंज नॉर्दर्न बाईपास, कोयल नदी पर उच्च स्तरीय पुल, रेलवे लाइन पर रोड ओवर ब्रिज (आरओबी) तथा गढ़वा-शाहपुर रोड को नए राष्ट्रीय राजमार्ग के रूप में अधिसूचित करने की मांग की है।

सांसद विष्णु दयाल राम ने अपने पत्र में बताया कि इस ग्रीनफील्ड बाईपास की शुरुआत जोरकट (ज्योति प्रकाश बी.एड. कॉलेज) से होगी और यह कौड़िया, रांकी, नेउरा, काराकाट होते हुए एनएच-39 रेहला–गढ़वा बाईपास को जोड़ेगा। इस 4-लेन बाईपास और नया पुल बनने से डालटनगंज शहर को जाम की समस्या से स्थायी मुक्ति मिलेगी तथा क्षेत्र के व्यापार, परिवहन, पर्यटन और लॉजिस्टिक्स को भी नई ऊँचाई मिलेगी।

इसी क्रम में, सांसद ने झारखंड सरकार के पथ निर्माण विभाग को भी पत्र लिखकर पलामू जिला अंतर्गत कोयल नदी पर उच्च स्तरीय पुल के निर्माण



तथा शाहपुर-नेउरा-सेमरा होते हुए लोहरसीमी तक करीब 15.15 किलोमीटर सड़क का 2 लेन चौड़ीकरण शीघ्र कराने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान पुराना पुल जर्जर हो चुका है, जिस पर आए दिन जाम और दुर्घटनाएँ होती हैं। वहीं, चैनपुर-नेउरा-सेमरा सड़क की खस्ताहाली से जनता को भारी कठिनाइयाँ झेलनी पड़ रही हैं।

सांसद ने स्पष्ट किया कि यह परियोजनाएँ न केवल आम जनता की आवागमन समस्या का समाधान करेंगी बल्कि भविष्य के लिए संरचित और योजनाबद्ध शहरी विकास में मील का पत्थर साबित होंगी।

सांसद के निजी सचिव अलख दुबे ने बताया कि पलामू सांसद विष्णु दयाल राम जी हमेशा पलामू के सड़क, पुल और मूलभूत ढांचागत विकास को प्राथमिकता देते आए हैं। दिल्ली से रांची तक वे निरंतर विभागीय मंत्रालयों से पत्राचार करते हैं, जिससे पलामू को राष्ट्रीय स्तर की योजनाओं का लाभ मिले। क्षेत्र की जनता में उनके प्रयासों के प्रति गहरा भरोसा है और धीरे-धीरे इन कार्यों का प्रभाव भी दिख रहा है।

स्थानीय लोगों ने भी सांसद की इस पहल का स्वागत करते हुए आशा व्यक्त की है कि इस परियोजना पर जल्द ही ठोस कार्रवाई होगी और पलामू को सड़क विकास की दिशा में नई पहचान मिलेगी।

## एक नजर

### पीएम मोदी ने दी जैन धर्म के 'संवत्सरी' महापर्व की बधाई

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** जैन धर्म में 'संवत्सरी' महापर्व बहुत ही महत्वपूर्ण है। इस दिन 'मिच्छामी दुक्कड़म' कहने की परंपरा है, जिसका गहरा धार्मिक महत्व है। 'मिच्छामी दुक्कड़म' सिर्फ एक शब्द नहीं, बल्कि आत्मशुद्धि और क्षमा का प्रतीक है। संवत्सरी के पावन अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी नागरिकों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं तथा क्षमा, करुणा और सच्चे मानवीय संबंध के शाश्वत मूल्यों पर जोर दिया। पीएम नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा कि संवत्सरी क्षमाशीलता की सुंदरता और करुणा की शक्ति का स्मरण कराती है। यह लोगों को ईमानदारी से रिश्ते मजबूत करने के लिए प्रेरित करती है। इस पावन अवसर पर हमारे हृदय विनम्रता से भरे रहें और हमारे कार्यों में दया एवं सद्भावना दोनों झलकें। मिच्छामि दुक्कड़म।

### भारत ने शीर्ष 40 देशों में निर्यात बढ़ाने की कोशिशों को तेज किया

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** अमेरिका की ओर से भारतीय निर्यात पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाने के बाद, भारत ने 40 देशों में निर्यात बढ़ाने के लिए कोशिशों को तेज कर दिया है। इन देशों में यूके, स्पेन, फ्रांस, जर्मनी और इटली का नाम शामिल है। यह जानकारी एक वरिष्ठ अधिकारी की ओर से दी गई। इन प्रयासों में ट्रेड फेयर, वायर-सेलर मीट्स और सेक्टर-विशेष प्रमोशन कैंपेन शामिल हैं। अन्य देशों में नीदरलैंड, पोलैंड, कनाडा, मैक्सिको, रूस, बेल्जियम, तुर्की, संयुक्त अरब अमीरात और ऑस्ट्रेलिया शामिल हैं।

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर **72094 53444** पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर **72094 03444** संपर्क करें।

## सांसद संजय सेठ ने रांची में शुरू किया 'स्वदेशी अपनाएं, आत्मनिर्भर भारत बनाएं' अभियान, कहा-

# पीएम मोदी का संकल्प, वर्ष 2047 तक विकसित देश हो भारत

**बोले रक्षा राज्य मंत्री**

- दुकानदारों ने दिया आश्वासन, विदेशी सामानों को वापस कर दिया जाएगा
- चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री और अन्य व्यापारिक संगठनों को धन्यवाद

**नवीन मेल डेस्क**



**रांची।** राजधानी रांची के काली मंदिर चौक से बुधवार को 'स्वदेशी अपनाएं, आत्मनिर्भर भारत बनाएं' के तहत राज्यस्तरीय अभियान की शुरुआत हुई। इस अभियान का रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने बुधवार को विभिन्न व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर स्टीकर लगाकर शुभारंभ किया। उन्होंने फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज (एफजेसीसीआई) के पदाधिकारियों और इस अभियान के राज्यस्तरीय कोऑर्डिनेटर राम बांगड़ के साथ काली मंदिर चौक से गांधी चौक, अपर बाजार तक प्रत्येक दुकानों में जाकर 'हमारी दुकान में स्वदेशी उत्पाद बिकता है' का स्टिकर लगाकर दुकानदारों को स्वदेशी सामान बेचने के लिए प्रोत्साहित किया। रांची के सांसद संजय सेठ ने सभी को प्रेरित किया कि वे अपने व्यापारिक प्रतिष्ठान और दुकानों में स्वदेशी सामानों को बेचने और रखने का संकल्प लें। इस अभियान में झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स सहित विभिन्न व्यापारिक संगठनों के लोगों और व्यापारियों ने शिरकत की। संजय सेठ ने राज्य के सभी व्यावसायिक संगठनों, धार्मिक संगठनों से इस अभियान में सहभागी बनने की अपील की। यह कहा कि 140 करोड़ देशवासी एक एक कदम बढ़ाएंगे, तो हमारा देश 140 करोड़ कदम आगे बढ़ेगा।

### इस समय एकजुट हुए, तो कोई भी भारत को नहीं झुका पाएगा : परेश गट्टानी

फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष परेश गट्टानी ने कहा कि प्रधानमंत्री के अनुसार, हमारा लक्ष्य वर्ष 2047 तक भारत को इतना सशक्त और आत्मनिर्भर बनाना है कि कोई भी बाहरी दबाव देश को प्रभावित न कर सके। जैसे अमेरिका ने 50 प्रतिशत टैरिफ लगाया है, भारत पर इसका कोई असर नहीं होगा। व्यापारियों को अपनी दुकानों पर स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने वाले पोस्टर लगाने और धीरे-धीरे गैर-स्थानीय वस्तुओं का बहिष्कार करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

रक्षा राज्यमंत्री सेठ ने कहा कि 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुकानदारों, व्यापारियों और उद्योगपतियों से स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने का आग्रह किया था।

शेष पेज 11 पर...

## नीरज सिंह हत्याकांड में आया बड़ा फैसला

# पूर्व भाजपा विधायक संजीव सिंह व अन्य आरोपी बरी



- आठ वर्ष बाद आया फैसला, एमपी-एमएलए विशेष कोर्ट ने सबूतों के अभाव में किया बरी

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** धनबाद में नीरज सिंह हत्याकांड में बुधवार को एमपी-एमएलए विशेष कोर्ट के जज दुर्गेश चंद्र अवस्थी ने पूर्व भाजपा विधायक संजीव सिंह समेत सभी आरोपियों को सबूतों के अभाव में बरी कर दिया। सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष ने 37 गवाहों को पेश किया। वहीं, बचाव पक्ष ने 5 गवाहों को अदालत के सामने रखा। इस केस में चार चश्मदीद गवाह भी शामिल थे। लेकिन, अदालत ने पाया कि आरोप साबित करने के लिए पर्याप्त सबूत मौजूद नहीं हैं, जिसके बाद सभी आरोपियों को बरी कर दिया गया।

### आज सत्य की जीत हुई है : रागिनी सिंह

संजीव सिंह के बरी होने के बाद उनकी पत्नी और वर्तमान में झरिया की विधायक रागिनी सिंह ने कहा, हम अदालत के फैसले का सम्मान करते हैं। मुझे अदालत पर पूरा भरोसा था। आज सत्य की जीत हुई है। उन्होंने कहा कि आज गणपति बप्पा ने अपना फैसला सुनाया है। आज भगवान ने न सिर्फ हमारे घर को, बल्कि समस्त कोयलांचलवासियों को खुशियां दी हैं। विधायक रागिनी सिंह ने कहा कि उन्होंने जो आठ साल बिताए, उसे वे बयां नहीं कर सकतीं।

ज्ञात हो कि यह मामला 21 मार्च 2017 का है। धनबाद के सरायढेला स्थित स्टील गेट के पास अपराधियों ने

शेष पेज 11 पर...

## आज / कल




## हमारा जंगल, हमारी मां : पलामू टाइगर रिजर्व में विशेष पौधारोपण अभियान

# स्कूली छात्राओं व वन विभाग ने मिलकर बेतला के बम्बू रिट्रीट में लगाए फलदार पेड़

**नवीन मेल संवाददाता**

**बेतला (लातेहार)।** पलामू टाइगर रिजर्व के तहत बेतला के पास अखरा गांव में बम्बू रिट्रीट में आज एक खास पौधारोपण अभियान आयोजित किया गया। इस अभियान को कस्तूरबा विद्यालय की छात्राओं और वन विभाग के कर्मियों ने मिलकर सफलता पूर्वक अंजाम दिया। इस अभियान का नाम कुदरती भाषा कुड़क में रखा गया है- अबुवा तोड़ांग अबुवा आयो, जिसका मतलब है हमारा जंगल, हमारी मां।




इस मौके पर बांस के साथ-साथ आम, जामुन, कटहल और आंवला जैसे फलदार पेड़ भी लगाए गए। लगभग 15 से 20 हेक्टेयर क्षेत्र में पौधारोपण का काम जारी है, जहां अब तक 6000 से अधिक बांस के पौधे लगाए जा चुके हैं। साथ ही इस क्षेत्र में एक जलाशय (वाटर बॉडी) भी बनाया गया है, जिसे भविष्य में और बड़ा किया जाएगा। पौधारोपण को और खास बनाने के लिए हर पेड़ को विद्यालय की छात्राओं द्वारा टैग किया जाएगा, जिनकी जिम्मेदारी होगी कि वे पेड़ों की खास देखभाल करें। बच्चों की सक्रिय भागीदारी से इस जगह को एक खुले आँगन की तरह पढ़ाई और खेल का क्षेत्र बनाया जाएगा। पलामू टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक प्रजेश कांत जेना ने बताया कि यह जनभागीदारी कार्यक्रम न केवल जंगल और मानव के बीच संतुलन बनाए रखने में मदद करेगा, बल्कि यह शिक्षा और पर्यावरण पर्यटन के लिए एक नया उदाहरण भी प्रस्तुत करेगा।

## केंद्र के गाइडलाइन का उल्लंघन कर कोचिंग संस्थान लेते हैं 16 से कम उम्र के बच्चों का एडमिशन

# एलन इंस्टीट्यूट खुलेआम करता है उल्लंघन

- झारखंड में नए कानून से रुकेगी कोचिंग संस्थानों की मनमानी

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** 18 जनवरी, 2024 को, भारत सरकार ने कोचिंग संस्थानों के लिए नए नियमों और विनियमों का एक सेट जारी किया था। इसके अनुसार, किसी भी राज्य के किसी भी कोचिंग संस्थान को 16 वर्ष से कम आयु के बच्चों को प्रवेश देने की अनुमति नहीं है। 10वीं तक की स्कूली शिक्षा और प्रशासन की मुख्य जिम्मेदारी राज्यों की है। राज्य शिक्षा के लिए नीतियां बनाते हैं, स्कूलों का संचालन करते हैं, पाठ्यक्रम निर्धारित करते हैं और शिक्षकों को प्रमाणित करते हैं।

झारखंड की बात करें, तो यहां अनेक कोचिंग सेंटर ऐसे हैं, जहां




16 वर्ष से कम उम्र के बच्चे पढ़ रहे हैं। छोटे शहरों के कोचिंग सेंटर तो नियम कानून को ताक में रखते ही हैं, राजधानी रांची के कोचिंग भी इसमें पीछे नहीं है। बड़े-बड़े कोचिंग संस्थान, जिनके अलग-अलग प्रदेशों में

शेष पेज 11 पर...




### हेमंत सोरेन सरकार बच्चों की शिक्षा को लेकर विशेष रूप से संवेदनशील



हेमंत सोरेन सरकार शिक्षा को लेकर विशेष रूप से सजग है, चाहे वह स्कूल-कॉलेज और विश्वविद्यालय में पढ़ाई हो, या प्रतियोगिता परीक्षा के लिए कोचिंग संस्थानों की पढ़ाई हो। बच्चों की शिक्षा के प्रति राज्य सरकार और संवेदनशील है। इस कारण विधानसभा के पूरक मानसून सत्र में विगत मंगलवार (26 अगस्त 2025) को शिक्षा से संबंधित अन्य विधेयकों के साथ झारखंड कोचिंग सेंटर (नियंत्रण एवं विनियमन) विधेयक, 2025 भी पारित किया गया। कोचिंग संस्थान नियंत्रण विधेयक के तहत 50 से अधिक छात्रों को पढ़ाने वाले सभी कोचिंग सेंटर को निबंधन कराना आवश्यक होगा। वहीं, 1000 से ज्यादा छात्रों वाले संस्थानों को एक मनोवैज्ञानिक रखना अनिवार्य होगा। सरकार का कहना है कि इससे कोचिंग सेंटरों में बढ़ती अव्यवस्था पर रोक लगेगी।

## इंडिया

# आवश्यक है कोचिंग के नाम पर भ्रामक विज्ञापनों और मनमानी की रोकथाम



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

एक समय था जब किसी बड़े बुजुर्ग या सम्मानित व्यक्ति की कही हुई बात पर हर आम या खास लोग विश्वास करते थे और यही विज्ञापन या पीआर एजेंसियों की पूंजी होती है जिसे वे अपनी सुविधा और आवश्यकता के हिसाब से खर्च करते हैं या कहें बड़े नामों या सेलेब्रिटी से कहला कर भुनाते हैं । उपभोक्तावाद और आक्रामक बाजारवाद के दौर में जब बैंक के ऋण और बच्चों की शिक्षा तक को उत्पाद माना जा रहा है तो ग्राहकों को लुभाने के लिए अतिशयोक्ति ही नहीं झूठ तक का सहारा लिया जा रहा है जो चिंता की बात है । अधिकांश भोली भाली जनता सोशल मीडिया या विज्ञापनों में किसी नामी गिरामी हस्ती की कही हुई बात को सच मान लेती है जबकि उन्हें पता भी नहीं होता कि मोटी रकम देकर वे बातें कहलाई जाती हैं जो लिखी हुई स्क्रिप्ट होती है न कि व्यक्तिगत अनुभव । जैसे एक गुटका का विज्ञापन तीन बड़े फिल्म स्टार करते हैं जो स्वयं उसका सेवन नहीं करते । इस अंधी दौड़ में जब निजी शिक्षण संस्थान और कोचिंग इस्टिट्यूट शामिल हो गए तो गला काट स्पर्धा में बात झूठ तक पहुंच गई । किसी सफल प्रतियोगी को अपना पूर्व विद्यार्थी बताकर विज्ञापन देने में एक बार बहुत हास्यास्पद स्थिति उत्पन्न हो गई थी जब अनेक प्रमुख समाचार पत्रों में सभी बड़े कोचिंग संस्थानों ने विज्ञापन दिए जिसमें सभी टॉपर को सभी ने अपना बताया था । नवीन मेल ने इसपर कई बार प्रमुखता से लिखा जिसपर बहुत चर्चा हुई थी । केंद्र सरकार ने इसपर रोक के लिए दिशानिर्देश बनाने की पहल की उसके बाद अब झारखंड सरकार ने भी एक नया विधेयक झारखंड व्यावसायिक शिक्षण संस्थान (शुल्क विनियमन) विधेयक, 2025 पास




किया है जिसमें कोचिंग संस्थाओं पर नकेल कसने का प्रयास किया गया है । 50 से अधिक छात्रों को पढ़ाने वाले सभी कोचिंग सेंटरों को पंजीकरण अनिवार्य होगा ।जिला स्तर पर उपायुक्त की अध्यक्षता में रेगुलेटरी कमेटी और राज्य स्तर पर राज्य नि का गठन किया जाएगा ।कोचिंग सेंटर को खोलने के लिए आधारभूत संरचना, फीस संरचना, पाठ्यक्रम, शुल्क जैसी पूरी जानकारी देनी होगी ।आवेदन के साथ देना होगा यह शपथ पत्र कि ट्यूटर कम से कम स्नातक हों और अपराध में दोषी न हों ।बिना आवेदन या स्वीकृति के संचालित कोचिंग संस्थान पर 5 लाख तक का जुर्माना, दुबारा होने पर पर 10 लाख रुपये का दंड लगाया जा सकेगा ।गंभीर वित्तीय या प्रशासनिक गड़बड़ियों पर संस्थान को 5 साल के लिए ब्लैकलिस्ट किया जाएगा। कोचिंग से जुड़े छात्रावासों में पुलिस की नियमित गश्ती होगी ।छात्रों या अभिभावकों की शिकायतों के लिए ब्लॉक और जिला स्तर पर शिकायत निवारण बनेगा ।सभी शिकायतों का डिजिटल और भौतिक रिकॉर्ड रखा जाएगा ।दोनों पक्षों की सुनवाई कर 45 दिन में निपटारा करना अनिवार्य होगा ।फ्रेंचाइजी और मल्टी-ब्रांच कोचिंग हर ब्रांच को अलग-अलग पंजीकरण कराना होगा ।फ्रेंचाइजर को भी नियमों के तहत आवेदन देना होगा ।कोचिंग सेंटरों को तेतत्मादत या पोर्टल पर परा डाटा अपडेट रखना होगा ।जबकि पूर्व से झारखंड में भी लगभग सभी कोचिंग संस्थान सार्वजनिक संस्थानों में बड़े–बड़े होर्डिंग लगाते हैं जिसमें शत शत प्रतिशत नंबर तक का दावा किया जाता है जबकि चालाकी से किसी में भी लिखा नहीं रहता कि किस वर्ष में वे पढ़ते थे । कई कोचिंग संस्थान बढ़ा चढ़ाकर अपना प्रचार कराते हैं जबकि केंद्र सरकार के निर्देशों का खुला उल्लंघन करते हैं ।इस पर पहले झारखंड के अधिकारियों का कहना था कि झारखंड में इस पर दिशा निर्देश नहीं है इसलिए 16 साल से कम के बच्चों को भी स्कूलों की तरह कई संस्थान पढ़ाते हैं।

## केंद्रीय कैबिनेट का फैसला

# पीएम स्वनिधि योजना के पुनर्गठन और विस्तार को दी गई मंजूरी




- इस योजना के लिए है 7,332 करोड़ रुपए का प्रावधान

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि) योजना के पुनर्गठन और विस्तार को 31 मार्च, 2030 तक मंजूरी दे दी। इस योजना के लिए कुल 7,332 करोड़ रुपए का प्रावधान है। कैबिनेट की एक रिलीज में कहा गया है कि इस पुनर्गठित योजना का लक्ष्य 50 लाख नए लाभार्थियों सहित 1.15 करोड़ लाभार्थियों को लाभ पहुंचाना है। आवास एवं शहरी मंत्रालय और वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस) पर संयुक्त रूप से इस योजना के कार्यान्वयन की जिम्मेदारी रहेगी। इसमें डीएफएस की भूमिका, बैंकों/वित्तीय संस्थानों और उनके जमीनी स्तर के अधिकारियों के माध्यम से ऋण/क्रेडिट कार्ड तक पहुंच को सुविधाजनक बनाने की रहेगी। बयान में कहा गया है कि पुनर्गठित योजना की प्रमुख विशेषताओं में पहली और

शेष पेज 11 पर...

## नवाजयपुर थाना प्रभारी ने क्षेत्र का लिया जायजा



पाटन प्रखंड। नवाजयपुर थाना प्रभारी ने दूरदराज के गाँव पोखरिया, कनौदी, महुवाखाला और सोनपुरवा का दौरा कर सुरक्षा व्यवस्था और शांति का जायजा लिया। उन्होंने स्थानीय शिक्षकों और ग्रामीणों से बातचीत कर उनकी समस्याएँ सुनीं और पुलिस-प्रशासन की ओर से पूर्ण सुरक्षा का आश्वासन दिया। थाना प्रभारी ने कहा कि कानून व्यवस्था बनाए रखना उनकी प्राथमिकता है और जनता से अपील की कि वे किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत दें।

### श्रद्धालुओं ने आस्था से किया भगवान गणेश की पूजा-अर्चना

# नवयुवक क्लब जागृति संघ का पूजा पंडाल बना आकर्षण का केंद्र

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** गणेश चतुर्थी पर्व पर हुसैनाबाद शहर के विभिन्न इलाकों में भव्य और भक्तिमय माहौल नजर आया। सरस्वती नगर, हरिहर चौक के समीप नवयुवक क्लब जागृति संघ द्वारा खादी भंडार के पास और ऊपरी कला एवं कामगारपुर सहित अन्य स्थानों पर पूजा पंडाल बनाए गए, जहां पर विधि विधान से भगवान गणेश की पूजा-अर्चना की गई। पुजारी ने बेलपत्र, दूब घास, फल फूल, पान पत्ता, सिंदूर-टीका और लड्डू अर्पित कर धार्मिक



अनुष्ठान संपन्न कराया। पंडाल का पट खुलते ही भगवान गणेश की प्रतिमा के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। श्रद्धालु पंक्तिबद्ध होकर प्रसाद ग्रहण करते रहे। नव युवक क्लब जागृति संघ ने पंडाल के आगे आकर्षक प्रकाश व्यवस्था की, जिसने सभी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। इस पूजा आयोजन में संघ के संरक्षक दीपू कुमार, सतीश कुमार, बॉबी कुमार, राजीव कुमार, पेंटल कुमार, शान कुमार, अभिषेक कुमार सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित थे।

# सहायिका पद चयन विवाद : ग्रामीणों ने किया विरोध प्रदर्शन



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नीलांबर-पीतांबरपुर प्रखंड के डबरा पंचायत के चेरी गांव में आंगनबाड़ी सहायिका पद के चयन को लेकर विवाद भड़का है। ग्रामीणों ने चयन प्रक्रिया में गड़बड़ी का आरोप लगाया है। सात मई 2025 को चयनित राधिका रानी को प्रमाण पत्र न मिलने और प्रखंड कार्यालय के द्वारा प्रमाण पत्र के एवज में पैसे मांगने का आरोप लगाया गया है। पुनः सर्वेक्षण के बाद चुनाव का निर्देश दिया गया, लेकिन ग्रामीणों ने नया चुनाव कराने का विरोध कर पहले की चयनित सहायिका को ही पद पर बने रहने दिया। सीडीपीओ और अधिकारियों के बीच इस विवाद ने अब उच्च न्यायालय का रुख किया है, जहां अभी तक कोई ठोस फैसला नहीं हुआ है।

## जपला आरपीएफ ने महिला-विशेष बोगी में अभियान चलाकर 7 को किया गिरफ्तार

**हुसैनाबाद।** जपला रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ निरीक्षक राजेश कुमार मीना के नेतृत्व में महिला एवं विकलांग बोगी में अभियान चलाकर 7 अनाधिकृत यात्रियों को गिरफ्तार किया गया। सभी को जुमार्ना मिलने के बाद रिहा किया गया।आरपीएफ ने यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए इस तरह के अभियान लगातार करने की बात कही है। अनाधिकृत यात्रा करने वाले और स्टेशन परिसर में अनुचित गतिविधि करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# रांची वाराणसी एक्सप्रेस ट्रेन की बोगियों में यात्री सुविधा बढ़ाने की मांग





**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** पूर्व मध्य रेलवे के पंडित दीन दयाल उपाध्याय और धनबाद रेल मंडल के परिचालित कई ट्रेनों की हालत देखकर यात्रियों का मन मुरझा जाता है। रांची से निकलने वाली और वाराणसी तक जाने वाली रांची-वाराणसी एक्सप्रेस और मेनू ट्रेन की बोगियां गंदी, शौचालय व पानी की सुविधा भी खराब है। खासतौर पर बीडी सेक्शन की ट्रेनों में पंखा भी नहीं चलता, जिससे गर्मी में यात्रियों की यात्रा और व्यथित हो रही है। यात्रियों ने रेलवे प्रशासन से बेहतर और सुसज्जित डिब्बे उपलब्ध कराने की मांग की है। समाजसेवी और विभिन्न संगठनों ने सांसद विष्णु दयाल राम से बेहतर ट्रेनों के परिचालन के लिए कदम उठाने की अपील की है। यात्रियों और स्थानीय लोगों में निराशा व्याप्त है।

# जीईसी स्टार्टअप आइडिया पिचिंग प्रतियोगिता आयोजित





**नवीन मेल संवाददाता**

**नीलाम्बर पीतांबरपुर।** गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कॉलेज पलामू के एंटरप्रेन्योरशिप सेल एवं इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल के संयुक्त प्रयास से स्टार्टअप आइडिया पिचिंग प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि प्राचार्य प्रो. संजय कुमार सिंह ने छात्रों को नवाचारी सोच विकसित करने और समाज के सामने मौजूद चुनौतियों के समाधान पर काम करने को प्रेरित किया। प्रतियोगिता में इलेक्ट्रॉनिक वेस्ट मैनेजमेंट, डिजिटल फार्मिंग और विद्यार्थियों के गैजेट्स के पुनः उपयोग जैसे कई प्रभावशाली विचार प्रस्तुत किए गए। विजेता टीमों को पुरस्कार के साथ आईआईटी बॉम्बे द्वारा आयोजित ह्यूरेका 2025ह्ल प्रतियोगिता में हिस्सा लेने का मौका मिलेगा।

# झारखंड उच्च न्यायालय ने सोहेया पहाड़ लीज मामले में अंचल अधिकारी से मांगा दस्तावेज

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद (पलामू)।** झारखंड उच्च न्यायालय की खंडपीठ ने सोमवार को हुसैनाबाद के सोहेया पहाड़ की लीज वापस लेने के लिए दायर जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए अंचल अधिकारी को इस मामले से जुड़े सभी दस्तावेज और शपथपत्र पेश करने का निर्देश दिया है। यह मामला वर्ष 2017 की है, जब आरोप है कि फर्जी दस्तावेजों के आधार पर पहाड़ की लीज दी गई। याचिकाकर्ता रामकेश्वर महतो ने कहा है कि खतियान में उक्त भूमि 'जंगल पहाड़' और 'जंगल झाड़ी' के रूप में है, जबकि लीज वन भूमि से सटी हुई है, जो खनन एवं वन अधिनियम का उल्लंघन है। फर्जी लीज जारी करने के विरोध में



ग्रामीणों ने दो वर्षों से धरना-प्रदर्शन किया, लेकिन अधिकारियों ने कोई उचित कार्रवाई नहीं की। अतः न्यायालय की शरण ली गई है।

# कोटिया, सप्तमी व लकड़ाही जंगल-पहाड़ बचाने को लेकर समाजसेवी ने सांसद को सौंपा ज्ञापन

**नवीन मेल संवाददाता**

**सतबरवा (लातेहार)।** कोटिया, सप्तमी और लकड़ाही के जंगल-पहाड़ों को खनन कंपनियों से बचाने के लिए ग्रामीणों ने संतोष



कुमार के नेतृत्व में चतरा सांसद कालीचरण सिंह को ज्ञापन दिया। ग्रामीणों ने कहा कि ये क्षेत्र उनकी जीवन रेखा हैं, जो आजीविका, सुरक्षा और संस्कृति का आधार हैं। उन्होंने सांसद से आग्रह किया कि किसी भी दशा में इन पहाड़ों को खनन कंपनियों को न सौंपा जाए। यह ज्ञापन पहले भी संबंधित अधिकारियों को दिया जा चुका है। सांसद ने भरोसा दिलाया कि वे ग्रामीणों के अधिकारों की रक्षा करेंगे और संघर्ष समिति के साथ मजबूती से खड़े रहेंगे।

## भीमचूल्हा पर्यटन स्थल की स्वच्छता में जुटे स्वयंसेवक सत्येंद्र कुमार व पुजारी गंगा तिवारी

**मोहम्मदगंज।** ऐतिहासिक और पर्यटन महत्व के भीमचूल्हा स्थल पर अवैतनिक सेवक सत्येंद्र कुमार चंद्रवंशी और पुजारी-सह गाइड पंडित गंगा तिवारी ने वर्षों से सफाई और देखरेख का कार्य बड़े समर्पण के साथ किया है। इनके योगदान से यह स्थल धार्मिक, मांगलिक और पर्यटन दृष्टिकोण से दिन-प्रतिदिन अधिक प्रसिद्ध हो रहा है। हालांकि विभाग की ओर से अभी तक इन स्वयंसेवकों को किसी भी प्रकार का पारिश्रमिक नहीं मिला है, जिसका स्थानीय लोग खेद व्यक्त करते हैं।

# निजी खर्च से सड़क मरम्मत कर ग्रामीणों की परेशानी को किया दूर, पंचायत सदस्य की पहल से खुशहाल माहौल

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद (पलामू)।** बरसात के कारण ग्राम कुसुवा कोरियाडीह की सड़क पर गड्ढे हो गए थे, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में काफी दिक्कत हो रही थी। इस समस्या को लेकर कई बार पंचायत और अन्य प्रतिनिधियों से शिकायत किए जाने के बावजूद कोई ठोस और स्थाई उपाय नहीं हुआ। क्षेत्र के पंचायत समिति सदस्य अजित कुमार सिंह ने इस समस्या को अपने निजी खर्च से



हल करने का निर्णय लिया। उन्होंने सड़क और गड्ढों की मरम्मत कराकर ग्रामीणों की बड़ी परेशानी कम की। अजित कुमार सिंह ने कहा, 'जनप्रतिनिधि का फर्ज होता है कि वह जनता के हर सुख-दुख में खड़ा रहे। मैं इसी भावना से आगे भी हर संभव मदद करता रहूंगा।' मरम्मत कार्य के दौरान वार्ड सदस्य दीपक मेहता, नंदलाल मेहता, गोलू मेहता, अभय मेहता, संजय मेहता और संजय यादव समेत कई ग्रामीण शामिल रहे। मरम्मत पूर्ण होने पर ग्रामीणों ने समिति सदस्य अजित कुमार सिंह का तहे दिल से आभार व्यक्त किया और उनकी इस पहल की प्रशंसा की।

## न्यूज | बॉक्स

### मोहम्मदगंज में 4 साल बाद भी नहीं बना स्टेडियम



**मोहम्मदगंज।** स्थानीय सिंचाई विभाग के मैदान में स्टेडियम के निर्माण की योजना 4 वर्ष पहले बनाई गई थी, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। यह मैदान खेलों के लिए अनुकूल स्थल माना जाता है, जहां फुटबॉल टूनामेंट और सांस्कृतिक कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित होते रहे हैं। खेल प्रेमी और पूर्व खिलाड़ी इस योजना को लेकर निराश हैं। प्रदेश कांग्रेस महासचिव सत्यनारायण सिंह, समाजसेवी अश्विनी कुमार सिंह, और अन्य गणमान्य लोगों ने स्टेडियम निर्माण को धरातल पर उतारने का आग्रह किया है ताकि युवा अपनी प्रतिभा का विकास कर सकें।

### मुसिखाप में भगवान विश्वकर्मा जी का भव्य मंदिर निमार्णाधीन, बनेगा क्षेत्र का आस्था केंद्र

**पांडू।** मुसिखाप गांव में भगवान विश्वकर्मा जी का भव्य मंदिर तेजी से बन रहा है, जो आने वाले समय में पूरे इलाके के लिए धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक बनेगा। मंदिर की निर्माणधीन अवस्था में गूंजती शंखध्वनि और जयकारें इस क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण पैदा कर रही हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार भगवान विश्वकर्मा को देवताओं का प्रथम वास्तुकार माना जाता है, जिन्होंने स्वर्गलोक, द्वारिका नगरी, पुष्पक विमान और भगवान विष्णु के सुदर्शन चक्र का निर्माण किया। विश्वकर्मा पूजा हर वर्ष 17 सितंबर को बड़े उत्साह के साथ मनाई जाती है, और मंदिर के बन जाने के बाद यह आयोजन और भी भव्य होगा।

### हुसैनाबाद के लोकप्रिय व्यवसायी जय प्रकाश हमराही के निधन से क्षेत्र में शोक की लहर

**हुसैनाबाद।** गांधी चौक के पास स्थित हमराही कला केंद्र के प्रोपराइटर और हुसैनाबाद के लोकप्रिय व्यवसायी जय प्रकाश हमराही का 27 अगस्त 2025 को सुबह आकस्मिक निधन हो गया। वे 70 वर्ष के थे और कुछ महीनों से बीमार चल रहे थे। उनका इलाज रांची में चल रहा था। जय प्रकाश अपने पीछे धर्मपत्नी, चार पुत्र और एक बेटी छोड़ गए हैं। उनके जान-माल और समाज सेवा के कारण पूरे क्षेत्र में भारी शोक छा गया है। स्थानीय लोग, व्यापारी समुदाय, राजनीतिक दल, समाजसेवी और साहित्यकार उनकी सरलता और उदारता को याद कर दुख व्यक्त कर रहे हैं। उनका अंतिम संस्कार सोन नदी के तट पर स्थित मुक्तिधाम में किया गया। इस दुख की घड़ी में परिवार, मित्र और नगरवासी उन्हें अंतिम विदाई देने जुटे। हुसैनाबाद के निवर्तमान नगर अध्यक्ष शशि कुमार, राजेंद्र प्रसाद, उदय सोनी, सचिन आनंद, प्रकाश अग्रवाल, पवन अग्रवाल, अशोक कश्यप, मनोज गुप्ता समेत कई गणमान्य लोगों ने हृदय से शोक जताया।


### सचिव के खिलाफ महाविद्यालय परिसर में एक दिवसीय धरना आज

**हुसैनाबाद (पलामू)।** एके सिंह कॉलेज जपला में विवाद बढ़ते जा रहे हैं। यहां के कर्मचारी शासकीय निकाय के सचिव के खिलाफ आंदोलन करने का फैसला किया है। 28 अगस्त गुरुवार को महाविद्यालय के गेट पर एक दिवसीय धरना रखा गया है। कर्मचारियों ने अनुमंडल पदाधिकारी, विश्वविद्यालय और थाना प्रभारी को इसकी सूचना दी है। आवेदन में बताया गया है कि सचिव ने कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य डॉ. आनंद कुमार को रात 11 बजे वाट्सएप संदेश के माध्यम से बर्खास्त कर दिया और कॉलेज प्रवेश भी बंद कर दिया। 27 कर्मचारियों ने इस आवेदन पर हस्ताक्षर किए हैं।

# मुख्य नहर का जल प्रवाह बढ़ाकर 1800 क्यूसेक किया गया, खेतों में पानी पहुंचना शुरू

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** कोयल नदी में भारी बारिश के बाद जलस्तर सामान्य होते ही किसानों के खेतों में पानी पहुंचाने पर ध्यान दिया जा रहा है। बुधवार को भीमबराज से मुख्य नहर का जल प्रवाह बढ़ाकर 1800 क्यूसेक कर दिया गया। कोयल नदी में अब 18,000 क्यूसेक पानी प्रवाहित हो रहा है। शनिवार-रविवार को नदी का जलस्तर एक लाख क्यूसेक से ऊपर जाने पर



मुख्य नहर का पानी रोक दिया गया था। भीमबराज के 26 गेट खोल दिए गए थे। कार्यपालक अभियंता विनीत प्रकाश ने बताया कि रविवार को जल प्रवाह 1.12 लाख क्यूसेक था, जिससे बाढ़ व गाद के खतरे को देखते हुए मुख्य नहर बंद करनी पड़ी। बाद में सोमवार को जल प्रवाह 818 क्यूसेक पर छोड़ा गया था, जिसे अब बढ़ाया गया है। फिलहाल भीमबराज में जल भंडारण पर्याप्त है और खरीफ सीजन के खेतों तक पानी पहुंच रहा है। सहायक अभियंता सुलेंद्र कुमार, जेई सौरभ पटेल समेत सिंचाई विभाग के कर्मी सतर्क हैं।

# राजनीति व अतिक्रमण की दौड़ में उपेक्षित हो रही हैं महापुरुषों की प्रतिमाएं

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद (पलामू)।** हमारे संविधान निमार्ता डॉ. भीमराव अंबेडकर तथा अन्य महान विभूतियों की प्रतिमाएं आज राजनीति और अतिक्रमण की जद्दोजहद में उपेक्षित हो चुकी हैं। अक्सर इन प्रतिमाओं पर राजनीतिक दलों और संगठनों के बैनर-पोस्टरों से उनकी असली छवि छिप जाती है। प्रतिमा के आसपास ठेले और दुकानदारों द्वारा अतिक्रमण इस ऐतिहासिक स्थल की गरिमा को नुकसान पहुंचा रहा है। कई बार प्रशासन द्वारा इन अतिक्रमणों को हटाने की कार्रवाई की जाती है, लेकिन कुछ ही समय बाद पुरानी स्थिति पुनः बन जाती है। लोकतांत्रिक संवेदनाओं और सामाजिक आदर्शों के प्रतीकों को सिर्फ राजनीतिक फोटो सेशन और प्रचार के लिए इस्तेमाल करना ही उनकी उपेक्षा नहीं बल्कि उनके आदर्शों की भी अनदेखी है। यह समय है जब प्रशासन और समाज मिलकर इन महापुरुषों की प्रतिमाओं को सम्मान और गरिमा दिलाने के लिए सशक्त कदम उठाएं।

## भाजपा नेता ने फीता काटकर किया हुसैनाबाद में गणपति पूजा पंडाल का उद्घाटन

**हरिहरगंज (पलामू)।** तीन दिवसीय गणेश पूजा महोत्सव बुधवार से शुरू हो गया। दुर्गा मंदिर के समीप नवयुवक गणपति सेवा समिति द्वारा स्थापित भव्य पंडाल का उद्घाटन भाजपा नेता रविंद्र कुमार सिंह उर्फ बब्लू सिंह ने फीता काटकर किया। उन्होंने गणपति महोत्सव की बधाई दी और कहा कि भगवान गणेश के पूजन से सुख-समृद्धि आती है। पूजा समिति अध्यक्ष पंकज पासवान और व्यवस्थापक बिनय कुमार बंटी ने बताया कि शनिवार और रविवार की रात भक्ति जागरण तथा संध्या में महाआरती आयोजित की जाएगी। पूजा समिति के कई सदस्य और श्रद्धालु इस अवसर पर उपस्थित रहे।

**प्रतिभा** | पी.एम. श्री स्तरोन्नत उच्च विद्यालय छात्र-छात्राओं ने परचम लहराया

# पढ़ाई के साथ खेल-कूद व योग भी आवश्यक : प्रधानाध्यापक

**नवीन मेल संवाददाता**

**ऊंटारी रोड।** झारखंड शिक्षा परियोजना पलामू के तत्वावधान में जिला स्तरीय भाषण, क्विज, और पेंटिंग प्रतियोगिता एक्सीलेंस जिला स्कूल में आयोजित की गई। मुख्य अतिथि जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं सह-जिला कार्यक्रम पदाधिकारी थे। पी.एम. श्री स्तरोन्नत उच्च विद्यालय करकट्टा के छात्र-छात्राओं ने प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन कर विद्यालय का परचम लहराया। मोनू कुमार ने नवम वर्ग के भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल किया और अब राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित हुए हैं। नंदनी कुमारी ने बालिका वर्ग में तृतीय स्थान प्राप्त किया। अमित कुमार ने बालक वर्ग क्विज में तीसरा स्थान हासिल किया।



विद्यालय के प्रधानाध्यापक संजय कुमार सिंह ने कहा कि पढ़ाई के साथ खेल-कूद और योग पर भी जोर दिया जा रहा है, जिससे बच्चों का सर्वांगीण विकास हो रहा है।

## यूरिया वितरण की समस्या, किसानों को दूसरे पंचायतों का चक्कर काटना पड़ रहा है

**हैदरनगर।** किसानों को यूरिया खाद वितरित होने में असुविधा हो रही है। तीन पैक्स केंद्रों को कुल 12 पंचायतों में यूरिया बांटने की जिम्मेदारी मिली है, जिसका असर किसानों पर पड़ रहा है। प्रत्येक पंचायत को प्रति पैक्स 70 बोरा यूरिया दी जा रही है, जिसके लिए किसानों को दूसरे पंचायतों तक जाना पड़ता है। इससे किसानों को भारी परेशानी होती है, खासकर भीड़ और दूरी की वजह से। किसान संगठन और पदाधिकारी इस स्थिति पर नाराज हैं और प्रशासन से खाद वितरण की व्यवस्था सुधारने की मांग कर रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर जल्द कदम नहीं उठाए गए तो किसानों की फसलें प्रभावित होंगी।

### जिले में यूरिया की भारी कमी

# धान की रोपाई पूरी, लेकिन खाद के बिना परेशान किसान



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** जिले में यूरिया खाद की कमी से किसान बेहाल हैं। कृषि विभाग के अनुसार, इस सीज़न में जिले को लगभग 2670 मीट्रिक टन यूरिया की जरूरत है, लेकिन अब तक सिर्फ 585 मीट्रिक टन ही उपलब्ध कराया गया है। इस साल पलामू में बारिश औसत से ज्यादा हुई है।

अधिक बारिश के कारण मक्का और दलहन की खेती प्रभावित जरूर हुई, लेकिन धान की खेती के लिए इसे फायदेमंद माना जा रहा है। जिले में करीब 51 हजार हेक्टेयर जमीन पर धान रोपाई का लक्ष्य रखा गया था और पिछले दस साल में पहली बार यह लक्ष्य पूरा हुआ है। किसान अब बेहतर पैदावार की उम्मीद कर रहे थे, लेकिन खाद की कमी ने उनकी चिंता बढ़ा दी है। पलामू की डीसी समीरा एस ने बताया कि इस बार धान की रोपाई अच्छी हुई है, लेकिन मांग के मुकाबले यूरिया की कमी जरूर है।

#### किसानों की परेशानी

रोपाई पूरी हो जाने के बाद किसानों को अब यूरिया उपलब्ध नहीं हो पा रही है। कई किसान मजबूरी में ब्लैक मार्केट से महंगे दाम पर यूरिया खरीद रहे हैं। पैसे की कमी के कारण कई किसान इसे खरीद भी नहीं पा रहे।हैदरनगर के बहेरा गांव के किसान कृष्णा सिंह ने बताया कि आर्थिक तंगी के कारण वह यूरिया खरीद नहीं पा रहे हैं, जबकि बाजार में यह ऊंचे दामों पर बिक रही है। वहीं चचेरिया निवासी अवधेश सिंह का कहना है कि एक बीघा धान की खेती पर करीब दस हजार रुपये खर्च करने के बाद भी खाद की किल्लत से फसल खराब होने लगी है। पांडू कर्मडीह के किसान

#### प्रशासन ने दिखाई सख्ती

यूरिया की किल्लत के साथ ही इसकी कालाबाजारी की शिकायतें भी मिल रही हैं। इस पर जिला प्रशासन ने सख्ती बरतनी शुरू कर दी है। अब तक तीन दुकानदारों के लाइसेंस रद्द किए जा चुके हैं और एक का लाइसेंस निलंबित किया गया है। नौडीहा बाजार इलाके में प्रशासन ने खाद का अवैध स्टॉक भी जब्त किया है।

सरकार से 2670 एमटी यूरिया की मांग की गई थी, जिसमें से केवल 585 एमटी ही अब तक मिली है। उम्मीद है कि जल्द ही पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध हो जाएगी। कालाबाजारी करने वालों पर लगातार कार्रवाई हो रही है और कई दुकानदारों के लाइसेंस रद्द भी किए गए हैं। सभी प्रखंडों के पदाधिकारियों को छापेमारी और निगरानी के निर्देश दिए गए हैं।

### यूरिया के लिए किसानों की लंबी कतारें

# भीड़ ज्यादा होने से कई किसान खाली हाथ लौटे



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** जिले में यूरिया की कमी से किसानों की परेशानी बढ़ गई है। नीलांबर-पितांबरपुर प्रखंड के कोटखास पैक्स केंद्र पर बुधवार को यूरिया खरीदने पहुंचे किसानों की भारी भीड़ लग गई। भीड़ इतनी ज़्यादा थी कि केंद्र के बाहर लंबी कतारें लग गईं। हालत यह रही कि कई किसान घंटों से लाइन में खड़े रहने के बाद भी यूरिया नहीं खरीद पाए और उन्हें निराश होकर वापस लौटना पड़ा। किसान शिवजी ने बताया कि वह सुबह से कतार में खड़े थे, लेकिन अत्यधिक भीड़ और सीमित स्टॉक होने के कारण उन्हें खाद नहीं मिल सका। यह समस्या केवल कोटखास केंद्र तक सीमित नहीं है। जिले के अन्य प्रखंडों और पैक्स केंद्रों पर भी किसानों को लंबी कतारों में खड़ा होना पड़ रहा है और कई जगहों पर खाद की कमी के कारण किसान खाली हाथ लौट रहे हैं।

### छत्तरपुर में अवैध खनन पर गाज

# रातों-रात फरार हुए खनन माफिया पुलिस ने ट्रैक्टर-उपकरण जब्त किए

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** जिले में अवैध खनन की काली कमाई पर एक बार फिर प्रशासन की सख़्ती देखने को मिली। मंगलवार की देर रात छत्तरपुर प्रखंड के करमा कलां गांव में खान निरीक्षक शुभम कुमार के नेतृत्व में छापेमारी अभियान चलाया गया। कार्रवाई की भनक लगते ही मौके पर मौजूद खनन माफिया अंधेरे का फायदा उठाकर वहां से भाग खड़े हुए। पीछे रह गए तो सिर्फ़ उनके ट्रैक्टर और भारी मात्रा में खनन सामग्री। टीम ने मौके से दो ट्रैक्टर जब्त किए, जिनसे करीब 80 घन फीट पत्थर (स्टोन बोल्डर) बरामद हुआ। यह कोई मामूली बात नहीं, इससे अवैध खनन के पैमाने का अंदाज़ा लगाया जा सकता है।

केवल इतना ही नहीं, प्रशासन ने छापेमारी में खनन के लिए इस्तेमाल होने वाले दो जैक हैमर मशीन, चार ड्रिलिंग रॉड, एक शबवेल, एक कुल्हाड़ी और करीब 20 डेटोनेटर भी जब्त किए। ये उपकरण बताते हैं कि खनन माफिया संगठित तरीके से बड़े पैमाने पर अवैध कारोबार को अंजाम देने में जुटे थे।

छापेमारी के बाद छत्तरपुर थाना में अज्ञात लोगों के नाम से प्राथमिकी दर्ज की गई है। अब पुलिस उन सभी की पहचान करने और गिरफ्तारी के लिए सक्रिय है। स्थानीय ग्रामीण इस कार्रवाई को लेकर राहत महसूस कर रहे हैं। उनका कहना है कि लंबे समय से अवैध खनन के चलते न केवल पर्यावरण को नुकसान हो रहा था, बल्कि गांव की सूरत भी बदलती जा रही थी। वहीं प्रशासन का कहना है कि ऐसी गतिविधियों को किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और लगातार अभियान जारी रहेगा। इस कार्रवाई ने एक बार फिर खनन माफियाओं के बीच हड़कंप मचा दिया है।

### पेयजल विभाग की लापरवाही, डीसी ने दिखाई सख्ती

# पुरानी फाइल पेश करने पर तीन अफसरों का वेतन रोका

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पलामू में पेयजल और स्वच्छता विभाग की लापरवाही सामने आई है। मंगलवार को हुई वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग समीक्षा बैठक में विभाग के अफसरों ने उपायुक्त (डीसी) समीरा एस को नई रिपोर्ट की जगह पुरानी फाइल थमा दी। फाइल में सिर्फ ऊपर की तारीख बदली हुई थी, बाकी सब पुराना था। यह देखकर डीसी नाराज़ हो गईं और बैठक वहीं रोक दी।

**वेतन रोकने का आदेश :** गलती करने वाले तीन अधिकारियों पर कार्रवाई करते हुए डीसी ने उनका वेतन रोकने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि पेयजल योजनाओं जैसी जरूरी सेवाओं में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

**कैसे हुआ मामला :** डीसी पाटन इलाके से कार्यक्रम खत्म कर सीधे दोपहर 12 बजे समीक्षा बैठक में पहुंचीं। बैठक देर से शुरू हुई और जब वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए दस्तावेज़ दिखाए गए, तो डीसी को पता चला कि यह पुराने कागज़ात हैं। इस पर उन्होंने कड़ी नाराज़गी जताई और बैठक स्थगित कर दी।

**डीसी की चेतावनी :** डीसी ने स्पष्ट कहा कि यह योजनाएं आम जनता की ज़रूरत से जुड़ी हैं। अफसरों की लापरवाही से जनता को दिक्कतें झेलनी पड़ती हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर भविष्य में ऐसी गलती दोबारा हुई तो और भी सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# यह लड़ाई सभी कर्मचारियों के हित की है : मनोज मेहता

- झारोटेफ का कर्मचारी शक्ति समागम, एमसीएपी, शिशु शिक्षण भत्ता और सेवा निवृत्ति आयु 62 वर्ष की मांग

नवीन मेल संवाददाता




**मेदिनीनगर।** झारखंड ऑफिसर्स टीचर्स एंड एम्प्लॉयीज फेडरेशन (झारोटेफ) की ओर से बुधवार को कर्मचारी शक्ति समागम का आयोजन टाउन हॉल में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष मनोज मेहता ने की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में झामुमो जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा और विशिष्ट अतिथि के रूप में झारोटेफ के प्रांतीय कोषाध्यक्ष नितिन कुमार उपस्थित रहे। दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

**तीन सूत्री मांगें केंद्र में :** समागम में राज्य सरकार से तीन प्रमुख मांगों को लेकर आवाज उठाई गई। इसमें कर्मचारियों को एमएसीपी का लाभ मिले। सभी को शिशु शिक्षण भत्ता दिया जाए और सेवा निवृत्ति की उम्र 62 वर्ष की जाए। मुख्य अतिथि राजेंद्र प्रसाद सिन्हा ने कहा कि झारोटेफ की सभी मांगों को मुख्यमंत्री तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने याद दिलाया कि पहले भी झारोटेफ की मांग पर पुरानी पेंशन योजना लागू हुई थी। जिला अध्यक्ष मनोज मेहता ने कहा कि यह संघर्ष सभी कर्मचारियों के हित की लड़ाई है। जब तक मांगें पूरी नहीं होतीं, संगठन संघर्ष जारी रखेगा।

कार्यक्रम को नितिन कुमार, लालेश्वर राम, लालबिहारी यादव, रोहिणी सिंह, दीपक कुमार, संजय कुमार, उपेंद्र पांडे और राकेश कुमार यादव ने भी संबोधित किया।

समागम में बड़ी संख्या में जिले भर से आए शिक्षक और कर्मचारी मौजूद थे।

# 20 सूत्री उपाध्यक्ष विमला कुमारी ने डीआईजी से की शिष्टाचार भेंट



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** 20 सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति की उपाध्यक्ष विमला कुमारी ने आज पलामू के डीआईजी नौशाद आलम से उनके कार्यालय कक्ष में शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने कई मुद्दों पर डीआईजी से सुझाव प्राप्त किए और विशेष रूप से विधि-व्यवस्था तथा महिलाओं की सुरक्षा से जुड़े विषयों पर विस्तार से चर्चा की।

# श्री गणेश चतुर्थी महोत्सव: राणी सती मंदिर में भव्य पूजा-अर्चना

- शाम को आरती और महाभोग, सभी समाज के सदस्यों और महिलाओं से किया गया आयोजन में शामिल होने का आग्रह

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** श्री राणी सती मंदिर, डाल्टनगंज में बुधवार को सांयकाल आयोजित होने वाले धार्मिक कार्यक्रमों का उद्घोष किया गया है। शाम 6:30 बजे श्री राणी सती दादी जी की आरती हुई, जबकि 7:00 बजे गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर गणेश जी की महाआरती और लड्डू का भव्य महाभोग लगाया गया।

समाज के सभी सदस्य और विशेष रूप से महिलाएं आयोजकों का आग्रह है कि वे शाम 6:15 बजे तक मंदिर प्रांगण में पहुंचकर दादी मां व गणेश जी की आरती में भाग लें और इस पावन पर्व को हर्षोल्लास के साथ मनाएं। कार्यक्रम का संयोजन मनोज भिवानिया और श्री राणी सती सेवा समिति, डाल्टनगंज द्वारा किया जा रहा है। वहीं पीयूष तुलस्यान (अध्यक्ष), संदीप केजरीवाल (कोषाध्यक्ष), मनोज भिवानिया, मनीष भिवानिया, अनिल गर्ग, संजय अग्रवाल, टिंकू शंघाई, प्रभात अग्रवाल, नीरज कामदार, पूजा भिवानिया, दीपा शराफ, अंजू सोनी, प्रिया पोद्दार, अनीता भिवानिया, रुचि सिंघानिया, और अन्य भी भक्त लोग वहां उपस्थित थे।

# रेड़मा चौक से चियांकी तक जर्जर सड़क से हादसे, ग्रामीण आंदोलन की तैयारी में

- धूल, गड्ढे और दुर्घटनाओं से परेशान लोग बोले-प्रशासन करे तुरंत पहल

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** रेड़मा चौक से चियांकी तक की सड़क लंबे समय से पूरी तरह जर्जर हो चुकी है। जगह-जगह गड्ढे और टूटे हिस्सों के कारण रोजाना छोटे-बड़े हादसे हो रहे हैं। कई बार बाइक और ऑटो पलट चुके हैं, जिससे लोगों को गंभीर चोटें आईं, लेकिन अब तक जिला प्रशासन की ओर से कोई ठोस पहल नहीं की गई है। सड़क की खस्ता हालत का आलम यह है कि प्रेरणा ठाकुरबाड़ी के पास धूल के गुबार से लोगों का सांस लेना मुश्किल हो जाता है। गाड़ियों के गुजरते ही हवा में धूल का घना बादल उठता है, जिससे आसपास के घरों में रहने वाले लोग, खासकर बच्चे और बुजुर्ग, श्वसन संबंधी बीमारियों से परेशान हैं। वहीं गड्ढों से भरी सड़क पर रोजाना जाम की स्थिति बनती है और आमजन का जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द से जल्द सड़क मरम्मत का कार्य शुरू नहीं किया गया तो वे सामूहिक रूप से आंदोलन करेंगे। उनका कहना है कि अब धैर्य की सीमा टूट रही है। एक ओर लोग हादसों का शिकार हो रहे हैं और दूसरी ओर प्रशासन मूकदर्शक बना हुआ है। स्थानीय नागरिकों ने कहा कि यह सड़क शहर और गांव को जोड़ने वाली महत्वपूर्ण मार्ग है, जिससे प्रतिदिन हजारों लोग आवाजाही करते हैं। इस सड़क की मरम्मत में लापरवाही न केवल लोगों की जान जोखिम में डाल रही है बल्कि विकास कार्यों में भी बाधा उत्पन्न कर रही है। ग्रामीणों ने साफ कहा है कि यदि प्रशासन ने सकारात्मक पहल नहीं की तो वे धरना-प्रदर्शन और लोकतांत्रिक आंदोलन के जरिए अपनी आवाज बुलंद करेंगे।

# एक शाम अश्क के नाम, जहां नात के सुरों से महका आसमान

- अदबी संसार का 47वां तरही नातिया मुशायरा, शायरों ने मोहब्बत-ए-रसूल में पेश किए कलाम

नवीन मेल संवाददाता




**मेदिनीनगर।** अदबी संसार की ओर से आयोजित 47वां तरही नातिया मुशायरा मंगलवार की शाम गौसिया मोहल्ला, पहाड़ी स्थित हाजी हय्यूम अंसारी के आवास पर बड़े ही सुकूनभरे माहौल में हुआ। यह मुशायरा एक शाम डॉ. अशरफ जमाल अश्क के नाम समर्पित था, जिसमें दूर-दराज़ से आए शायरों ने अपने-अपने नातिया कलाम से समां बाँधा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. अशरफ जमाल अश्क ने की, संचालन हाफिज यूनुस रजवी और स्वागत अदबी संसार के संस्थापक एम.जे. अजहर ने किया। इस मौके पर डॉ. अश्क, हाजी सदरुल हसन खां और हाजी हय्यूम अंसारी को समाजसेवी सैय्यद मो. कलाम ने अंगवस्त्र और फूलों से सम्मानित किया।

मुशायरे की शुरुआत हाफिज मेराज आलम शम्सी ने कुरआन-ए-पाक की तिलावत से की। इसके बाद एक-एक कर शायर मंच पर आए और अपनी नातों से श्रोताओं के दिल जीत लिए।

डॉ. अशरफ जमाल अश्क ने पढ़ा- कितना है दिल नशीन ये गुंबद हरा-हरा, जी चाहता है चूम लूं अपनी नज़र से मैं।

इसके अलावा मौलाना महताब आलम जियाई, डॉ. मकबूल मंजर, अमीन रहबर, नौशाद अहमद खां, एम.जे. अजहर, अलाउद्दीन शाह चिराग, इमरान शाद सहित कई शायरों ने नातिया कलाम सुनाकर श्रोता-दीर्घा को भावुक कर दिया।

मुशायरे में मौलाना मंसूर आलम, डॉ. मुबीनुद्दीन कुरैशी, नूर सुल्तानपुरी, तरन्नुम सबा, मुहसिन अजीम और अन्य शायरों ने भी अपनी प्रस्तुति दी।

नुदरत नवाज, हसनैन खां, हाजी हसीब अहमद खां, परवेज आलम समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जिसे हाजी हय्यूम अंसारी ने पेश किया।

### बंगीय दुर्गा बाड़ी में स्मारिका का विमोचन

# 111वें वर्ष के भव्य आयोजन की तैयारियां, शहर के कलाकारों संग बाहरी कलाकार भी देंगे प्रस्तुति

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** नगर की ऐतिहासिक बंगीय दुर्गा बाड़ी में बुधवार को मंगलवार को हर वर्ष की तरह प्रकाशित होने वाली वार्षिक स्मारिका का विमोचन किया गया। दुर्गा बाड़ी पूजा समिति के पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से इस विशेष अंक का लोकार्पण किया। समिति के अध्यक्ष शुभंकर चक्रवर्ती ने कहा कि इस स्मारिका के प्रकाशन में शहर के व्यावसायिक प्रतिष्ठानों व कई व्यक्तियों का सहयोग सराहनीय रहा है। इसके संपादन और संकलन में शिवेश मोइत्रा, सुमित भट्टाचार्य और अमर भांजा का विशेष योगदान रहा।

उन्होंने बताया कि इस स्मारिका में मेडिनीनगर में बसे बंगाली परिवारों के सामाजिक, सांस्कृतिक और शैक्षिक योगदान का विस्तृत उल्लेख किया गया है, जो इसे संग्रहणीय बनाता है।

**111वां वर्ष होगा खास :** पूजा समिति के सचिव जयंत विश्वास ने जानकारी दी कि इस वर्ष दुर्गा पूजा का आयोजन 111वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है। इसे ऐतिहासिक और यादगार बनाने के लिए विशेष कार्यक्रमों की योजना बनाई गई है। मुख्य संरक्षक श्यामल चक्रवर्ती, ट्रस्ट बोर्ड के अध्यक्ष देवेश मोइत्रा और सचिव दिवेंदु गुप्ता के मार्गदर्शन में तैयारियां जोरों पर हैं। उन्होंने कहा कि श्यामल चक्रवर्ती की देखरेख में बने नए दुर्गा बाड़ी हॉल का इस साल से उपयोग शुरू कर दिया जाएगा। बंगाली समाज के युवा सदस्य भी आयोजन की तैयारियों में सक्रिय भागीदारी निभा रहे हैं, जिसे उत्साहजनक माना जा रहा है।

**सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम :** समिति ने बताया कि इस साल सप्तमी को नाटक का मंचन होगा। वहीं अष्टमी और नवमी को सांस्कृतिक संध्या आयोजित की जाएगी, जिसमें बाहरी राज्यों से बुलाए गए कलाकारों के साथ-साथ स्थानीय कलाकार भी अपनी प्रस्तुति देंगे।

स्मारिका विमोचन कार्यक्रम के मौके पर देवाशीष सेनगुप्ता, गौतम घोष, आशीष दासगुप्ता, शिवेश मोइत्रा, सुजीत घोष, सुमित भट्टाचार्य समेत कई लोग मौजूद रहे।

## केतार प्रखंड के मजदूर का आंध्र प्रदेश में निधन, गांव में शोक की लहर

केतार। केतार प्रखंड के मायर गांव निवासी चंदेश्वर सिंह का शव बुधवार को वेलूर (आंध्र प्रदेश) से गांव लाया गया। ग्राम में शव के आगमन पर शोक की लहर फैल गई। खबर मिली कि चंदेश्वर सिंह एक सप्ताह पहले दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए थे और इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। उनके तीन बच्चे हैं, जिनमें दो बेटियां और एक पुत्र शामिल है। मुखिया मूंगा साह, बीडीसी प्रतिनिधि इम्तियाज अंसारी, पंचायत अध्यक्ष दिनेश गुप्ता सहित ग्रामजन शोक व्यक्त करने और परिवार की मदद का आश्वासन देने पहुंचे।

# गढ़वा फोर लेन पर भीषण सड़क हादसा युवक की मौत, ग्रामीणों ने किया रोड जाम

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** पड़वा-बंशीधर नगर फोर लेन पर एक तेज रफ्तार गाड़ी ने गुरुवार को ननहक कुमार राम को जोरदार टक्कर मारी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक गढ़वा थाना क्षेत्र के गरनाहा गांव के निवासी थे। हादसे के बाद ग्रामीणों में भारी आक्रोश फैल गया और उन्होंने सड़क जाम कर दिया। लोगों ने स्थानांतर्गत अंडरपास का निर्माण न होने पर प्रशासन को दोषी ठहराया और सुरक्षा मानकों में सुधार की मांग की। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति संभाली, लेकिन शव स्थल पर पड़ा रहा और जाम जारी रहा।



## झामुमो नेता दीपक प्रताप देव ने दिवंगत कार्यकर्ता के पिता को दी श्रद्धांजलि

श्री बंशीधर नगर स्थित भोजपुरगढ़ के झारखंड मुक्ति मोर्चा के युवा नेता दीपक प्रताप देव ने खरौंधी प्रखंड के झामुमो कार्यकर्ता राजेंद्र राम के पिता के निधन पर परिवार का हाल जाना और दुख साझा किया। उन्होंने परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान की। उन्होंने शोक संतप्त परिवार के प्रति पार्टी की पूर्ण संवेदनाएं व्यक्त कीं और कहा कि पार्टी हर सुख-दुख में उनके साथ है। इस मौके पर अन्य कई पार्टी कार्यकर्ता भी मौजूद थे।

# करंट की चपेट में आकर युवक की दर्दनाक मौत

**नवीन मेल संवाददाता**



**भवनाथपुर।** खरौंधी थाना क्षेत्र के चंदनी गांव में 30 वर्षीय प्रिंस दुबे बिजली के 440 वोल्ट प्रवाह में आने से गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे स्वजनों ने तुरंत भवनाथपुर सीएचसी में भर्ती कराया, लेकिन उपचार के दौरान डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना तब हुई जब प्रिंस अपने घर के पीछे बिजली मोटर चलाने गए और लोहे के दरवाजे में करंट लगने से वे घायल हो गए। मृतक के निधन से पूरा परिवार सदमे में है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा भेज दिया है।

### लायंस क्लब व राधा लक्ष्मी ट्रस्ट की ओर से मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन

# 35 आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों के सफल ऑपरेशन से स्वास्थ्य सेवा में सुधार




**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** शहर के चिरौंजिया मोड़ स्थित राधिका नेत्रालय में लायंस क्लब ऑफ गढ़वा ऑसम एवं राधा लक्ष्मी ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन हुआ। इस शिविर में 35 मरीजों का आंखों का सफल ऑपरेशन किया गया। लायंस क्लब के अध्यक्ष डॉ. असजद अंसारी ने बताया कि अब तक 300 से अधिक मरीजों को इस तरह की मुफ्त सेवा प्रदान की जा चुकी है। शिविर का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को बेहतर स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराना है।

# करीब अंसारी ने राजद की सदस्यता ग्रहण की, गढ़वा में संगठन को मजबूत बनाएंगे

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेराल।** राजद के प्रदेश कार्यालय रांची में बुधवार को करीब अंसारी ने राष्ट्रीय जनता दल की सदस्यता ग्रहण की। प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव ने उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलाई। करीब अंसारी ने कहा कि वे पार्टी के लिए समर्पित होकर ऊर्जा और मेहनत से संगठन को मजबूत बनाने का प्रयास करेंगे। करीब अंसारी पहले झारखंड मुक्ति मोर्चा के सदस्य थे, जिन्होंने झामुमो से इस्तीफा देकर राजद का दामन थामा है। इस मौके पर राजद के वरिष्ठ नेता जमरूद्दीन अंसारी सहित अन्य नेता मौजूद रहे।

# सड़क किनारे नालों पर अतिक्रमण से जाम की समस्या गहराई, प्रशासन उदासीन

**नवीन मेल संवाददाता**

**मझिआंव (गढ़वा)।** नपं क्षेत्र के मुख्य बाजार के समीप नाले के किनारे स्थाई और अस्थाई दुकानदारों ने जगह पर कब्जा कर रखा है, जिससे सड़क मार्ग पर जाम लगना आम बात हो गई है। टेंपो चालक और बाइक सवार यहां-तहां वाहन खड़ा कर देते हैं, जिससे राहगीरों को खासतौर से परेशानी हो रही है। प्रशासन की ओर से कई बार नोटिस जारी किए गए लेकिन अतिक्रमण नहीं हटता, जिससे दुकानदारों और वाहन चालकों का मनोबल बढ़ा है। जाम के कारण जनोपयोगी सेवाओं जैसे एम्बुलेंस समेत अन्य आपातकालीन वाहन भी फंस जाते हैं। अंचलाधिकारी प्रमोद कुमार ने दुकानदारों को आदेश दिया है कि वे सरकारी संपत्तियों को तुरन्त खाली करें, अन्यथा सर्वेक्षण कर सरकारी संपत्ति खाली कराने के लिए अभियान शुरू किया जाएगा।



### 'कॉफी विद एसडीएम' में एम्बुलेंस चालकों ने रखी समस्याएं

# सुरक्षा किट सहित नियमित भुगतान की मांग




**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** क्षेत्र के एम्बुलेंस चालकों ने एसडीएम संजय कुमार के समक्ष अपनी व्यावसायिक एवं व्यक्तिगत समस्याएं रखीं। वेतन में अनियमितता, सुरक्षा उपकरणों का अभाव, खराब वाहन व अस्पताल कर्मियों से सहायता न मिलने की शिकायतें सामने आईं। एसडीएम ने सुनिश्चित किया कि समस्याओं के समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। निजी एम्बुलेंस संचालकों को शुल्क निर्धारण का पालन करने के निर्देश भी दिए गए। उन्होंने एम्बुलेंस कर्मियों को सड़क दुर्घटना ग्रस्त व्यक्तियों की सहायता करने पर प्रोत्साहित किया।

# खाद की किल्लत से नाराज किसानों ने एनएच-75 पर लगाया दो घंटे का जाम, यातायात व किसानों की परेशानियां बढ़ीं

**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** क्षेत्र में खाद की कमी के कारण किसानों का आक्रोश बुधवार को फूट पड़ा। नाराज किसानों ने ट्रॉमा सेंटर के पास राष्ट्रीय राजमार्ग 75 पर करीब दो घंटे तक जाम लगाया। इससे सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और यात्रियों को भारी असुविधा हुई। किसानों का आरोप था कि लगातार कृषि कार्य प्रभावित हो रहा है, लेकिन प्रशासन खाद उपलब्ध कराने में विफल रहा है। पुलिस ने शांत करवाने का प्रयास किया, लेकिन किसान अपनी मांगों पर अड़े रहे। अंचल अधिकारी विकास कुमार सिंह और प्रखंड विकास पदाधिकारी रौशन कुमार ने मौके पर आकर स्थिति नियंत्रित की और खाद की शीघ्र आपूर्ति का भरोसा दिया। किसानों ने इसके बाद जाम समाप्त किया। किसान खाद की कमी से बुवाई प्रभावित होने और आर्थिक नुकसान की आशंका जता रहे हैं। जाम के दौरान सैकड़ों वाहन फंसे रहे और यात्रियों को परेशानी हुई। पुलिस ने जाम खुलवाकर यातायात बहाल किया।



## ओडिशा से आए मजदूर का निधन, गांव में मातम छा गया

**रमना।** प्रवासी मजदूरों की मौत का सिलसिला इस प्रखंड में थमता नजर नहीं आ रहा है। गत माह गांव में एक मजदूर की मौत के सदमे से अभी लोग उबर भी नहीं पाए थे कि सपही ग्राम के पहाड़ी टोला निवासी 48 वर्षीय विनोद उरांव का ओडिशा के विशाखापट्टनम में निधन हो गया। बेहतर जीवन की तलाश में मजदूरी करने गए विनोद की तबीयत अचानक खराब हो गई थी, परिणामस्वरूप उनकी मौत हो गई। विनोद के पीछे धर्मपत्नी, तीन बेटियां और एक बेटा है। परिवार की आर्थिक स्थिति पहले से कमजोर थी और विनोद परिवार का मुख्य कमाने वाला था। उनके जाने से परिवार की देखभाल का भार पत्नी पर आ गया है, जो ग्राम में मजदूरी कर जीवनयापन करना चाहती हैं, लेकिन क्षेत्र में काम की कमी के कारण पलायन को मजबूर हैं। मंगलवार को मृतक का शव ग्राम पहुंचा, जहां परिजनों की चीत्कारें माहौल को गमगीन कर गईं। ग्रामीण इस कठिन परिस्थिति में परिवार के भविष्य को लेकर चिंतित हैं।

## सूखे पेड़ों की वजह से सड़क दुर्घटना का खतरा, जल्द हटाने की मांग

**मझिआंव (गढ़वा)।** मझिआंव व गढ़वा मुख्य सड़कों के किनारे लगाये सूखे लाखों पेड़ दुर्घटना की खतरा बने हुए हैं। गर्मी के मौसम में तेज हवाओं और आंधी-तूफान की संभावना के कारण यह खतरा और बढ़ गया है। सूखे पेड़ों के गिरने और बिजली के नंगे तारों के नीचे स्थित ट्रांसफॉर्मरों से भी खतरा बना हुआ है। कई बार स्थानीय जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा इस ओर ध्यान दिलाया गया, लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। स्थानीय लोग जल्द से जल्द इन पेड़ों को हटाने की मांग कर रहे हैं, ताकि मानसून में किसी बड़ी दुर्घटना से बचा जा सके।

## यूरिया खाद पहुंचने की सूचना पर उमड़े किसान

**मेदिनीनगर।** प्रखंड मुख्यालय में बुधवार की सुबह एक ट्रक पर 600 बोरा यूरिया खाद पहुंची। सूचना मिलते ही विभिन्न इलाकों से किसान प्रखंड मुख्यालय पहुंचने लगे। देखते ही देखते किसानों की भारी भीड़ जमा हो गई। किसान खाद बीज दुकानों पर जमा हो गए। वहां अफरातफरी की स्थिति उत्पन्न हो गई। भीड़ को देखते हुए उसकी जानकारी अंचलाधिकारी जयशंकर पाठक को दी गई। साथ ही पुलिस बल की व्यवस्था करने की मांग की गई। किसानों की भारी भीड़ को देखते हुए अंचलाधिकारी ने दुकानदारों को गुरुवार को खाद वितरण का निर्देश दिया। उसके बाद भी किसान तत्काल खाद का वितरण करने की मांग करने लगे। दुकानदार सुनील मेहता ने बताया कि किसानों को थोड़ी देर के लिए संयम जरूर रखना चाहिए। दुकान में खाद आ गयी है तो उन्हें अवश्य मिलेगी। दुकानदार मिथिलेश और बबलू ने बताया कि सीओ के निर्देश पर गुरुवार को खाद का वितरण किया जाएगा। खाद लेने के लिए किसान विनोद गुप्ता, मनोज प्रसाद, रामचंद्र सिंह, राम अवध चौधरी, उदय राम, रामलाल चौधरी, प्रमोद यादव, उदय राम, रामसागर राम, सुरेंद्र गुप्ता, देवराज सिंह आदि पहुंचे थे।

# अधूरी सड़क से परेशान ग्रामीण पंचायत में शिलान्यास के बाद भी काम शुरू नहीं

**नवीन मेल संवाददाता**

**भवनाथपुर।** प्रखंड के अरसाली उत्तरी पंचायत के ग्रामीण आज भी अधूरी सड़क के कारण परेशान हैं। पंचायत भवन से खडार टोला वन सीमा तक जाने वाली करीब दो किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण कार्य लंबे समय से अधूरा पड़ा है। बरसात में यह सड़क कीचड़ में तब्दील हो जाती है, जिससे लोगों को भारी कठिनाई का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों ने बताया कि बीते वर्ष 29 सितम्बर 2024 को पूर्व विधायक भानु प्रताप शाही ने इस सड़क का शिलान्यास किया था। कुछ काम शुरू भी हुआ, लेकिन अधूरा छोड़ दिया गया। इसके बाद सत्ता परिवर्तन हुआ और काम पूरी तरह रुक गया। मौजूदा विधायक अनंत प्रताप देव ने 29 जुलाई 2025 को इस सड़क का पुनः शिलान्यास किया था, लेकिन अब तक काम शुरू नहीं हो पाया है। स्कूली बच्चों को रोजाना कीचड़ भरे रास्ते से होकर विद्यालय जाना पड़ता है। बारिश में स्थिति और भी खराब हो जाती है। ग्रामीणों का कहना है कि नेता केवल शिलान्यास कर जनता को बरगला रहे हैं, जबकि धरातल पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा।



## कुत्ते ने युवती को काटकर किया घायल

गढ़वा। सदर थाना क्षेत्र के नवादा गांव निवासी लालजी राम चंद्रवंशी की पुत्री सुनीता कुमारी को मंगलवार को एक पागल कुत्ते ने काटकर बुरी तरह घायल कर दिया। उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि सुनीता अपने घर में बैठी हुई थी। उसी दौरान एक पागल कुत्ते ने उसके घर में घुसकर उसे काट कर घायल कर दिया। उसके रोने की आवाज सुनकर परिजनों ने कुत्ते को मारपीट कर वहां से भगाया। उसके बाद उसे घायल अवस्था में उठाकर सदर अस्पताल में भर्ती कराया।

# मेराल सब्जी बाजार में मोबाइल चोरी करते पकड़ा गया 10 वर्षीय बच्चा

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेराल।** सब्जी बाजार में बुधवार को शाम करीब 5 बजे मोबाइल चोरी करते हुए एक 10 वर्ष के बच्चे को ग्रामीणों ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। स्थानीय लोगों ने बताया कि बच्चे को एक व्यक्ति के पॉकेट से मोबाइल निकलते हुए देखा गया। इस घटना के बाद पुलिस पहुंची और मामले को संज्ञान में लिया। बाजार में मोबाइल चोरी की घटनाओं के बढ़ने से लोग चिंतित हैं।



## मेराल में चोरी की घटनाओं में वृद्धि से ग्रामीणों में भय व्याप्त

**मेराल।** थाना क्षेत्र में हाल ही में चोरी की घटनाओं में जोर-शोर से वृद्धि हुई है। मंगलवार रात लगमा बस स्टैंड के समीप एक दुकान के ताले तोड़ने का प्रयास हुआ, वहीं लातदाग गांव में दो घरों में चोरी हुई। प्रभावित परिवारों ने थाना में आवेदन देकर पुलिस से त्वरित जांच और सुरक्षा की मांग की है। क्षेत्रीय लोग भयभीत और आशंकित हैं।

**पूजा-पाठ**

## अरंगी में गणेश महोत्सव का भव्य शुभारंभ

# श्रद्धालुओं में उल्लास का वातावरण

**नवीन मेल संवाददाता**

**खरौंधी (गढ़वा)।** गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर खरौंधी प्रखंड क्षेत्र के अरंगी पंचायत के ग्राम गटियरवा (चौपाल) में युवा शक्ति संगठन के नेतृत्व में दो दिवसीय श्री गणेश महोत्सव का आयोजन धूमधाम से हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर विशेष अतिथियों ने किया। पूरे आयोजन में भक्तिमय भजन-कीर्तन और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। दीपक प्रताप देव ने आयोजन को सामाजिक एकता और भाईचारे को मजबूती देने वाला बताया। जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी ने क्षेत्र में सुख-शांति की कामना की। कार्यक्रम में सैकड़ों श्रद्धालु जुटे, जिससे माहौल अत्यंत हर्षोल्लास और भक्ति से भर गया।




## संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन

**गढ़वा।** मानस मंडली बिशुनपुर इकाई गढ़वा के तत्वावधान में बुधवार को साप्ताहिक संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन बृजेश कुमार पांडेय के आवास पर किया गया। उक्त अवसर पर सर्वप्रथम श्रीराम दरबार पर पुष्प माला अर्पित किया गया। मंडली की ओर से 556वां पाठ किया गया। मौके पर मुख्य रूप से अरुण दुबे, संयोजक द्वारकानाथ पांडेय, बृजेश कुमार पांडेय, आत्मा पांडेय, अमरेंद्र कुमार मिश्रा, अशोक पटवा, अधिवक्ता सतीश चौबे, सियाराम पांडेय, मार्कंडेय तिवारी सहित अन्य मौजूद थे।

## न्यूज बॉक्स

### बाल विवाह रोकथाम पर होगी गंभीर चर्चा

**महुआडांड़ (लातेहार)।** क्षेत्र में बाल विवाह जैसी कुप्रथा को रोकने के लिए प्रशासन अब सजग हो गया है। इसी क्रम में 1 व 2 सितंबर को अनुमंडल स्तरीय बैठक सह कार्यशाला का आयोजन एसडीओ बिपिन दुबे की अध्यक्षता में अनुमंडल कार्यालय सभागार में होगा। एसडीओ ने बताया कि 1 सितंबर को महुआडांड़ प्रखंड क्षेत्र के प्रतिनिधियों, शिक्षाविदों और प्रबुद्ध लोगों संग चर्चा होगी, जबकि 2 सितंबर को गारू एवं सरयू प्रखंड के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की जाएगी। इस बैठक में जनप्रतिनिधि, जिला परिषद सदस्य, प्रखंड प्रमुख-उपप्रमुख, विकास और अंचल पदाधिकारी, थाना प्रभारी, पंचायत मुखिया, स्कूल कॉलेजों के प्राचार्य, समाजसेवी और धर्मगुरु (पाहन, पंडित, मौलवी, पादरी आदि) से इस सामाजिक कुरीति के खिलाफ ठोस कदम सुझाने की अपील की गई है।

- **1 और 2 सितंबर को अनुमंडल स्तरीय बैठक, जनप्रतिनिधियों व धर्मगुरुओं को बुलावा**

### करैत सांप ने डंसा, युवक की मौत



**चंदवा।** थाना क्षेत्र के हुटाप पंचायत अंतर्गत जिलिंग गांव के निवासी मंगलदेव लोहरा (38 वर्ष) को मंगलवार आधी रात को विषैले करैत सांप ने डंस लिया। परिजन बताते हैं कि वह चारपाई पर सो रहे थे तभी सांप ने हमला किया। सुबह परिजन उन्हें चंदवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद लातेहार सदर अस्पताल रेफर किया गया। रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। विधायक प्रतिनिधि विजय कुमार दुबे अस्पताल पहुंचे और मृतक परिवार को हर संभव मदद देने का भरोसा दिलाया। उन्होंने सरकारी मुआवजा दिलाने की भी बात कही।

### कुंदा में विधिक सेवा शिविर का आयोजन कई घरेलू मामलों में सुलह-समझौता




**कुंदा (चतरा)।** कुंदा थाना क्षेत्र में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देशानुसार बुधवार को विधिक सेवा शिविर लगा। शिविर में कई घरेलू विवादों का सुलह-समझौते से समाधान किया गया। अधिकार मित्र अजीत कुमार ने लोगों को समझाया कि मामूली विवादों को कोर्ट-कचहरी की जगह सुलह से निपटना बेहतर होता है, इससे समय और पैसे की बचत होती है। शिविर में थाना प्रभारी प्रिंस कुमार सिंह और अन्य पुलिस अधिकारी भी मौजूद थे।

### महिला चिकित्सक ने वरिष्ट पत्रकारों के खिलाफ थाने में की शिकायत



**इटखोरी (चतरा)।** इटखोरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की महिला चिकित्सक डॉ. अर्चना मधुर ने दो वरिष्ट पत्रकारों के खिलाफ थाना में आवेदन देकर विवाद खड़ा कर दिया है। अंभान में इलाज में लापरवाही और मरीजों के साथ बदसलूकी की खबर प्रकाशित होने के बाद, डॉ. अर्चना ने पत्रकार विजय शर्मा और अशोक पांडेय को सरकारी कार्य में बाधा डालने का आरोप लगाते हुए पुलिस शिकायत दर्ज कराई है। इस मामले की गंभीरता को लेकर चतरा प्रेस क्लब के अध्यक्ष सुनील कश्यप ने तत्कालीन बैठक बुलाई और पत्रकारों के समर्थन में निंदा प्रस्ताव पारित किया। प्रेस क्लब अध्यक्ष ने कहा कि यह पत्रकारिता की स्वतंत्रता पर हमला है और इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पत्रकारों का कहना है कि उन्होंने समाज की सेवा करते हुए सच्चाई को सामने रखा है। मीडिया वरिष्ठ संगठन और अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संघ ने भी इस मामले में हस्तक्षेप की बात कही है। वे आशा करते हैं कि इस मामले की निष्पक्ष जांच होगी और पत्रकारों के खिलाफ किसी भी प्रकार की दबाव या उत्पीड़न नहीं होगा। पत्रकारिता समाज का चौथा स्तंभ है, जिसकी स्वतंत्रता का संरक्षण करना लोकतंत्र की पूरी मजबूती का परिचायक है।

### रात में जंगली हाथियों का कहर

# किसान का घर टूटा, धान की फसल चौपट, ग्रामीणों में दहशत

**नवीन मेल संवाददाता**



**बालूमाथ (लातेहार)।** मंगलवार देर रात मारांगलोइया पंचायत के पिपराही गांव में जंगली हाथियों के झुंड ने जमकर उत्पात मचाया। हाथियों ने लूथर मिंज पिता पॉलूस मिंज के घर को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया और आसपास खेतों में लगी धान की फसलों को बर्बाद कर दिया। किसान रामबिलास मिंज, धनदीव उरांव, सोनमेत देवी, मनोज मिंज, विनोद तिर्की और दिलीप उरांव समेत कई परिवारों की फसलें चौपट हो गईं। हाथियों के हमले से पूरा इलाका दहशत में है। ग्रामीण घर छोड़कर सुरक्षित स्थानों की ओर भागने को मजबूर हुए।

घटना की जानकारी मिलने पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप गंझू मौके पर पहुंचे। उन्होंने पीड़ित परिवारों का हालचाल लिया और वन विभाग से शीघ्र मुआवजा एवं ग्रामीणों की सुरक्षा की मांग की। साथ ही कहा कि यदि प्रशासन ठोस कदम नहीं उठाता तो ग्रामीणों की जान-माल को खतरा बना रहेगा। समाजसेवी रामलाल भगत, पंचायत अध्यक्ष साबिर अंसारी और अन्य लोग भी पहुंचे और प्रशासन से ठोस कार्रवाई की मांग की।

## झारखंड दैनिक मजदूर यूनियन का प्रथम सम्मेलन 30-31 अगस्त को आयोजित होगा

- **चंदवा में यूनियन की बैठक में पूर्व महासचिव कामरेड सुधाकर रेड्डी को श्रद्धांजलि, स्वागत समिति का गठन**

**नवीन मेल संवाददाता**




**चंदवा।** झारखंड दैनिक मजदूर यूनियन की बुधवार को यूनियन कार्यालय रामजतन भवन में बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता मोहम्मद अलाउद्दीन पप्पू ने की। बैठक में तेलंगाना के मजदूर नेता एवं भाकपा के पूर्व महासचिव कामरेड सुधाकर रेड्डी के निधन पर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। यूनियन के अध्यक्ष प्रमोद साहू ने कहा कि सुधाकर रेड्डी के निधन से मजदूर और वामपंथी आंदोलन को अपूरणीय क्षति पहुंची है। बैठक में 30-31 अगस्त को होने वाले झारखंड दैनिक मजदूर यूनियन के प्रथम सम्मेलन की सफलता पर चर्चा हुई। स्वागत समिति का गठन किया गया, जिसकी अध्यक्षता माखन प्रसाद चौरसिया को दी गई है। समिति के अन्य सदस्य भी नियुक्त किए गए हैं।

### मयूरहंड में अभिव्यक्त की गई शिक्षा के प्रति चिंता, बच्चे चाहते हैं मुफ्त शिक्षा, सिर्फ भोजन नहीं

**मयूरहंड (चतरा)।** केंद्र और राज्य सरकार की ओर से फ्री राशन और नकद सहायता को प्राथमिकता मिल रही है, लेकिन शिक्षकों, अभिभावकों और शिक्षाविदों ने कहा है कि बच्चों को केवल लेखन-पढ़ाई तक सीमित रखकर साक्षर बनाना सही नहीं। ग्रामीणों के मुताबिक सरकारी स्कूलों में शिक्षा का स्तर गिरा है और जहां बच्चों को भरपेट भोजन मिलता है, वहां किताबें और पुस्तकालय जैसी व्यवस्थाएं नहीं हैं। बच्चों की ज्ञान वृद्धि के लिए बेहतर शिक्षा की ठोस जरूरत है। उन्होंने सरकार से शिक्षा नीति में सुधार की मांग की है ताकि बच्चों का समग्र विकास हो सके।

### विधायक दास ने महौदा गांव में दीप प्रज्वलित कर गणपति पूजा का शुभारंभ किया



**इटखोरी (चतरा)।** इटखोरी प्रखंड के महौदा गांव में गणेश चतुर्थी के पावन मौके पर बड़ी श्रद्धा और भक्ति के साथ पूजा महोत्सव शुरू हुआ। विधायक कुमार उज्जवल दास ने गांव में दीप प्रज्वलित कर इसे विधिवत उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि वे गांव के विकास के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे और अपने पिता के अधूरे सपनों को पूरा करेंगे। विधायक के इस संकल्प से ग्रामीणों में खुशी और उत्साह का माहौल था। उन्होंने सभी ग्रामीणों से एकजुट होकर विकास कार्यों में सहयोग करने का आह्वान किया। इस मौके पर स्थानीय प्रखंड अध्यक्ष देवकुमार सिंह, जिप सदस्य सरिता देवी, उपप्रमुख संजय गुप्ता, पंचायत एवं युवा नेता भी उपस्थित रहे। गणेश पूजन के आयोजन समिति के अध्यक्ष अनुज कुमार दांगी ने विधायक को अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। पूरे क्षेत्र में इसी गांव में गणेश महोत्सव आयोजित किया जाता है, जिससे इसकी विशेष महत्वता है।

### पत्थलगड़ा में भव्य गणेश महोत्सव का आगाज, कलश यात्रा निकाली गई

**पत्थलगड़ा (चतरा)।** नावाडीह, बरवाडीह, सिंघानी, तेतरिया और नोनगांव में गणेश महोत्सव का विधिवत शुभारंभ हुआ। भव्य कलश यात्रा आयोजित की गई, जिसमें जिप अध्यक्ष ममता कुमारी, सांसद प्रतिनिधि आशीष दांगी सहित कई प्रमुख लोग शामिल हुए। कलश यात्रा के बाद मंदिर परिसर में विधिवत पूजा-अर्चना हुई। सिमरिया विधायक कुमार उज्जवल दास ने फीता काट कर समारोह का उद्घाटन किया। बरवाडीह में भक्ति जागरण और प्रभात फेरों के साथ यह पर्व उत्साह के साथ मनाया गया।

### गिद्धौर में सार्वजनिक जमीन पर हो रहा अतिक्रमण, ग्रामीणों ने लिया ऐक्शन

**गिद्धौर (चतरा)।** रामसागर आहर के पास सार्वजनिक जमीन पर हो रहे अतिक्रमण को लेकर ग्रामीणों ने बैठक की। बैठक की अध्यक्षता कांशी राम दांगी ने की, जिसमें लोगों ने चर्चा कर जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराने का फैसला लिया। उन्होंने अतिक्रमण से जुड़े योधी दांगी, प्रकाश दांगी और प्रणाय दांगी को चेतावनी दी कि वे जल्द ही कब्जा हटाएं, अन्यथा समाज के लोग अंचलाधिकारी के पास शिकायत देंगे।

### गिद्धौर थाना क्षेत्र से अवैध पत्थर लदा ट्रैक्टर जब्त

गिद्धौर (चतरा)। वन विभाग और पुलिस अधिकारियों के संयुक्त छापे के दौरान गुप्त सूचना के आधार पर बिना अनुमति के अवैध पत्थर लादे ट्रैक्टर को जब्त किया गया। ट्रैक्टर कटकमसांडी क्षेत्र का बताया गया। पुलिस ने इसे खनन विभाग को चालान के लिए सौंप दिया है और आगे की कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इस अभियान में जिला खनन पदाधिकारी, थाना प्रभारी शिवा यादव और अन्य पुलिस कर्मी शामिल थे।

## महिलाओं ने पति की लंबी उम्र व अखंड सुहाग के लिए रखा निर्जला उपवास



**नवीन मेल संवाददाता**

**बारियातू।** प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों में बुधवार को सुहागिन महिलाओं ने हरितालिका तीज व्रत श्रद्धा और आस्था के साथ किया। महिलाओं ने 24 घंटे निर्जला उपवास रखते हुए शिव-पार्वती की पूजा-अर्चना की और पति की लंबी उम्र की कामना की। रामजानकी मंदिर परिसर में पूजारी पंडित जनार्दन पांडेय ने कहा कि यह वही व्रत है जब माता पार्वती ने भगवान शिव को पाने के लिए कठोर तपस्या की थी। मान्यता है कि इस व्रत को करने से अखंड सुहाग की प्राप्ति होती है और परिवार में सुख-समृद्धि बनी रहती है।

## रोज़गार की तलाश में निकले युवक की हादसे में मौत

- **तेलंगाना से लौटते समय आंध्र प्रदेश में हादसा, आर्थिक मदद का भरोसा**

**नवीन मेल संवाददाता**

**महुआडांड़।** नेतरहाट क्षेत्र के गढबुढनी गांव निवासी समरा नगेसिया (32 वर्ष) की मंगलवार को ट्रेन से गिरने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, समरा अपने दोस्तों के साथ रोज़गार की तलाश में केरल जा रहा था। बीच रास्ते दोस्तों से बिछड़ने के बाद वह अकेले ही सफर कर रहा था। इस दौरान आंध्र प्रदेश के नीलूर जिले के कवाली स्टेशन पर वह ट्रेन से गिर पड़ा और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। समरा अविवाहित था और भाइयों में सबसे छोटा था। पिता की मृत्यु 9 वर्ष पूर्व हो चुकी थी, इसलिए परिवार की जिम्मेदारी उसी पर थी। परिजनों की खराब आर्थिक स्थिति के कारण शव लाना भी मुश्किल हो रहा है। सूचना मिलते ही उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता और विधायक रामचंद्र सिंह ने परिवार को आर्थिक मदद और शव को घर लाने के लिए हर संभव सहायता का आश्वासन दिया है।

### बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का निरीक्षण बीडीओ ने किसानों को योजना से जोड़ने का दिया निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमरिया (चतरा)।** सिमरिया प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में बीडीओ चंद्र देव प्रसाद ने बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की प्रगति का निरीक्षण किया। उन्होंने कर्मचारियों को निर्देश दिया कि वे अधिक से अधिक किसानों को योजना से जोड़ें और उन्हें इसके लाभों के बारे में जागरूक करें। बीमा योजना किसानों को फसलों की सुरक्षा में मदद करती है और किसान इस योजना से आर्थिक संकट से बच सकते हैं। बीडीओ ने कहा कि योजना का सफल क्रियान्वयन किसानों के समृद्धि और क्षेत्रीय कृषि विकास के लिए आवश्यक है। बीडीओ के साथ प्रभारी बीटीएम राजेश कुमार भी निरीक्षण में मौजूद थे।

### बेतला में फुटबॉल टूर्नामेंट का भव्य शुभारंभ

## खेल को खेल की भावना से खेलें व क्षेत्र का नाम रोशन करें : तेतर



**नवीन मेल संवाददाता**

**बेतला (लातेहार)।** बरवाडीह प्रखंड क्षेत्र के छिपादोहर स्थित युवा आदिवासी स्पोर्ट्स क्लब मतनाग में बुधवार को फुटबॉल टूर्नामेंट का रंगारंग शुभारंभ हुआ। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता तेतर यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे और उन्होंने फीता काटकर टूर्नामेंट का विधिवत शुभारंभ किया। उद्घाटन भाषण में तेतर यादव ने खिलाड़ियों को खेलों में बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया और युवाओं को पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में रुचि बढ़ाने की सलाह दी। उन्होंने कहा, खेल को खेल की भावना से खेलें और क्षेत्र का नाम रोशन करें। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में खेल प्रेमी और स्थानीय लोग मौजूद थे। टूर्नामेंट के अध्यक्ष अजय तिर्की, कांग्रेस युवा मंडल अध्यक्ष कौशल यादव सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

### शहीदों के नाम फुटबॉल टूर्नामेंट की तैयारी, कमेटी ने बैठक कर योजनाएं बनाई

**पत्थलगड़ा (चतरा)।** अमर शहीद मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट 2025 के सफल आयोजन के लिए कमेटी की बैठक हुई। अध्यक्ष जिला परिषद सदस्य रामसेवक दांगी और सहसंयोजक पूर्व मुखिया राजेंद्र प्रसाद की अध्यक्षता में आयोजनों को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। इस बार 32 टीमों के भाग लेने की योजना है, और विजेताओं को नकद पुरस्कार और सम्मान दिया जाएगा। विधायक कुमार उज्जवल दास, पूर्व विधायक किशुन दास, भाजपा जिला अध्यक्ष रामदेव सिंह और अन्य गणमान्य व्यक्ति बैठक में उपस्थित थे।

### गणपति बप्पा मोरिया की गूंज, जिलेभर में पंडालों में विराजे गणेश, श्रद्धालुओं में उमंग



**लातेहार।** गणेश चतुर्थी के अवसर पर जिलेभर में गणपति बप्पा की स्थापना वैदिक मंत्रोच्चार और पूजा-अर्चना के बीच की गई। जिला मुख्यालय से लेकर गांव-गांव तक पूजा पंडालों में श्रद्धालुओं की भीड़ रही। ठाकुरबाड़ी गणेश उत्सव समिति की ओर से तीन दिवसीय महोत्सव का शुभारंभ किया गया। समिति अध्यक्ष रविनाथ और संरक्षक राजेश गुप्ता ने बताया कि पूजा के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे।

### ठाकुरबाड़ी महावीर मंदिर में विशाल भंडारे का आयोजन, हजारों श्रद्धालुओं ने पाया प्रसाद



**लातेहार।** शहर के ठाकुरबाड़ी महावीर मंदिर परिसर में बुधवार को गणेश पूजा श्रद्धा और धूमधाम से आयोजित हुई। पूजा-अर्चना के बाद आयोजित विशाल भंडारा में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। समिति अध्यक्ष निर्मल महलका ने बताया कि ऐसे आयोजन आपसी भाईचारे और धार्मिक आस्था को मजबूत करते हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति सदस्य राजेश अग्रवाल, विशाल अग्रवाल, पवन गुप्ता, बृजेश गुप्ता सहित अनेक लोगों की भूमिका सराहनीय रही।

### गणपति बप्पा की प्रतिमा विराजी, भव्य पंडाल का उद्घाटन

# अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में हुआ शुभारंभ, आर्यन संघ कर रहा है आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**




**महुआडांड़ (लातेहार)।** भादो मास की गणेश चतुर्थी के अवसर पर महुआडांड़ प्रखंड मुख्यालय स्थित बाजार शिव मंदिर परिसर में इस वर्ष भी आर्यन संघ द्वारा गणेश पूजा का आयोजन उत्साह और श्रद्धा के साथ किया जा रहा है। बुधवार को भव्य पंडाल का उद्घाटन अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) बिपिन दुबे, थाना प्रभारी मनोज कुमार और महिला थाना प्रभारी सुशीला केशरी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।

पूजा पंडाल का शुभारंभ पंडित राजेश पाठक द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार और अनुष्ठान से हुआ। इसके बाद नारियल फोड़कर सामूहिक रूप से पूजा संपन्न की गई। मौके पर अतिथियों को अंग वस्त्र भेंटकर सम्मानित भी किया गया।

इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों में इंद्रदेव रजवार, मोहन जायसवाल, महेंद्र जायसवाल, प्रदीप जायसवाल, उत्तम कुमार और द्वारिका प्रसाद समेत अनेक लोग शामिल रहे।

आर्यन संघ के संयोजक पंकज दास बाबू ने बताया कि यह आयोजन लगातार दस वर्षों से किया जा रहा है। इस वर्ष आकर्षक पंडाल, भव्य लाइटिंग और 101 किलो लड्डू का भोग आयोजन की खासियत है। उन्होंने बताया कि पूजा सात दिनों तक चलेगी और इसके दौरान धार्मिक अनुष्ठानों के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम और एक दिन विशाल भंडारा भी होगा। संघ के अभिषेक कुमार, अमित पांडेय, विकास कुमार भोला, सत्यम कुमार, हंस कुमार, निकेश कुमार व अन्य युवाओं की सक्रिय भूमिका सराहनीय रही।

### चंदवा में धूमधाम से मनाई गई गणेश चतुर्थी



**चंदवा।** थाना टोली इलाके के पतंजलि अरोग्य केंद्र स्थित लक्ष्मी निवास में श्री गणेश चतुर्थी उत्सव बुधवार को बड़े उल्लास के साथ मनाया गया। मंदिर में भगवान गणेश की स्थापना कर वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पूजा-अर्चना की गई। पुरोहित पंडित आदित्य पाठक के नेतृत्व में पूजा संपन्न हुई। यजमान प्रीतम दुबे परिवार सहित अन्य ने श्रद्धा पूर्वक भाग लिया। इसके अलावा सिद्धिविनायक मंदिर, एसबीआई के पास भी पूजा की गई। संध्या में पतंजलि परिसर में भजन संध्या आयोजित हुई, जिसमें श्रद्धालुओं ने जमकर भक्ति गीत गाए। शुक्रवार को हवन के बाद गणेश विसर्जन कार्यक्रम होगा।

## कांग्रेस की मजबूत नींव गांव-गांव तक, संगठन सृजन वर्ष 2025 की गूंज

# कांग्रेस केवल पार्टी नहीं, यह जनता की धड़कन है : के राजू

नवीन मेल संवाददाता




**लोहरदगा।** जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष सुखैर भगत के नेतृत्व और प्रखंड अध्यक्ष तनवीर गौहर की अध्यक्षता में संगठन सृजन वर्ष 2025 के तहत कुडू प्रखंड के ग्राम पंचायत ककड़गढ़ एवं सुंदरू पंचायत में एक सफल कार्यक्रम का आयोजन हुआ। पंचायत कमिटी का भौतिक सत्यापन एवं प्रमाण पत्र वितरण किया गया। केंद्र सरकार के खिलाफ "वोट चोर – गद्दी छोड़" का खूब नारा लगाया गया। वर्तमान देश की लचर व्यवस्था पर तीखी चर्चा और वोट के अधिकार पर विशेष जोर दिया गया। मौके पर प्रदेश प्रभारी के. राजू ने कहा कि "कांग्रेस केवल पार्टी नहीं, यह जनता की धड़कन है।" आज केंद्र में बैठी सरकार आम आदमी को हाशिए पर धकेल रही है।

कांग्रेस का हर कार्यकर्ता गांव-गांव तक जनता की आवाज पहुंचाने का काम करेगा। गरीब, किसान, मजदूर और युवाओं की उम्मीदें फिर से कांग्रेस से जुड़ी हैं। "वोट का अधिकार छीनने की कोशिश लोकतंत्र पर हमला है और कांग्रेस इसे कभी बर्दाश्त नहीं करेगी।" उन्होंने कहा कि पंचायत संगठन हमारी ताक़त है और यही ताकत देश को नई दिशा देगी। सह प्रभारी डॉ सीरि बेला प्रसाद ने कहा कि कांग्रेस की जड़ें गांव और पंचायत से ही मजबूत होती हैं। आदिवासी और किसान कांग्रेस की आत्मा हैं। देश की मौजूदा नीतियों ने जनता को निराश किया है, लेकिन कांग्रेस ही विकल्प है। प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश उन्होंने कहा कि संगठन सृजन वर्ष 2025 केवल कार्यक्रम नहीं, बल्कि जनआंदोलन है। पंचायत कमिटी कांग्रेस का किला है, जिसे और मजबूत करना होगा। हर कार्यकर्ता को जनता की समस्या सुनकर पार्टी तक पहुंचानी होगी।

आज देश को सच्चे नेतृत्व की आवश्यकता है। कांग्रेस वही नेतृत्व देने में सक्षम है। प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा कि झारखंड की अस्मिता और अधिकारों की रक्षा कांग्रेस ही कर सकती है। कांग्रेस कार्यकर्ता जनता की उम्मीद हैं। पर्यवेक्षक सह प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर ने कहा कि पंचायत कमिटी संगठन की रीढ़ है। हर कार्यकर्ता कांग्रेस का सिपाही है। जिला अध्यक्ष सुखैर भगत उन्होंने कहा कि लोहरदगा कांग्रेस पूरी मजबूती के साथ जनता के बीच खड़ी है। पंचायत से लेकर जिला तक संगठन की एकजुटता हमारी असली ताक़त है।

मौके पर सुमित शर्मा, कार्यकारी जिला अध्यक्ष शकील अहमद, रांची ग्रामीण जिला अध्यक्ष राकेश किरण महतो, प्रदेश प्रतिनिधि नेसार अहमद, सांसद प्रतिनिधि साजिद अहमद चंगू, जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी भगत, जिला पर्यवेक्षक डॉ. राजेश गुप्ता, जिला महासचिव मोहन दुबे, साहिद अहमद बेलू, पवन गौतम, सलीम अंसारी (बड़े), सदरुल अंसारी, प्रकाश उरांव, संदीप गुप्ता एवं अनामिका सरकार, प्रखंड पर्यवेक्षक निशीथ जायसवाल, विशाल डूंगडंग, संतोष महतो, राजू उरांव, ऐनुल अंसारी, समेत अन्य उपस्थित रहे।

## लकड़ी माफिया पर वन विभाग की कार्रवाई

# 50 हजार की इमारती लकड़ी जब्त, आरोपी फरार




नवीन मेल संवाददाता

**सेन्हा।** वन विभाग की टीम ने अवैध लकड़ी कारोबारियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए मंगलवार देर शाम छापेमारी अभियान चलाकर करीब 50 हजार रुपये मूल्य की इमारती सखुआ की लकड़ी जब्त की। कार्रवाई के दौरान लकड़ी माफिया लकड़ी छोड़कर मौके से फरार हो गए। मामला सेन्हा थाना क्षेत्र के आरा गांव का है। मिली जानकारी के अनुसार, गुप्त सूचना पर डीएफओ अभिषेक कुमार के निर्देश पर गठित विशेष टीम ने छापेमारी की। इस दौरान माफिया सखुआ की चौपहल को बाहर ले जाने की तैयारी कर रहे थे। वन विभाग ने सक्रियता दिखाते हुए लकड़ी को जब्त कर लिया। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि पठारी क्षेत्र में लंबे समय से लकड़ी माफिया सक्रिय हैं। लगातार मिल रही सूचनाओं के आधार पर बीते रात छापेमारी कर लकड़ी बरामद की गई। फिलहाल जब्त लकड़ी को वन कार्यालय परिसर में सुरक्षित रखा गया है और अज्ञात लकड़ी माफियाओं के खिलाफ विभागीय कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

### कैरो में अवैध लकड़ी लदा ट्रक जब्त, केस दर्ज

**कैरो।** कैरो थाना क्षेत्र के उतका कब्रिस्तान के पास से वन विभाग की टीम ने मंगलवार शाम अवैध रूप से लकड़ी लदे एक दस चक्का ट्रक को जब्त किया। ट्रक में युकिलिप्टस, शिशम, चकुंडी समेत 38 बोटा लकड़ी लदी हुई थी। विभागीय टीम को देखकर ट्रक चालक और बोटा लाद रहे केरानी मौके से फरार हो गए। जब्त ट्रक को रेंज ऑफिस लाकर सुरक्षित रखा गया है। वन विभाग ने इस संबंध में आवश्यक विभागीय केस दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई शुरू कर दी है। उल्लेखनीय है कि हाल के दिनों में जिले में लकड़ी माफियाओं के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। प्रशासन और वन विभाग की संयुक्त कार्रवाई से अवैध कारोबारियों में हड़कंप मचा हुआ है। छापामारी अभियान में कुडू वन प्रक्षेत्र के प्रभारी वनपाल विपिन टोप्पो, वनरक्षी पंकज सिंह, गौतम राम, कैरो थाना एएसआई रविन्द्र बैठा, वाचर दिलमोहन राम, जैनुल आंसरी और रिजवान आंसरी शामिल थे।

## गणेश चतुर्थी पर भगवान श्री गणेश की हुई पूजा, उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

# गणेशोत्सव को लेकर जिले में धार्मिक माहौल

नवीन मेल संवाददाता



**लोहरदगा।** रिद्धि सिद्धि के दाता श्री गणेश चतुर्थी उत्सव बुधवार से शुरू हो गई है जो अगले दस दिनों तक चलेगा। भाद्रपद शुक्लपक्ष चतुर्थी को विध्नविनायक भगवान गणेश का जन्मदिन मनाया जाता है। इस दिन को भक्त गणेशोत्सव के रूप में मनाते हैं। गणेश चतुर्थी के अवसर पर लोहरदगा शहरी क्षेत्र में लगभग एक दर्जन व पूरे जिले में लगभग चार दर्जन स्थानों पर भगवान श्री गणेश की भव्य प्रतिमाएं स्थापित की गई। पूरा लोहरदगा भगवान श्री गणेश की आराधना में डूबा गया है। लोहरदगा के पूजा पंडालों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। राणा चौक, बड़ा तालाब, किस्को मोड़, पतराटोली, बसारटोली, कृषि मार्केट समेत सेन्हा, कुडू, भंडरा, किस्को पूजा पंडाल में विद्युत सज्जा देखने लायक है। दस दिवसीय गणेशोत्सव को लेकर शहर में धार्मिक माहौल है। जिस तरह बंगाल में दुर्गा पूजा का प्रचलन है। उसी तरह महाराष्ट्र में गणेशोत्सव घर-घर मनाया जाता है। दुर्गा पूजा और गणेशोत्सव अब भारत के सभी शहरों में आयोजित हो रहा है। इससे हमारी संस्कृति और परम्परा प्रबल हो रही है। अगले दस दिनों में विध्नविनायक भगवान गणेश की पूजा- अर्चना इन्ही दस नामों की होगी। ऐसी मान्यता है कि भगवान गणेश की इन दस नामों का रोजाना स्तुति करते है। उनका समस्त विध्न और बाधा दूर हो जाता है। किस्को मोड़ शांति नगर में आकर्षक विद्युत सज्जा और भव्य पंडाल सबको आकर्षित कर रहा है। शहर का पूरा माहौल धार्मिक हो गया है। देर रात तक गणेश प्रतिमा पंडालों में भक्तों की भीड़ जुटी रही। पंडित रामाधार पाठक का कहना है कि शुभ नक्षत्र में श्री गणेश का आगमन सर्वत्र शुभ फल प्रदाता माना गया है। उन्होंने बताया कि चतुर्थी तिथि के देवता भगवान गणेश हैं, जो रिद्धि-सिद्धि प्रदान करते हैं। बृहस्पति जिन्हें ज्ञान का प्रदाता माना गया है। वायु देवता जो मनुष्य में पंच प्राण को संतुलित रखते हैं। इस दृष्टि से ज्ञान बुद्धि का संतुलन कार्य में सिद्धि प्रदान करता है। वहीं, गुरु स्वाति योग में दस दिवसीय गणेशोत्सव में विधिवत पूजा मानोवांछित फल प्रदान करने वाला होता है। रिद्धि सिद्धि के दाता भगवान श्रीगणेश की स्थापना करने से घर-परिवार में सुख-समृद्धि का वास होता है।

### देवस्थल में पधारे गजानन, विधिवत पूजन शुरू



**लोहरदगा।** जिले में गणपति उत्सव का त्योहार बड़े ही हर्षोल्लास के साथ शुरू हुआ। देवस्थल शांति नगर किस्को मोड़ में विधिवत धार्मिक अनुष्ठान के साथ पुरोहित सूरज मिश्रा ने जजमान राजीव रंजन पंकज साहू व अन्य यजमान ने मूर्ति स्थापना की पूजा संपन्न की। इसके पश्चात पूरे दिन पूजन का कार्यक्रम चलता रहा। वैदिक मंत्रोच्चार से वातावरण गुंजायमान रहा। संध्या में पूजा पंडाल में महाआरती का आयोजन किया गया। जिसमे मोहल्ले पुरुष महिला के साथ जिले के बप्पा के भक्तो ने भाग लिया और जिले के समृद्धि शांति के लिए सामूहिक रूप से प्रार्थना किया।

### राणा चौक में गणेशोत्सव भक्ति व उल्लास के साथ मनाया गया



**लोहरदगा।** बुधवार को विघ्नहर्ता भगवान गणेश की भक्ति में सराबोर रहा। गणेश महोत्सव के तहत राणा चौक, बाल्मीकि नगर, गुदरी बाजार, अमला टोली, शांति नगर समेत आधा दर्जन से अधिक स्थानों पर प्रथम पूज्य गणपति महाराज की प्रतिमा स्थापित कर पूजा-अर्चना की गई। सबसे ज्यादा आकर्षण का केंद्र राणा चौक रहा, जहाँ दोपहर करीब 12 बजे गणपति बप्पा की प्रतिमा स्थापित कर विधिवत पूजा-अर्चना की गई। पूजा पंडाल को दूधिया प्रकाश और रंग-बिरंगी लड़ियों से भव्य रूप दिया गया, जिसमें सनातन संस्कृति और परंपरा का सुंदर समावेश झलकता दिखा।भजन-कीर्तन और मंगल गीतों से वातावरण भक्तिमय हो गया। कहीं तीन, कहीं पांच और कहीं सात दिनों तक गणपति बप्पा विराजमान रहेंगे। पंडालों में बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक, महिलाओं से लेकर युवाओं तक हर वर्ग के लोग उत्साहपूर्वक पूजा-अर्चना और आराधना करते नजर आए।

### सेन्हा में धूमधाम से मनाया जा रहा गणेश चतुर्थी महोत्सव



**सेन्हा।** प्रखंड क्षेत्र के राम नगर में गणेश चतुर्थी का पर्व श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ धूमधाम से मनाया जा रहा है। गणेश प्रतिमा की स्थापना के बाद सुबह से ही श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर प्रथम पूज्य विघ्नहर्ता भगवान श्री गणेश से सुख-शांति और समृद्धि की मंगलकामना की। भक्तों ने पुष्प, अक्षत, चंदन, सिंदूर, रोली, लड्डु और केला अर्पित कर भगवान गणेश की आराधना की। बच्चों से लेकर बुजुर्ग और महिलाओं में भी उत्साह का माहौल देखा गया। पूजा स्थल पर "गणपति बप्पा मोरया" के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। आयोजन समिति के अध्यक्ष रोहित साहू ने बताया कि पूजा के पश्चात भक्ति जागरण का आयोजन किया गया है। गुरुवार को भव्य भंडारा होगा जबकि शुक्रवार को धूमधाम के साथ प्रतिमा विसर्जन किया जाएगा।इस मौके पर मिथलेश मिश्रा, अवध किशोर साहू, सार्थक, अक्षत, अजीत महतो, रवि साहू, बृजमोहन प्रसाद सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

### नवयुवक संघ समिति ने धूमधाम से मनाया गणेश पूजा



**भंडरा।** प्रखंड में नवयुवक संघ गणेश पूजा समिति भंडरा द्वारा गणेश चतुर्थी के उपलक्ष्य में गणेश पूजा का आयोजन किया गया है। कमिटी द्वारा पूजा पंडाल का निर्माण कराया गया है। गणेश पूजा पंडाल का उद्घाटन थाना प्रभारी अरविंद सिंह, मुखिया परमेश्वर महाली, संजय खत्री ने संयुक्त रूप से नारियल फोड़कर किया मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे थाना प्रभारी अरविंद सिंह ने कहा कि भंडरा प्रखंड में नवयुवकों द्वारा इस तरह भव्य पंडाल का निर्माण कर गणेश पूजा का आयोजन करना काफी सराहनीय है इस दौरान उन्होंने नवयुगों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि युवा पीढ़ी भारत के भविष्य है किसी भी क्षेत्र में अगर युवाओं का साथ मिल जाए तो वह का आसान बन जाता है साथी उन्होंने नवयुवक संघ दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष श्रीकांत युवराज, उपाध्यक्ष विवेक यादव, कोषाध्यक्ष अमर कुमार साहू को शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर कई बिंदुओं पर आवश्यक निर्देश दिए। मौके पर सान्याल यादव , मनीष यादव सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## अवैध खनन पर प्रशासन की कार्रवाई

# दो हाइवा व एक ट्रैक्टर जब्त

नवीन मेल संवाददाता






**सेन्हा।** प्रखंड प्रशासन ने अवैध बालू परिवहन और पत्थर खनन के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की है। अंचलाधिकारी पंकज कुमार भगत और थाना प्रभारी वारिश हुसैन के नेतृत्व में पुलिस बल के साथ छापामारी अभियान चलाया गया। इस दौरान झालजमीरा पथ से बिना नंबर का बालू लदा ट्रैक्टर जब्त किया गया। वहीं कलेहपाट चौक से चिप्स लदे दो हाइवा (वाहन संख्या जेएच-13जे-8633 और जेएच-13जे-8214) को भी पकड़ा गया। जब्त वाहन वर्तमान में सुरक्षित सेन्हा थाना परिसर में रखे गए हैं। अंचलाधिकारी पंकज कुमार भगत ने बताया कि एक ट्रैक्टर और दो हाइवा को जब्त किया गया है। हाइवा में क्षमता से अधिक चिप्स लोड था। सभी वाहनों पर जिला सहायक खनन पदाधिकारी द्वारा चालान जांच कर आगे विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी।

### पंचमुखी हनुमान मंदिर का वार्षिकोत्सव मना, भंडारे में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



**लोहरदगा।** लोहरदगा गुमला मुख्यपथ के बीआईडी स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर का वार्षिकोत्सव बुधवार को धूमधाम से मनाया गया। वही गणेश चतुर्थी होने के कारण गणेशोत्सव भी मनाया गया। इस अवसर मंदिर में पूजा पाठ के बाद भव्य भंडारा का आयोजन किया गया। सुबह से ही पूजा अर्चना शुरू हो गई थी। पंचमुखी हनुमान मंदिर के वार्षिकोत्सव के अवसर पर राम चरित मानस, सुंदरकांड आदि का अखंड पाठ किया गया। अखंड पाठ के बाद मंदिर परिसर में हवन यज्ञ का आयोजन हुआ। जिसमें लोक कल्याणार्थ मंदिर कमेटी के सदस्यों, नगर के समाज सेवियों व भक्तों ने वेद मंत्रोच्चारण के साथ आहुतियां अर्पित की। पुरोहितो ने कहा कि मनुष्य के जीवन में यश कृति सुख समृद्धि व शांति के लिए भगवान का पूजा आराधना जरूरी है। भगवान हनुमान के गुणगान से पूरे वातावरण में शुद्धता आ जाती है। वही दोपहर के बाद भंडारा का प्रसाद वितरण हुआ। सबसे पहले भगवान हनुमान को भोग का प्रसाद लगाया गया। वही पूड़ी सब्जी, सेव, चटनी, बुंदिया आदि का भी भोग भगवान को लगाया गया। इसके बाद पुरोहितो को भंडारे का प्रसाद खिलाया गया। इसके बाद आम जनता के लिए प्रसाद शुरू किया गया। मंदिर के वार्षिकोत्सव का भंडारा का प्रसाद खाने के लिए लोगो की भीड़ उमड़ पड़ी। लोग कतारबद्ध होकर भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। इधर पंचमुखी हनुमान मंदिर में वार्षिकोत्सव के मौके पर विशेष पूजन अर्चन किया गया। इस दौरान जय श्री राम के नारों से पूरा मंदिर परिसर गूंज उठा। वहीं इस अवसर पर मंदिर परिसर को बहुत ही मनमोहक एवं आकर्षक तरीके से कृत्रिम एवं वास्तविक फूलों तथा लाल पताकों से सजाया गया था। जय श्री राम एवं जय हनुमान के नारों से पूरा मंदिर परिसर गुंजायमान हो रहा था। इधर देर शाम तक भंडारे में दूर दराज से भारी संख्या में आए भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।

# ऑल्टो वैन की टक्कर में दो युवक गंभीर रुप से घायल

नवीन मेल संवाददाता



**भंडरा।** भंडरा-लोहरदगा मुख्य पथ भंडरा थाना क्षेत्र के मैना बगीचा के समीप अज्ञात ऑल्टो वैन की टक्कर में दो लोग गंभीर रुप से घायल हो गए। जिससे स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता बालकृष्णा सिंह द्वारा भंडरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि गुमला जिले के घाघरा थाना क्षेत्र अंतर्गत सासो जांगरा टोली गांव निवासी कार्तिक उरांव के पुत्र ललकु उरांव (25 वर्ष) अपने दोस्त स्वर्गीय बुधवा उरांव के पुत्र चरणदयाल उरांव (27 वर्ष) के साथ मोटर साइकिल से अपने रिश्तेदार के घर धोबाली गया हुआ था। इसी दौरान शाम को धोबाली से अपने घर घाघरा लौट रहा था। तभी भंडरा मैना बगीचा के समीप अज्ञात ऑटो ने टक्कर मार फरार हो गया। जिसमें ललकु उरांव का एक पैर कट गया। जिसे बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर किया गया। जबकि एक अन्य घायल चरणदयाल उरांव को प्राथमिक उपचार कर छुट्टी दे दिया गया।

### बारिश में गिरा गरीब विधवा का घर, हजारों का नुकसान

**भंडरा।** प्रखंड में लगातार हो रही बारिश ने प्रखंड बस्ती के थाना रोड की गरीब विधवा ललिता उरांव पति स्व ईश्वर उरांव के लिए मुश्किलें खड़ी कर दी हैं। उनका घर, जो पहले ही जर्जर स्थिति में था, बारिश के चलते ढह गया। इस हादसे में न केवल उनका आशियाना नष्ट हुआ, बल्कि खाने-पीने का सारा सामान भी बरबाद हो गया। परिवार को अब रहन-सहन के लिए गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ललिता उरॉंव के परिवार में उनके पुत्र के साथ मजदूरी कर किसी तरह जीवन यापन कर रही है। यह परिवार आर्थिक रूप से कमजोर है और यह हादसा उनके जीवन को और भी कठिन बना गया है। घर के गिरने के बाद परिवार को न केवल रहने की समस्या का सामना करना पड़ रहा है।

# सदर अस्पताल में चिकित्सकों की लापरवाही उजागर, डीसी के निर्देश पर देर से पहुंचे डॉक्टर

नवीन मेल संवाददाता



**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ. ताराचंद के स्पष्ट निर्देश के बावजूद लोहरदगा सदर अस्पताल में डॉक्टर समय पर ड्यूटी नहीं दे रहे हैं। इससे मरीजों को इलाज में भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है, खासकर महिलाओं और बच्चों को। बुधवार को अस्पताल परिसर में देखा गया कि डॉक्टर तय समय सुबह 9 बजे की बजाय दोपहर बाद पहुंचे। बच्चों के इलाज में देरी हुई, वहीं महिला रोग विशेषज्ञ भी दो घंटे देर करीब 11 बजे के आसपास ओपीडी पहुंची। देर से ड्यूटी पर आने के कारण मरीजों में नाराजगी देखी गई। इलाज के लिए पहुंचे मरीजों और उनके परिजनों ने अपनी पीड़ा बयां की। पीड़ित मरीज ने कहा- "मेरे बच्चे को तेज बुखार है। सुबह 9 बजे से लाइन में खड़े हैं, लेकिन डॉक्टर दोपहर तक नहीं आए। छोटे बच्चों को घंटों इंतजार कराना अमानवीय है।" वहीं एक अन्य मरीज के परिजन ने कहा- "महिला डॉक्टर के देर से आने से गर्भवती महिलाओं को काफी परेशानी हो रही है। डॉक्टरों की लापरवाही से मरीजों की जान खतरे में पड़ सकती है।" डॉक्टरों की इस ढिलाई से इलाज में देरी हो रही है और कई मरीज बिना इलाज लिए वापस लौटने को मजबूर हैं। लोगों ने नाराजगी जताते हुए कहा कि अगर समय पर इलाज न मिला तो किसी भी समय बड़ी दुर्घटना हो सकती है। गौरतलब है कि उपायुक्त ने अस्पताल प्रशासन को कड़े निर्देश दिए थे कि सभी चिकित्सक तय समय पर अपनी सेवाएं दें। इसके बावजूद स्थिति जस की तस बनी हुई है। मरीजों और परिजनों ने अस्पताल प्रशासन से कड़ी कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि डॉक्टरों पर अंकुश नहीं लगाया गया तो सदर अस्पताल की व्यवस्था पूरी तरह चरमरा जाएगी।

# भूमि विवाद ही आपराधिक विवादों की जड़ है : राजकमल




नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार लोहरदगा और ग्राम नियोजन केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में 27 अगस्त को व्यवहार न्यायालय परिसर स्थित सभा कक्ष में 47 अर्ध कानूनी स्वयंसेवकों को "भूमि साक्षरता विषय पर मॉड्यूल वन पर एक दिवसीय प्रशिक्षण" दिया गया। इस दौरान प्रशिक्षण का उद्घाटन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार लोहरदगा राजकमल मिश्रा, डालसा सचिव राजेश कुमार, एलएडीसीएस सहायक इंद्राणी कुजूर और ग्राम नियोजन केंद्र के इश्तेयाक अहमद ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। वहीं ग्राम नियोजन केंद्र के इश्तेयाक अहमद ने सभी अर्ध कानूनी स्वयंसेवकों को झारखंड में जमीन के प्रकार, जमीन की बुनियादी समझ, जमीन संबंधी कागजात, पंजी टू, केवाला कराते समय आवश्यक दस्तावेज, रेवेन्यू कोर्ट की संरचना, जमीन रजिस्ट्री के बाद नामांतरण आदि पर विस्तृत रूप से जानकारी दी। वहीं सहज रूप से जानकारी सुनिश्चित करने के लिए नाट्य मंचन के द्वारा तथ्यों को समझाया गया। इससे पूर्व उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए पीडीजे सह अध्यक्ष डालसा ने उम्मीद जताया कि पीएलवी को प्रशिक्षण देने के पश्चात उनके द्वारा जमीनी विवादों को सुलझाया जा सकेगा। क्योंकि आपराधिक विवादों के जड़ में भूमि विवाद ही अंतर्निहित होते हैं। वहीं प्रशिक्षण के दौरान डालसा सचिव राजेश कुमार एवं डिप्टी चीफ उमेश कुमार ने प्रतिभागियों के कई प्रश्नों के उत्तर दिए।

प्रशिक्षण में ग्राम नियोजन केंद्र के पम्मी, सीमा के अतिरिक्त अधिवक्ता सह मध्यस्त लाल धर्मेंद्र देव, पुन्नू देवी, गौतम लेनिन, रवि कुमार, मीना कुमारी, इजहार अहमद, जितेंद्र राम, छाया देवी, अनिता कर्मकार, दुखिता मिंज, मंजू खाखा, रोहित कुमार, धनेश्वर साहू, प्रभु दयाल पासी, शीत महतो, सुरेश प्रसाद, प्रियांशु यादव, सुनेश्वर उरांव, प्रियंका कुमारी, विशाल सोनी, जीत नारायण शाही, प्रभु चरण उरांव, वीरचंद उरांव, रेणु कुमारी, श्रीमती कुमारी, अजहर अहमद, शाहिद हुसैन, हफ़ीजुल अंसारी, अनिमा एक्का, प्रद्युमन सिंह, जयंती देवी, कलावती कुमारी, विकास ठाकुर, कलिंदर उरांव, पूजा देवी, निशा कुमारी, देवमणि कुमारी आदि उपस्थित थे।

## विचार-विमर्श

## जय श्रीराम समिति का विस्तार, अध्यक्ष सुनील अग्रवाल ने कहा-

# धर्म-संस्कृति का संरक्षण करना समिति का उद्देश्य

- संगठन को नई ऊर्जा व सशक्त दिशा देने पर हुई चर्चा

नवीन मेल संवाददाता



**लोहरदगा।** शहरी क्षेत्र के मुद्रिका बैंक्वेट हॉल में जय श्रीराम समिति की बैठक अध्यक्ष सुनील कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में हुई। जिसमें संगठन को नई ऊर्जा और सशक्त दिशा देने पर लंबी चर्चा हुई। इस दौरान सर्वसम्मति से पूर्व की कोर कमेटी को भंग कर नई संरक्षक एवं सलाहकार समिति के गठन का निर्णय लिया गया। बैठक में यह दोहराया गया कि जय श्रीराम समिति पूरी तरह धार्मिक और सामाजिक संगठन है। इसका मकसद सनातन धर्मावलंबियों को एकजुट कर उनके सांस्कृतिक, धार्मिक और सामाजिक मूल्यों का संरक्षण करना है। समिति न तो प्रत्यक्ष और न ही अप्रत्यक्ष रूप से किसी भी राजनीतिक दल के लिए कार्य करेगी। इससे पहले बैठक का शुभारंभ भगवान श्रीराम के जयघोष और मंत्रोच्चारण से हुई। निर्णय लिया गया कि आने वाले समय में समिति विभिन्न धार्मिक पर्वों, भजन-कीर्तन, रामायण मंडली, हवन-पूजन और सामाजिक सेवा कार्यों में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेगी। यह शपथ लिया कि संगठन धर्म और समाज की सेवा में पूरी निष्ठा के साथ कार्य करेगा। समिति का उद्देश्य सिर्फ धार्मिक उत्सवों तक सीमित न रहकर समाज के हर वर्ग को जोड़ना और सहयोग करना होगा।

समिति के अध्यक्ष सुनील अग्रवाल ने कहा कि समिति का उद्देश्य सनातन धर्मावलंबियों को एक मंच पर लाना, धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सक्रिय भूमिका निभाना, राजनीतिक हस्तक्षेप से दूरी बनाकर रखना और सामाजिक सौहार्द और सेवा भावना का प्रसार करना है। इसके साथ बैठक में धार्मिक पर्वों पर समिति की सक्रिय भागीदारी निभाने, सांस्कृतिक जागरूकता अभियान शुरू करने, वंचित तबकों की सेवा हेतु सहयोगी कार्यक्रम करने और शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में जनहितकारी पहल करने का निर्णय लिया गया। वही संरक्षक समिति में समाज के प्रबुद्धजनों को जगह दी गई है। इनमें राजेंद्र खत्री, ओम सिंह, विनोद राय, लाल ओंकारनाथ शाहदेव, सुषमा सिंह, रमेश उरांव, शिव दयाल साहू, परमेश्वर साहू, रितेश साहू, सूरज अग्रवाल, अजय पंकज, मोहन दुबे, प्रेम किशोर प्रजापति, गुप्तेश्वर प्रसाद गुप्ता, राजीव रंजन, आरके सिन्हा, सुमित राय, संतोष लकड़ा, कन्हैया करूवा, रमेश साहू, संजय नायक और मनोज गुप्ता का नाम शामिल है। सलाहकार समिति को संगठन की रीढ़ बताते हुए इसमें डा. टी. साहू, विनोद कुमार सोनी, आनंद पांडे, मनोज साहू, रोहित साहू, हरिओम प्रजापति, अशोक साहू, अशोक रजक, दीपक सर्राफ, महावीर साहू, कंवलजीत सिंह, नागेंद्र प्रजापति, देवेंद्र साहू, छोटू लाल यादव, हेमंत वर्मा, उदय सिंह, कमला देवी, विवेक कुमार और लाल गुड्डू नाथ शाहदेव को शामिल किया गया। समिति के सदस्य संगठन की गतिविधियों की दिशा तय करेंगे और मार्गदर्शन प्रदान करेंगे।

## चरका टांगर जामटोली में व्यक्ति ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**गुमला।** सदर थाना क्षेत्र के बृन्दा पंचायत अंतर्गत चरका टांगर जामटोली गांव निवासी 50 वर्षीय बनिया उरांव ने मंगलवार की रात घर के सामने आम के पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। बुधवार की सुबह फुटबॉल खेलने जा रहे लड़कों की नजर व्यक्ति पर पड़ी इसके बाद लड़के घटना की सूचना मृतक के घर वालों को दिए वहीं बिंदा पंचायत की मुखिया सत्यवती देवी ने गुमला थाना को फोन कर घटना की जानकारी दी। गुमला थाना के एस आई मिंटू कुमार घटना स्थल पहुंचे और शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल भेज दिया। परिजनों ने बताया मृतक अक्सर शराब का नशा करता था पूर्व में भी वह घर में फांसी लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया था। लेकिन दिन होने के कारण उसे बचा लिया गया था। बीती रात को खाना पीना खाकर घर में सभी सोए हुए थे, तभी वह घर से निकल गया और आत्महत्या कर ली बुधवार को 2:00 बजे सदर अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया।

## जूते की दुकान से 45 हजार की चोरी

**गुमला।** शहर में चोरी की वारदातें थमने का नाम नहीं ले रही हैं। ताज़ा मामला सदर थाना क्षेत्र के थाना रोड, मधुबाला गली की जूते की दुकान से सामने आया है, जहाँ दुकान का ताला तोड़कर करीब 45 हज़ार रुपये नकद चोरी कर लिए गए। दुकान मालिक सिसई रोड निवासी सऊद जफर उर्फ आरिफ ने घटना की शिकायत गुमला थाना में लिखित रूप में दर्ज कराई और कार्रवाई की मांग की। उन्होंने बताया कि 26 अगस्त की रात लगभग 8:55 बजे उन्होंने रोज़ की तरह दुकान बंद की थी। अगले दिन सुबह जब वह दुकान खोलने पहुंचे तो शटर का एक ताला गायब मिला और दुकान खुली हुई थी। अंदर जाकर देखा गया तो कैश काउंटर से 45 हज़ार रुपये गायब थे। सबसे अहम बात यह है कि पीड़ित ने चोरी का शक अपने ही स्टाफ सदस्य समीर पर जताया है। घटना वाली रात दुकान की चाबी समीर के पास थी और उसने शटर बंद करने के बाद चाबी लौटाई थी। 27 अगस्त को वह दुकान पर नहीं आया, जिससे संदेह और बढ़ गया।

# गणेश पूजा की रही धूम, भव्य पंडालों व रोशनी से सजा नगर

नवीन मेल संवाददाता

**गुमला।** जिले में इस वर्ष गणेश पूजा बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा-भक्ति के साथ मनाई जा रही है। विभिन्न पूजा समितियों की ओर से ऋद्धि-सिद्धि के दाता भगवान श्रीगणेश की भव्य प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। जगह-जगह आकर्षक पंडाल बनाए गए हैं, जहां विधि-विधान से पूजा-अर्चना की जा रही है।

गणेश प्रतिमाओं की स्थापना के साथ ही पूरे नगर में भक्ति और उल्लास का माहौल छा गया है। सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ पंडालों में उमड़ रही है। भक्तजन भगवान गणेश के चरणों में प्रसाद, फूल और नारियल अर्पित कर सुख-समृद्धि की कामना कर रहे हैं। पूजा समितियों की ओर से भक्तों के लिए विशेष व्यवस्थाएँ की गई हैं। कहीं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की तैयारी हो रही है तो कहीं भजन-कीर्तन का आयोजन किया जा रहा है। बच्चों और युवाओं में उत्साह देखते ही बनता है।

डीएसपी रोड स्थित ज्योति संघ परिषद में ब्लू डायमंड समिति ने अपने 35 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में भव्य पंडाल का निर्माण किया है। पूरे पंडाल को फूलों और रंग-बिरंगी विद्युत सजावट से आकर्षक रूप दिया गया है। वहीं बड़ा दुर्गा मंदिर परिषद में न्यू निराला क्लब की ओर से गणेश पूजा पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ की जा रही है। इसके अलावा, डीएसपी रोड के मुरली बगीचा तालाब में इस बार गणेश पूजा का आयोजन विशेष आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। तालाब के बीच बने पंडाल में भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित की गई है। पानी के बीच चमकते पंडाल और उसमें सजी प्रतिमा को देखने के लिए लोगों की भारी भीड़ उमड़ रही है। पूरे क्षेत्र को रंग-बिरंगी विद्युत लाइटों से सजाया गया है, जिससे रात में पूरा इलाका जगमगाता नजर आ रहा है। इसके अलावा शहर अन्य पूजा समितियां द्वारा आकर्षक पंडाल एवं भव्य मूर्ति प्रतिमा स्थापित की गई है। स्थानीय लोगों ने बताया कि गणेश चतुर्थी के मौके पर गुमला में हर वर्ष की तरह इस बार भी भक्तों की आस्था और भक्ति देखने लायक है। आने वाले दिनों में शोभायात्रा और विसर्जन की भव्य तैयारियां भी जोरों पर हैं।



### गणेश पूजा का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला परिषद सदस्य सतवंती देवी ने किया



**घाघरा।** घाघरा मुख्यालय में आज भव्य रूप से आयोजित गणेश पूजा महोत्सव के शुभ अवसर पर गणेश पूजा समिति थाना चौक के पंडाल का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में जिला परिषद सदस्य एवम लोकप्रिय जनप्रतिनिधि श्रीमती सतवंती देवी ने दीप प्रज्वलित कर एवम फीता काटकर किया। उद्घाटन के उपरांत गणेश पूजा समिति थाना चौक के पदाधिकारियों के द्वारा मुख्य अतिथि के रूप लोकप्रिय जनप्रतिनिधि एवम जिला परिषद सदस्य सतवंती देवी एवं अतिथियों को भगवा कलर का शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।उद्घाटन समारोह में श्रीमती सतवंती देवी ने भगवान श्री गणेश की पूजा अर्चना कर क्षेत्र वासियों की सुख शांति एवं समृद्धि की कामना की अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक एवं संस्कृति आयोजन समाज में आपसी भाईचारा शांति आप सद्भावना बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं इस अवसर पर बड़ी संख्या में समिति के सदस्य एवं युवा वर्ग महिला एवं स्थानीय ग्रामीण जन उपस्थित रहे पंडाल की सजावट भक्ति संगीत और सांस्कृतिक प्रक्रिया में माहौल को भक्तिमय बना दिया समिति के सदस्यों ने बताया कि संध्या में आरती के बाद भजन एवं प्रसाद के साथ लंगर की भी आयोजन किया गया है। वही गणेश पूजा समिति थाना चौक के द्वारा पत्रकारों को भगवा कलर का शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।



### गणेश चतुर्थी का धूमधाम से आयोजन

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड में गणेश चतुर्थी का त्योहार बड़े ही धूमधाम और भक्तिमय माहौल में मनाया गया। प्रखंड मुख्यालय स्थित दुर्गा मंदिर परिसर, एमएलए रोड और अन्य कई स्थानों पर भगवान गणेश की प्रतिमाएं स्थापित की गईं।इस अवसर पर, मंदिरों को आकर्षक ढंग से सजाया गया। रंगीन रोशनी विद्युत सज्जा और फूलों से की गई सजावट ने हर किसी का ध्यान आकर्षित किया। सुबह से ही भक्तजन पूजा-अर्चना के लिए उमड़ पड़े।पुजारी द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ जैसे ही गणेश प्रतिमा का पट खोला गया, पूरा माहौल "गणपति बप्पा मोरया" और अन्य जयकारों से गूंज उठा। इस दौरान मुख्यालय में भक्ति का एक अलग ही माहौल देखने को मिला। छोटे-छोटे बच्चे पारंपरिक धोती-कुर्ता पहनकर पूजा में शामिल हुए।

## नगर परिषद की लापरवाही से सदर अस्पताल में दुर्गन्ध, परेशानी बढ़ी

नवीन मेल संवाददाता



**गुमला।** गुमला सदर अस्पताल के डंपिंग यार्ड से कचरे का नियमित उठाव न होने के कारण अस्पताल में दुर्गन्ध फैल गई है और इलाजरत मरीजों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सदर अस्पताल के शवगृह जाने वाले रास्ते के पास कचरे के लिए डंपिंग यार्ड बनाया गया है, जिसे नगर परिषद कचरे के उठाव के लिए अधिकृत है। बीते दिनों नगर परिषद छोटा ट्रैक्टर लगाकर कचरा उठाती रही है, और इसके लिए अस्पताल भी भुगतान करता रहा। लेकिन एक सप्ताह से नगर परिषद द्वारा कचरे का उठाव नहीं किया गया।

जमा हुआ कचरा यार्ड के बाहर फैल गया और सड़क तक आने लगा। शवगृह जाने वाले वाहन कचरे पर चढ़कर गुजरने लगे, जिससे प्लास्टिक फट गया और लगातार बारिश के कारण कचरा सड़क पर बहने लगा। मवेशी भी कचरा खाने लगे, जिससे चारों ओर दुर्गन्ध फैल गई और मरीज वार्ड में रहना मुश्किल समझने लगे।

सदर अस्पताल प्रबंधन ने नगर परिषद को लगातार मौखिक और लिखित रूप से कचरा उठाव के लिए आग्रह किया, लेकिन कोई पहल नहीं हुई। अंततः अस्पताल ने अपने खर्चे पर ट्रैक्टर और जेसीबी मंगवाकर कचरे का उठाव किया।

सदर अस्पताल के उपाधीक्षक अनुपम किशोर ने बताया कि नगर परिषद को प्रतिदिन कचरे का उठाव करना है, बावजूद इसके वे गंभीरता नहीं दिखा रहे। उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित के निर्देश पर जिले के पदाधिकारी सदर अस्पताल का निरीक्षण करते रहे और नगर परिषद को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए, लेकिन आदेश की अवहेलना की गई। मरीज और उनके परिजन इस दुर्गन्ध से बेहद परेशान हैं और नगर परिषद की लापरवाही पर नाराजगी व्यक्त कर रहे हैं।

## युवाओं को रोजगार देने के लिए प्लेसमेंट स्पेशल ड्राइव का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

**सिसई।** मुख्यमंत्री सारथी योजना के अंतर्गत एक्सल डाटा सर्विसेज प्रशिक्षण केन्द्र कुदरा मोड़ सिसई में प्रशिक्षित युवक युवतियों को रोजगार देने के लिए केन्द्र प्रबंधक रायमल यादव के नेतृत्व में प्लेसमेंट स्पेशल ड्राइव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि अखिल केरकेट्टा यूएनडीपी गुमला के सानिध्य एवं सभी अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति में मंत्रोचारण व दीप प्रज्वलित कर की गई। इस कार्यक्रम में प्रशिक्षण केन्द्र सुशीला फाउंडेशन महुआडीपा सिसई एवं प्रशिक्षण केन्द्र सिद्धि विनायक पालकोट रोड गुमला के संयोजक, प्रशिक्षक एवं प्रशिक्षुओं ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। इस कार्यक्रम में एलएमएस कंपनी प्रा0 लि0 के एचआर मोहम्मद अफसर एवं ट्वेंटी फिफ्टी हेल्थकेयर के एचआर गौरव गुंजन ने अपने अपने कंपनी के बारे में जानकारियां साझा किए। इस दौरान कुल 60 लाभान्वित प्रशिक्षु युवक युवतियों को ऑफर लेटर देकर रोजगार से जुड़ने का सुनहरा अवसर प्रदान किया गया।

लाभान्वित प्रशिक्षु में एक्सल डाटा सर्विसेज के 30, सुशीला फाउंडेशन के 15, एवं सिद्धि विनायक केन्द्र के 15 युवक युवतियां शामिल थे।ऑफर लेटर के अलावा सर्टिफिकेट, टूल किट, एवं प्रशस्ति पत्र भी प्रदान किया गया।

वहीं उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रशिक्षु युवक युवतियों को एक - एक हजार रुपए का चेक प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में एक्सल डाटा सर्विसेज के केन्द्र प्रबंधक रायमल यादव, यूएनडीपी गुमला के अखिल केरकेट्टा, विवेक कुमार, एवं खिलेश्वर साहु के द्वारा सभी प्रशिक्षु का मार्गदर्शन करते हुए कहा गया कि मुख्यमंत्री सारथी योजना का उद्देश्य झारखंड राज्य के 18 वर्ष से 35 वर्ष आयुवर्ग के सभी युवक युवतियों को झारखंड सरकार की ओर से निःशुल्क प्रशिक्षण देकर उन सभी को रोजगार व स्वरोजगार से जोड़कर आत्मनिर्भर भारत बनाने में विशेष योगदान प्रदान करना है। अंत में सभी प्रशिक्षु युवक युवतियों की उज्ज्वल भविष्य की कामना के साथ कार्यक्रम की समापन की हुई। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रशिक्षक नन्द किशोर रवि, संध्या विश्वकर्मा, नूपुर कुमारी, होलिका कुमारी, सुषमा अन्ना, रफत अंजुम, राखी सिन्हा, सानिया प्रवीण, शुभम मिश्रा, सीमा कुमारी, राज साहु, सहित केन्द्र के सैकड़ों प्रशिक्षु युवक युवतियों का सराहनीय योगदान रहा।

## कांग्रेस प्रदेश प्रभारी के. राजू का आज गुमला में रहेंगे



- संगठन सुदृढ़ीकरण व चुनावी रणनीति पर होगी अहम बैठकें

नवीन मेल संवाददाता

**गुमला।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस प्रभारी के. राजू का गुमला दौरा 28 अगस्त को होगा। यह दौरा बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है क्योंकि इसका मुख्य उद्देश्य कांग्रेस संगठन को गांव-गांव तक मजबूत करना और आगामी चुनावों की रणनीति तय करना है। प्रदेश प्रभारी का यह राज्यव्यापी पाँच दिवसीय दौरा 26 से 31 अगस्त तक जारी रहेगा। इस दौरान वे विभिन्न जिलों में कार्यकर्ताओं से संवाद कर संगठन को गति देंगे। इसी क्रम में 28 अगस्त को उनका गुमला जिला कार्यक्रम निर्धारित है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष चैतू उरांव और मीडिया चेयरमैन सह प्रवक्ता आरिफ हुसैन अख्तर ने जानकारी दी कि दिनभर कई चरणों में बैठकें होंगी। सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक – सिसई प्रखंड क्षेत्र में जिला स्तरीय पदाधिकारियों और पंचायत प्रतिनिधियों के साथ संवाद। दोपहर 1:30 से 2:30 बजे तक – उत्तरी भरनो प्रखंड में बैठक। दोपहर 2:30 से शाम 4 बजे तक – भरनो के तुरियाम्बा में पंचायत समिति के सदस्यों के साथ विशेष बैठक। इन बैठकों में जिला पदाधिकारी, अग्रणी मोर्चा संगठन के जिला अध्यक्ष, सभी प्रखंड व पंचायत अध्यक्ष, सिसई प्रखंड के 18 पंचायतों के कार्यकारिणी सदस्य और मोर्चा संगठनों के प्रखंड अध्यक्ष शामिल रहेंगे। कांग्रेस नेताओं ने बताया कि प्रदेश प्रभारी का दौरा कार्यकर्ताओं में ऊर्जा और उत्साह का संचार करेगा। तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी हैं और ग्राम स्तर तक कार्यकर्ताओं को आमंत्रण भेजा गया है। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष समेत झारखंड प्रदेश कांग्रेस की पूरी टीम भी मौजूद रहेगी। प्रदेश प्रभारी के. राजू सड़क मार्ग से गुमला पहुँचेंगे। उनके स्वागत को लेकर जगह-जगह कार्यकर्ता तैयार हैं। कार्यक्रम की सफलता सुनिश्चित करने में जिला महासचिव फिरोज आलम, जिला सचिव तरुण गोप, प्रवक्ता आरिफ हुसैन अख्तर, प्रखंड अध्यक्ष बैबुल अंसारी, आशीष नाथ शाहदेव सहित अनेक पदाधिकारी सक्रिय हैं।

### डीलर संघ की बैठक संपन्न नई प्रखंड कमेटी का गठन

**बिशुनपुर।** बिशुनपुर डीलर संघ की बैठक बुधवार को गुमला जिला अध्यक्ष अरखीतानंद देवघरिया की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में जिला सचिव तनवीर नाच, जिला उपाध्यक्ष निमाज खान और जिला संयोजक श्याम बिहारी शुक्ला विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में संगठन विस्तार समेत कई अहम मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई। चर्चा के बाद सर्वसम्मति से नई प्रखंड कमेटी का गठन किया गया। इसमें रोजलीन तिर्की को संयोजक, दीपक कुमार गुप्ता को अध्यक्ष, राधे साहू, सुषमा कुजूर और रामसेवक साहू को उपाध्यक्ष, छोटू अंसारी को सचिव, सुनीता देवी को सह सचिव तथा मो. यूनुस को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया। वहीं कार्यकारिणी सदस्य के रूप में सुमंती कुमारी, सुरेश प्रसाद गुप्ता, मंजू लकड़ा, हरिचरण प्रसाद, रविंद्र उरांव, बृजेश कुमार और फुलकुवइर भगत को शामिल किया गया।

### बिशुनपुर में देवेंद्रनाथ महतो का हुआ स्वागत, बोले-

## झारखंड की अस्मिता व युवाओं के अधिकार की लड़ाई जारी रहेगी

नवीन मेल संवाददाता



**बिशुनपुर।** झारखंड लोकतांत्रिक मोर्चा के केंद्रीय वरीय उपाध्यक्ष देवेंद्र नाथ महतो मंगलवार की देर रात बिशुनपुर पहुंचे, जहां कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने फूल-मालाओं और गगनभेदी नारों के साथ उनका भव्य स्वागत किया। महतो यहां आयोजित फुटबॉल मैच में शामिल होने आए थे, लेकिन समयाभाव के कारण विलंब से पहुंचे।

स्वागत समारोह में उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए देवेंद्र नाथ महतो ने कहा कि "झारखंड लोकतांत्रिक मोर्चा हमेशा से छात्रों और युवाओं की समस्याओं के लिए संघर्ष करता रहा है। झारखंड की अस्मिता और पहचान की रक्षा के लिए हमारी पार्टी ने खतीयानी आंदोलन के जरिए बाहरी ताकतों का विरोध किया है।" उन्होंने आरोप लगाया कि बाहरी लोग लगातार झारखंड में बसते जा रहे हैं, जिससे स्थानीय युवाओं को रोजगार और शिक्षा के अवसरों से वंचित होना पड़ रहा है। महतो ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे एकजुट होकर संगठन को मजबूत करें और आने वाले दिनों में हक और अधिकार की लड़ाई को और तेज करें। इस अवसर पर झारखंड लोकतांत्रिक पार्टी के सक्रिय सदस्य वीरेंद्र लोहरा, बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और ग्रामीण मौजूद रहे।

## विधायक जिग्गा सुसारन होरो ने किया सामुदायिक भवन का शिलान्यास

**भरनो।** भरनो प्रखंड कार्यालय परिसर में बुधवार को सिसई विधानसभा क्षेत्र के विधायक जिग्गा सुसारन होरो ने पहान पुजारों के साथ विधिवत पूजा-अर्चना और नारियल फोड़कर उत्तरी भरनो सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। यह भवन विधायक मद से 9 लाख रुपये की लागत से एनआरईपी कार्यकारी एजेंसी द्वारा बनाया जाएगा। विधायक जिग्गा सुसारन होरो ने इस अवसर पर कहा कि भरनो प्रखंड के ग्राम प्रधानों की लंबे समय से एक स्थायी बैठक भवन की मांग थी। इसको ध्यान में रखते हुए सामुदायिक भवन स्वीकृत किया गया है। उन्होंने कहा कि अब प्रखंड के 69 ग्राम प्रधानों को बैठक और मीटिंग के लिए धूप, गर्मी और बारिश की मार झेलनी नहीं पड़ेगी। पहले वे पेड़ों के नीचे बैठकर बैठक करते थे, लेकिन अब यह भवन उनके लिए एक स्थायी ठिकाना बनेगा। शिलान्यास कार्यक्रम के बाद उपस्थित सभी ग्राम प्रधानों ने विधायक को हृदय से धन्यवाद और आभार प्रकट किया। इस मौके पर थाना प्रभारी कंचन प्रजापति, अभिषेक लकड़ा, जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष जॉनसन बड़ा, प्रकाश उरांव, पंचू उरांव, समसाद खान, अख्तर बबलू, जयराम उरांव, ग्राम प्रधान बंधना उरांव, मंगरा उरांव, तेतरा उरांव, ललित उरांव, जयराम खड़िया, मोहन उरांव, दिलीप उरांव, कनिष्ठ अभियंता बीरसु मांझी समेत बड़ी संख्या में ग्राम प्रधान और झामुमो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



**स्वास्थ्य** — प्रसव पूर्व गुणवत्तापूर्ण देखभाल पर प्रशिक्षण का आयोजन

# मातृ व शिशु मृत्यु दर में कमी की दिशा में अहम पहल

नवीन मेल संवाददाता



**गुमला।** जिले में मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को कम करने के उद्देश्य से जिला स्वास्थ्य समिति गुमला और जपाईगो संस्था द्वारा बाल निवेश कोष फाउंडेशन (सीआईएफएफ) के सहयोग से गुणवत्तापूर्ण प्रसव पूर्व देखभाल (एएनसी) प्रशिक्षण का आयोजन किया गया।

इस प्रशिक्षण का उद्देश्य उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की समय पर पहचान कर उनका समुचित प्रबंधन करना है, ताकि गर्भावस्था और प्रसव से जुड़ी जटिलताओं को घटाया जा सके।

आरसीएच कार्यक्रम के अंतर्गत अब तक जिले में 21 बैचों में कुल 645 स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं को प्रशिक्षित किया गया है। इनमें 345 सहायक नर्स दाई (एएनएम), 219 सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ), 45 स्टाफ नर्स और 36 चिकित्सा पदाधिकारी शामिल हैं।

प्रशिक्षण में गर्भवती महिलाओं की पेट की जांच, मूत्र परीक्षण, ग्लूकोज सहनशीलता परीक्षण, उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था की पहचान, गर्भावस्था की अवधि का निर्धारण, एनीमिया व उच्च रक्तचाप संबंधी विकारों का निदान, प्रबंधन एवं रेफरल जैसे विषयों पर विशेष जानकारी दी गई।

सिविल सर्जन गुमला डॉ. शम्भुनाथ चौधरी ने कहा कि "बॉर्न हेल्दी कार्यक्रम के अंतर्गत जपाईगो के सहयोग से प्रसव पूर्व देखभाल सेवाओं को सुदृढ़ किया जा रहा है। इससे मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने में मदद मिलेगी।"

प्रशिक्षण में डॉ. सिपिग निभा बारला (चिकित्सा पदाधिकारी, बसिया), सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी निर्मला कुमारी तथा जपाईगो से दीपिका बा और राजेश कुमार ने प्रशिक्षक के रूप में योगदान दिया। जिला आरसीएच पदाधिकारी डॉ. सुनील राम ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान स्वास्थ्यकर्मियों को कार्यदक्षता, परामर्श, डाटा संधारण और रिपोर्टिंग पर भी प्रशिक्षित किया गया। उनके अनुसार, इस पहल से समयपूर्व जन्म, कम वजन वाले शिशुओं और नवजात शिशु संक्रमण के मामलों में निश्चित ही कमी आएगी।

### हाथी के हमले से घर टूटा, जिला परिषद सदस्य ने की मदद

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड अंतर्गत भगत बुकमा गांव में एक जंगली हाथी ने जमकर उत्पात मचाया, जिससे फागी देवी का घर पूरी तरह से ध्वस्त हो गया। इस दौरान घर में रखा सारा अनाज और अन्य सामान भी बर्बाद हो गया। घटना की खबर मिलते ही जिला परिषद सदस्य मेरी लकड़ा पीड़ित परिवार से मिलने पहुंची और उन्हें आर्थिक सहायता प्रदान की। मेरी लकड़ा ने फागी देवी को एक बोरा चावल देकर सांत्वना दी। उन्होंने इस दुखद घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया। इस मौके पर उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों से फोन पर बात कर पीड़ित परिवार को जल्द से जल्द मुआवजा दिलाने की मांग की।मेरी लकड़ा ने गांव के अन्य लोगों से भी मुलाकात की और उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी ली। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में स्ट्रीट लाइट की बहुत जरूरत है। इस पर मेरी लकड़ा ने जल्द ही स्ट्रीट लाइट लगवाने का आश्वासन दिया।इस दौरान उनके साथ वार्ड सदस्य कलावती देवी और अन्य ग्रामीण मौजूद थे। इस घटना से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। उन्होंने वन विभाग से हाथियों के उत्पात को रोकने के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की है।

### दो अलग-अलग सड़क हादसे, दो युवक गंभीर रूप से घायल

**बिशुनपुर।** प्रखंड क्षेत्र में सड़क हादसों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। मंगलवार की रात अलग-अलग स्थानों पर हुए दो हादसों में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। पहली घटना गुरदरी थाना क्षेत्र के चटकपुर गांव स्थित बेती मोड़ की है। जानकारी के अनुसार, बेथड़ निवासी 30 वर्षीय सुनील खेरवार अपने रिश्तेदार के घर से बाइक पर सवार होकर लौट रहे थे। इसी दौरान बेती मोड़ के समीप उनका संतुलन बिगड़ गया और वे सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने उन्हें तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिशुनपुर पहुंचाया, जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया। चिकित्सकों के अनुसार उनके पैर में गहरी चोट आई है। दूसरी घटना बिशुनपुर थाना क्षेत्र के सालम नावाटोली मोड़ की है। यहां लबगा निवासी 23 वर्षीय ललित उरांव यूट्यूब शूटिंग कार्यक्रम देखने लापू गांव गए थे। कार्यक्रम के दौरान बैटरी खत्म होने पर वे बनारी से बैटरी लाने निकले। लौटते समय सालम मोड़ के पास उनकी बाइक फिसल गई और वे सड़क पर गिरकर घायल हो गए।

### रिश्ता हुआ शर्मशार, पिता ने अपनी सगी पुत्री के साथ किया दुष्कर्म

**घाघरा।** घाघरा थाना के एक गॉव में मानवता एवं रिश्ते को शर्मशार करने वाली घटना घटी है। घटना में 37 वर्षीय पिता द्वारा अपनी 14 वर्षीय सगी नाबालिग पुत्री के साथ बलात्कार की घटना को अंजाम दिया गया है। घटना की शिकायत आरोपी विजेंद्र की पत्नी पुन्नी ने खुद 26 अगस्त को थाने में पहुँच किया। उसने आवेदन में कहा है कि उसका पति विगत एक वर्ष कई दफा अपनी पुत्री के साथ मुंह काला किया और पत्नी द्वारा विरोध करने पर विजेंद्र उसे डराया धमकाया भी करता था। इधर 24 अगस्त को भी विजेंद्र ने अपनी पुत्री के साथ संबंध बनाया और उसकी पत्नी ने लोक लाज एवं डर भय को भूलाकर आखिरकार थाना पहुंची और घटना की लिखित शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेज दिया।

### पूर्व प्रोफेसर पोन्डो भगत का निधन, अंतिम संस्कार में शामिल हुए 20 सूत्री अध्यक्ष

**पालकोट।** पंम्पापुर इंटर महाविद्यालय, पालकोट के पूर्व हिंदी प्रोफेसर पोन्डो भगत का आकस्मिक निधन हो गया। तपकारा पंचायत अंतर्गत राजस्व ग्राम पोजेंगा (लामदोन) निवासी प्रोफेसर भगत की तबीयत अचानक बिगड़ने के बाद बीते दिन उनका देहांत हो गया। उनके निधन की खबर से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। जानकारी मिलते ही प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष रोहित एक्का गांव पहुँचे और अंतिम क्रिया में शामिल होकर दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोकाकुल परिवार को संबल प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की। अंतिम संस्कार में सैकड़ों ग्रामीण, परिजन और रिश्तेदार शामिल हुए। पूर्व प्रोफेसर के निधन से पालकोट प्रखंड के प्रबुद्ध वर्ग और बुद्धिजीवी जनों में गहरा शोक व्याप्त है।

सुप्रभात

विचार प्रवाह

प्रिय परमपिता, चाहे जो भी परिस्थितियां मेरे समक्ष आयें, मैं जानता हूँ कि वे मेरे उत्थान की अगली सीढ़ी का प्रतिनिधित्व करती हैं। मैं सभी परीक्षाओं का स्वागत करूँगा क्योंकि मैं जानता हूँ कि मुझमें उन्हें समझने की बुद्धि एवं उन पर विजय पाने की शक्ति विद्यमान है। - **श्री श्री परमहंस योगानंद**

## संपादकीय

### तनाव के बाद चीन से व्यापार

अमेरिका की तरह वर्चस्ववादी चीन के तेवर अभी नर्म हुए हैं और भारत के साथ रिश्ते की बर्फ पिघलने लगी है।कैलाश मानसरोवर यात्रा दोबारा शुरू होने और चीन के नागरिकों को पर्यटक वीजा देने के फैसले से आपसी समझ बेहतर हुई है। सीधी उड़ानें शुरू करने और पर्यटकों, व्यवसायों, मीडिया एवं अन्य आगंतुकों को वीजा की सुविधा प्रदान करने पर सहमति एक सकारात्मक संकेत है। साझा नदियों के संबंध में, चीन आपातकालीन स्थितियों के दौरान जल विज्ञान संबंधी जानकारियां साझा करने पर भी सहमत हुआ है। व्यापार और निवेश के प्रवाह को सुविधाजनक बनाने के प्रति एक नई प्रतिबद्धता है, जो भारत को इन कठिन समय में निर्यात को वैकल्पिक बाजार की ओर मोड़ने में मदद कर सकती है। लिपुलेख दर्रा, शिपकी ला दर्रा और नाथू ला दर्रे के रास्ते होने वाले सीमा व्यापार को फिर से खोलना एक ऐसा कदम है, जिससे दोनों तरफ के सीमावर्ती निवासियों को लाभ होगा। चीनी पक्ष ने तियानजिन में होने वाले शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी की उपस्थिति का स्वागत किया है। एससीओ की सफलता ब्रिक्स जैसे मंचों पर बहुपक्षीय सहयोग को और आगे बढ़ाने में सहायक साबित होगी। ब्रिक्स की अध्यक्षता भारत अगले वर्ष और चीन 2027 में करेगा। भले ही द्विपक्षीय संबंधों में सुधार आ रहा है, फिर भी दोनों पक्षों को इस बात का एहसास है कि सीमा विवाद एक प्रमुख मुद्दा बना हुआ है। उल्लेखनीय रूप से, दोनों पक्ष भारत-चीन सीमा मामलों से संबंधित मौजूदा परामर्श एवं समन्वय हेतु कार्य तंत्र (डब्ल्यूएमसीसी) के तहत एक विशेषज्ञ समूह गठित करने पर सहमत हुए हैं, ताकि 'भारत और चीन के बीच के सीमावर्ती इलाकों में सीमा निर्धारण के मामले में शीघ्र हल' तलाशे जा सकें। एक अन्य महत्वपूर्ण समझौता पश्चिमी क्षेत्र में व्यवस्थित कोर कमांडर-स्तरीय बैठकों की तर्ज पर पूर्वी और मध्य क्षेत्रों में 'जनरल स्तर के तंत्र' की स्थापना से संबंधित है।मौजूदा मॉडल के आधार पर, मध्य क्षेत्र (हिमाचल प्रदेश व उत्तराखंड से सटे) और पूर्वी क्षेत्र (सिक्किम व अरुणाचल प्रदेश से सटे) के संबंध में उच्चस्तरीय सैन्य वार्ता के लिए एक अलग तंत्र की स्थापना अपेक्षाकृत आसान हो सकती है। डब्ल्यूएमसीसी के तहत एक विशेषज्ञ समूह का गठन दोनों पक्षों द्वारा सीमा निर्धारण के मामले में प्रगति हासिल करने को दिए गए महत्व को रेखांकित करता है। अंतरराष्ट्रीय परिभाषा के अनुसार, सीमा निर्धारण एक ऐसी औपचारिक प्रक्रिया है, जिसमें सीमा को एक बड़े पैमाने के स्थलाकृतिक मानचित्र पर रेखांकन किया जाता है और लिखित विवरणों द्वारा समर्थित किया जाता है, जिसके बाद मानचित्र पर रेखांकन और मिलान विवरण अंततः जमीनी स्तर पर सीमांकन की दिशा में एक अभिन्न कदम बन जाते हैं। संबंध सुधारने के लिए चीन की आगे बढ़ने की इच्छा एक शुभ संकेत है। एक कार्य समूह के जरिए कारगर सीमा प्रबंधन को आगे बढ़ाना भी एक स्वागत योग्य कदम है। कुछ विश्वास बहाली के उपायों (सीबीएम) में सुधार की आवश्यकता हो सकती है। फिर भी अन्य उपायों को पूरी तरह से लागू करने की जरूरत हो सकती है।



*व्यापार और निवेश के प्रवाह को सुविधाजनक बनाने के प्रति एक नई प्रतिबद्धता है, जो भारत को इन कठिन समय में निर्यात को वैकल्पिक बाजार की ओर मोड़ने में मदद कर सकती है।*

# वर्तमान जलवायु संकट और आदिवासी ज्ञान परंपरा में समाधान पर चिंतन



एआई जेनरेटेड

जलवायु संकट आज प्रकृति से मनुष्य के व्यापक अलगाव की कहानी है। आदिवासी लोग अद्वितीय ज्ञान और प्रथाओं के संरक्षक रहे हैं, जो मानव और प्राकृतिक दुनिया के बीच संतुलन पर जोर देते हैं। कई स्वदेशी पारंपरिक प्रथाएं प्रभावी जलवायु समाधान प्रदान करती हैं, जैसे टिकाऊ कृषि प्रणालियां और जलवायु-लचीला जल प्रबंधन। कार्बन सिंक और जैव विविधता की रक्षा करने वाले प्रमुख पारिस्थितिक तंत्रों की सुरक्षा करके, आदिवासी लोग शेष विश्व को एक पर्यावरणीय सेवा प्रदान करते हैं। उनका मानना है कि मानवता और प्रकृति अलग नहीं हैं। वन, जंगल और पहाड़ में रहनेवाले जनजातीय समाज के लिए पेड़ का कटना महज एक वृक्ष का गिरना नही है। हम पेड़ को काट कर जो दर्द देते हैं, पहाड़ को खोद कर जो चोट पहुंचाते हैं, वही हमको वापस मिलता है। पिछले एक सदी की विकास यात्रा के प्रभाव के आंकलन पश्चात अब यह माने जाने लगा है कि विकास की किसी भी संवाद या प्रक्रिया में जनजातीय समाज को बहार रखकर कोई प्रभावी निर्णय संभव नहीं है। आदिवासी के लिए अगर वन उसकी शांति है, तो कृषि उसकी सांस है। निरंतर जीवन के लिए वन मात्र अनुपूरक हो सकता है, प्रधान आधार तो कृषि ही होगा। मनुष्य ने वन के अंदर से ही कृषि का विकल्प खड़ा किया, क्योंकि इस प्रक्रिया में उसका आर्थिक जीवन वन्य (घुमंतू) जीवन से अपेक्षाकृत अधिक आश्वस्त था। वन के अन्दर ही नदी घाटियों में उसने कृषि योग्य जमीन बनाई, वनस्पति को आंशिक रूप से उन्नत किया, अपने काम के जीव-जन्तुओं को पालतू बनाया और इस तरह से उसके जीवन में स्थिरता आई। विश्व के अधिकांश आदिवासियों की तरह भारतीय आदिवासियों में भी अधिकांश का आर्थिक जीवन वर्तमान में इसी स्तर पर चल रहा है। (आदि धरमः रामदयाल मुंडा)।

जो समाज जंगल, पहाड़, नदिया और वन प्रदेश में रहता है, वह जलवायु संकट, जैव विविधता, भोजन की समस्या, प्राकृतिक प्रकोप को बेहतर तरीके से समझते हैं। आदिवासी समाज ने सदियों से पर्यावरणीय परिवर्तनों से निपटने के लिए अनुकूलन रणनीतियाँ भी विकसित की हैं। उनकी ज्ञान प्रणालियाँ कृषि वानिकी, जल प्रबंधन और आपदा तैयारी जैसी जलवायु-प्रतिरोधी प्रथाओं के बारे में बहुमूल्य अंतर्दृष्टि प्रदान करती हैं। इसके उदाहरण हैं सूखे के प्रति प्रतिरोधी पारंपरिक फसलों का उपयोग और शुष्क वातावरण में न्यूनतम जल उपयोग वाले पारंपरिक घरों का निर्माण । प्रकृति-आधारित समाधान और चक्रीय अर्थव्यवस्था दुनिया भर के मूल निवासियों के लिए सहस्त्राब्दियों से जीवन का एक तरीका रहे हैं, और यह ज्ञान जलवायु कार्रवाई के लिए महत्वपूर्ण है। अब समय आ गया है कि हम जलवायु परिवर्तन और कार्बन फुटप्रिंट जैसे मौजूदा विषयों पर स्वदेशी लोगों के अधिकार को पूरी तरह से मान्यता प्रदान करे, उन्हें जलवायु वित्त और क्षमता निर्माण तक सीधी पहुंच प्रदान करनी चाहिए, तथा स्वदेशी ज्ञान को जलवायु नीति में एकीकृत करना चाहिए।

आज की बात



**डॉ मयंक मुरारी**

सवाल है कि जलवायु कार्रवाई के मामले में स्वदेशी ज्ञान क्यों मायने रखता है? स्वदेशी लोग अद्वितीय ज्ञान प्रणालियों, नवाचारों और प्रथाओं के संरक्षक हैं, जो पीढ़ियों से चली आ रही हैं और जिन्होंने दुनिया के कई हिस्सों में विभिन्न संस्कृतियों और समुदायों को स्थायी रूप से रहने की अनुमति दी है, जिससे मानव और प्राकृतिक दुनिया के बीच संतुलन पर जोर दिया गया है। कई जनजातीय पारंपरिक प्रथाएँ पारिस्थितिक तंत्रों की गहरी समझ और उनके प्रति सम्मान पर आधारित हैं और संसाधनों के सतत उपयोग को बढ़ावा देती हैं। इन प्रथाओं का पर्यावरण पर न्यूनतम प्रभाव पड़ता है और ये पारिस्थितिक परिवर्तनों के प्रति अत्यधिक अनुकूल होती हैं, जिससे स्वस्थ और लचीले पारिस्थितिक तंत्र को बढ़ावा मिलता है। जलवायु समाधानों में प्रयुक्त जनजातीय ज्ञान के उदाहरण पूरे विश्व में पाये जाते हैं। मध्य अमेरिका और दक्षिणी मेक्सिको में मूल निवासी माया की पारंपरिक कृषि प्रणाली, मिल्पा, एक स्थायी कृषि मॉडल है जिसमें वन क्षेत्र के भीतर कृषि भूखंडों को बारी-बारी से उगाया जाता है। आमतौर पर मक्का, फलियाँ, कुम्हड़ा और अन्य सब्जियाँ। महत्वपूर्ण बात यह है कि इस चक्र में कई फसलें उगाई जाती हैं और साथ ही खेती किए गए भूखंडों में प्राकृतिक वन पुनर्जनन की अनुमति भी मिलती है। परिणामस्वरूप, जैव विविधता और मिट्टी की उर्वरता के उच्च स्तर को बनाए रखते हैं, जिससे जलवायु परिवर्तन शमन और अनुकूलन प्रयासों में महत्वपूर्ण योगदान मिलता है। इसी तरह, भारती में सदियों से परिष्कृत कृषि वानिकी प्रणालियाँ विकसित की गयी हैं। ये प्रणालियाँ, जिनमें फसलें पेड़ों के साथ-साथ रहती हैं, मृदा अपरदन को कम करने और मिट्टी की उर्वरता बढ़ाने में मदद करती हैं। साथ ही, फसल विविधीकरण कीटों, बीमारियों या चरम मौसम की घटनाओं के कारण पूरी तरह से फसल बर्बाद होने के जोखिम को कम करता है। ये रणनीतियाँ सूखे और भारी बारिश जैसी चरम जलवायु परिस्थितियों में भोजन की उपलब्धता सुनिश्चित करती हैं और आजीविका की रक्षा करती हैं। आदिवासी लोग लंबे समय से पारंपरिक अग्नि प्रबंधन पद्धति अपनाते आ रहे हैं, जिसे सांस्कृतिक दहन, या शीतल दहन के नाम से जाना जाता है। इस पद्धति में ईंधन का भार कम करने, वनस्पति का प्रबंधन करने और जैव विविधता को बढ़ावा देने के लिए कम तीव्रता वाली आग का नियंत्रित उपयोग शामिल है। आदिवासी लोगों को अक्सर आग के व्यवहार, मौसम के पैटर्न और पारिस्थितिक प्रतिक्रियाओं का गहन ज्ञान होता है, जिससे वे जंगल की आग के जोखिम को कम करते हुए सुरक्षित रूप से दहन कर पाते हैं। पारंपरिक मधुमक्खी पालन पद्धतियाँ भूमि के स्थायी उपयोग को प्रोत्साहित करती हैं।

जनजातीय समाज दुनिया की लगभग 25 प्रतिशत भूमि का प्रबंधन करते हैं , जिसमें अधिकांश जैव विविधता और मिट्टी व बायोमास में संग्रहीत कार्बन समाहित है। इस भूमि का एक बड़ा हिस्सा वनों से आच्छादित है जो सात करोड़ मूल निवासियों की परंपराओं, संस्कृतियों और आजीविका के केंद्र में हैं, जो दुनिया के कम से कम 36 प्रतिशत अक्षुण्ण वनों का पर्यावरणीय संरक्षण करते हैं। शोध से पता चलता है कि अपनी जमीन पर बढ़ते बाहरी दबाव के बावजूद, मूल निवासियों द्वारा प्रबंधित क्षेत्रों के कई जंगल और अन्य पारिस्थितिकी तंत्र इन क्षेत्रों के बाहर की प्रकृति की तुलना में बेहतर स्थिति में हैं। कार्बन सिंक और जैव विविधता की रक्षा करने वाले इन प्रमुख पारिस्थितिकी तंत्रों की सुरक्षा करके, मूल निवासी दुनिया के बाकी हिस्सों को एक पर्यावरणीय सेवा प्रदान करते हैं, जिसे अक्सर अनदेखा किया जाता है और जिसे अधिक राजनीतिक संरक्षण और वित्तीय सहायता की आवश्यकता है। इस प्रकार, मूल निवासियों में जलवायु कार्रवाई पर निर्णय लेने की प्रक्रियाओं में अग्रणी और अग्रणी बनने की क्षमता है।

जनजातीय समाज मानते है कि अगर जंगल में एक पेड़ गिरता है, तो दूसरे पेड़ भी उसे सुन रहे होते हैं। जब आप जानते हैं कि पेड़ दर्द सहते हैं और उनकी यादें होती हैं और पेड़ों के माता-.पिता अपने बच्चों के साथ रहते हैं, तो आप उन्हें यूँ ही काटकर बड़ी मशीनों से उनके जीवन को अस्त.व्यस्त नहीं कर सकते। जलवायु संकट को हल करने के लिए हमें जंगल, पहाड़, नदिया और मानव समाज को एक ही रूप में देखना होगा। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## आपकी बात

### मोबाइल हम चला रहे हैं या मोबाइल हमें?



**मुकेश कुमार गुप्ता** (लोहरदगा)

**आज** के समय में मोबाइल फोन बच्चों की ज़िंदगी का अहम हिस्सा बन चुका है। पहले यह माता-पिता का साधन था, लेकिन अब बच्चों की पढ़ाई, मनोरंजन और बातचीत का मुख्य जरिया बन गया है। मगर यही फोन धीरे-धीरे लत का रूप लेकर कई समस्याओं की जड़ बन रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि मोबाइल की अधिक निर्भरता बच्चों की आंखों की रोशनी, नींद, पढ़ाई और मानसिक विकास पर बुरा असर डालती है। लगातार स्क्रीन देखने से आंखों में थकान, सिर दर्द और नींद में समस्या बढ़ जाती है। ध्यान कम होना, चिड़चिड़ापन, एकाग्रता की कमी और समाज से दूरी आज बच्चों में आम समस्या बन गई है। वे वर्चुअल दुनिया में डूबकर वास्तविकता से कटते जा रहे हैं।

**बच्चों और अभिभावकों के लिए जरूरी कदम**

- **रुटीन बनाएं : पढ़ाई, खेल और मोबाइल के लिए निश्चित समय तय करें।**
- **मोबाइल-फ्री समय रखें : डिनर, सोने से पहले और पारिवारिक समय में फोन का इस्तेमाल न करें।**
- **शौक बढ़ाएँ : बच्चों को खेल, पेंटिंग, संगीत या आउटडोर गतिविधियों से जोड़ें।**
- **पैरेंटल कंट्रोल अपनाएँ : स्क्रीन टाइम सीमित करें और सिर्फ जरूरी ऐप्स उपयोग में आने दें।**
- **रोल मॉडल बनें : माता-पिता खुद भी बच्चों के सामने मोबाइल का संतुलित उपयोग करें।**
- **खुले में समय बिताएँ : बच्चों के साथ बाहर खेलें या टहलने जाएँ।**

यदि सही दिशा और प्रेरणा मिले, तो मोबाइल बच्चों का सहायक बन सकता है, मालिक नहीं। अब समय है कि इस उल्टी आदत को बदलें और मोबाइल को ज़रूरत और विकास का साधन बनाकर उपयोग करें।

### श्वान का जाग उठा सोया स्वाभिमान



**श्वान** का जाग उठा सोया स्वाभिमान ।
हो रहा देश भर में शहरी आवारा
श्वान का खूब मान सम्मान।
भीतर-बाहर हो रही इनकी चर्चा।
राजस्व से इन पर हो रहा खर्चा।
ये ख़ुशी से भोंक रहे हैं।
शहर की सेवा में खुद को झोंक रहे हैं।
मेरे गाँव का करिवा कुत्ता मुँह फुलाये तब से बैठा है।
पूछा भी करिवा तू क्यों रूठा है?
दिलासा भी दिया-शहरी श्वान वाला
संवाद तो झूठा है।
उसने भोंक कर कहा- बहुत हुआ।
अब हम भी गांव से छलांग लगायेंगे।
नगर-निगम की गाड़ी पर चढ़ देहाती से शहरी
श्वान बन जायेंगे।
तब बेरोकटोक सारी सुविधा पायेंगे।

**गंगेश्वर सिंह**
पूर्व पुलिस महानिदेशक आर्थिक अपराध शाखा, प. बंगाल।

## "क्या, कौन, कहां, कैसे, कब व क्यों में ही है जीवन के जश्न का आनंद"

अलग की बात



**केदारनाथ दास**

जन्म के अस्तित्व में आने से लेकर श्मशान घाट में होने वाले अंतिम संस्कार और उसके बाद पिंडदान के कर्मकांड तक मनुष्य सिर्फ सवालों में घिरा हुआ रहता है। सवालों की यह दुनिया हमारे जीवन का एक शाश्वत स्वरूप है। यह सही है कि इन सवालों को हम अपनी जरूरतों में जरूर शामिल करते रहते हैं और यह जरूरत भी कुछ ऐसी होती है कि मनुष्य होने के नाते हम हमेशा इसके सामने विवश बने रहते है। संदर्भवश यह विवशता इतनी व्यापक होती है कि जन्म के पहले से ही हम इसकी हदों में आ जाते हैं और मृत्यु के बाद भी यह हमारा पीछा नहीं छोड़ता फिर भी हम इसका आनंद लेते रहते हैं। इस आनंद को समझने के लिए केवल एक उदाहरण काफी है जबकि सिर्फ गणित की नजर से देखें तो यह क्या, कौन, कब, कैसा, क्यों और कहाँ के छः सूत्रीय आनंद से हमें लगातार आनंदित, आह्लादित व उद्वेग्लित करता नजर आया करता है। गिनती गिनते चलें तो "कौन" "कहाँ" की यह संख्या महज छः ही होती है परन्तु इन सवालों की यात्रा का करामात यह होता है कि माँ के गर्भ में भ्रूण का स्वरूप आते ही यह पास पड़ोस, नातेदारी और तमाम जान पहचान के सामने ही "क्या" के तौर पर एक सवाल बनकर हमारे साथ आ खड़ा होता है। इस "क्या" में लड़का होगा या लड़की होगी से लेकर तमाम तरह के स्वाभाविक सवाल। कालांतर में यही सवाल हमारे जीवन यात्रा के समापन के साथ "कैसे" का स्वरूप ग्रहण करते हुए हमारे स्वागत में खड़ा नजर आ जाता है। "क्या" और "कैसे" के बीच की इस यात्रा का का आनंद भी कुछ ऐसा होता है कि इस सवालों से मुक्ति का कभी कोई निराकरण नहीं निकल सका। मृत्यु हो गई, खेल खत्म हो गया परंतु सवाल बना रहा कि आदमी तो अच्छा था। समाज व परिवार को उसकी अभी जरूरत थी फिर भी चला गया वगैरह वगैरह के बीच शाश्वत सवाल यही कि यह सबकुछ "कैसे" हुआ। इसी तरह माँ के गर्भ को इससे कोई मतलब नहीं होता कि जन्म लेने वाला पुल्लिंग है या स्त्रीलिंग और जन्म लेने वाला जातक कुलनाशक होगा या कुलदीपक बनकर अवतार लेगा। इसके बावजूद गर्भधान संस्कार के साथ नवजात का अस्तित्व "क्या" जैसे उपसर्ग की प्रक्रिया के साथ जुड़ने को विवश बना रहता है। इस संदर्भ के मजे देखिए कि हम प्रतिक्षण सवालों से भागने की फिराक में लगे रहते हैं। दर्शन की दृष्टि से देखें तो यही पलायन है और जीवन की प्रतिबद्धता हमें ऐसे किसी पलायन की इजाजत नहीं देता। जीवन की यह ऐसी सच्चाई है जिससे कतई इनकार नहीं किया जा सकता है क्योंकि यह सवाल ही होते हैं जो हमसे पहले चला करते हैं और हमारे बाद तक भी अपने शाश्वत स्वरूप के साथ बने रहते हैं। यह इसलिए भी शाश्वत बना रहता है क्योंकि सवालों के इस स्वरूप में से "क्या" से चलकर "कैसे" तक चलने वाले निर्बाध मार्ग में ऐसे कोई दो ही सवाल नहीं हैं। यहाँ दिलचस्प तथ्य यह भी है कि जन्म के प्रारब्ध से लेकर पिंडदान तक या उसके बाद तक चलने वाली इस यात्रा को "क्या" व "कैसे" के अतिरिक्त "क्यों" से भी गुजरना पड़ता है और यही हमें "कहाँ" "कब" और "कौन" के अनंत घेरे में लेने से भी नहीं चूकता। दूसरी ओर, इस घेरे की महिमा ऐसी कि हम इन तमाम सवालों को केवल अपनी जिज्ञासाओं के बांधकर संतुष्ट हो जाते हैं। जिज्ञासा और सवालों के इस फेर को समझने की जरूरत है जबकि किसी भी जिज्ञासा को महज बंद अंत और खुले अंत वाले जवाब से संतुष्ट किया जा सकता है। बंद अंत वाले जवाब को आप सही,गलत, हाँ, ना आदि के साथ संतुलित कर देते हैं जबकि खुले-अंत वाले सवालों के लिए अपनी राय, अनुभव या विचारों को साझा करने के लिए आप तथ्यात्मक, विश्लेषणात्मक, वैकल्पिक, अन्वेषणात्मक, निबंधात्मक और वस्तुनिष्ठ विवरणों से किसी की जिज्ञासा को शांत करने में सफल होने की कोशिश करते हैं। सवालों की क्षमता देखिए कि आपके ऐसे तमाम प्रयास घुम फिर कर फिर से "क्या" "क्यों" "कहाँ" "कौन" "कब" और "कैसे" की यात्रा का जश्न मनाने निकल पड़ता है। बहरहाल सवालों से घबराकर भागने की जरूरत नहीं है क्योंकि इन सवालों के जश्न का आनंद तभी तक है जब तक सवाल हैं और सवाल तभी तक हैं जबतक आनंद का जश्न है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

### फेसबुक वॉल से




### एक्स से




### आज का दोहा

खामखाह बदनाम है, स्वानों का इतिहास।
हर युग में आते रहे, राजाओं को रास।।
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

### रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

## बात डाकिए की...

व्यंग्य की बात



**डॉ प्रशान्त करण**

हमने बचपन में पढ़ा था-आंधी हो, तूफ़ान को, गर्मी , ठंढी या बरसात हो, डाकिया जरूर आता है। और जब बात डाकिए की हो तो पहला स्मरण पत्रों का हो आता है। पत्र लिखने की परम्परा अब नगण्य हो चली। इसमें पहला योगदान एकल परिवार होने का हुआ। संबंध ईमानदारी और मनुष्यता बन सिकुड़ने लगे। लेकिन महत्वपूर्ण योगदान तो प्रेम पत्रों के चलन बंद होने से हुआ। यह हुआ नहीं कि युवाओं ने साहित्य से मानो मुँह ही मोड़ लिया। प्रेम गीत विधवा हो गयी, कविताओं - शायरियों की पुस्तकें दीमकों के उपयोग में आने लगीं। साहित्य का सौंदर्य रस सूखे खेत हो चले। तकनीकी प्रगति में एक मुआं मोबाइल पल भर में दर्जनों प्रेमियों - प्रेमिकाओं में साहित्य सृजन की आत्मा को ही सद्गति प्रदान कर दी ! क्या वे दिन थे ! प्रेमी - प्रेमिका का दिल एक - दूसरे के लिए उतना नहीं धड़कता था , जितना डाकिए की आहट के लिए। पति परदेश गए तो प्रेम पत्रों के आदान - प्रदान का पूरा भार डाकिए के कंधों पर आ जाया करते थे। सयाने बताते हैं कि उसके पहले यह काम कबूतरों के हिस्से था। काम छीन जाने पर कबूतरों के कोई आंदोलन, घेराव, नारेबाजी , गुटबंदी नहीं की , इतिहास साक्षी है। सिद्ध हुआ कि अनशनों -आंदोलनों के पुरोधा कबूतर नहीं थे । ऐसे भी दृष्टांत हैं कि प्रेम पत्र अनपढ़ नारियों को बांचने के चक्कर में कई डाकिए ही उनके साथ प्रेम कर बैठे और साथ भाग तक गए। मोबाइलों के युग में माता-पिता इस बात से आस्वस्थ हो गए कि कम से कम उनकी कन्या डाकिए के साथ तो भागने से रही। सिद्ध हुआ कि भारतीय समाजिक कल्याण में डाकिए की उल्लेखनीय भूमिका रही ।डाकिए के कई पात्र हिंदी के साहित्य में समावेशित हुए। गीतकारों का भी ध्यान डाकिए ने खींचा - डाकिया डाक लाया।।।।।! आदि एक समय था, डाकिए तार भी लाया करते। मुझे दो बार डाकिए की कृपा से राष्ट्रपति जी की ओर से राष्ट्रपति पुलिस पदक के तार मिले। रामलाल बताते हैं कि टो - टा कर अंग्रेजी पढ़ने वाले एक हसन अली नामक व्यक्ति ने खाड़ी देश में काम करने के कई आवेदन दिए थे। एक दिन उनको डाकिए ने तार थमाया। वे डाकिए के सामने ही खोलकर तार पढ़े। लिखा था - कम परसनली। हसन अली ने तुरंत ही डाकिए को भेजने वाले के ही पते पर इस तार का उत्तर इस प्रकार भेजने को कहा- परसन अली इज नॉट अवेलेबल, हसन अली इज गोइंग। डाकिया हसन अली की अंग्रेजी से प्रभावित होकर मुस्कुरा दिया। डाकिए से डर भी होने के दृष्टांत मिले हैं। सेठ मुनाफे लाल के गल्ले पर डाकिए का आना-जाना लगा रहता था। बात उन दिनों की है, जब रेल से माल ढुलाई में डाक से बिल्टी आया करती थी। सारे डाक सेठ जी के मुनीम लिया करते थे। एक दिन डाकिया अड़ गए कि इस डाक को सेठ जी को ही देना है। आनन-फानन में डाकिए को लेकर मुनीम जी सेठ जी के पास पँहुचे। डाक निबंधित और सेठ जी के नाम थी। सेठ जी ने डाक लेकर अपने हस्ताक्षर बनाए और डाक खोली। पढ़ते ही उनके तोते उड़ गए। आबकारी कर चोरी में उनपर पच्चीस हजार का जुर्माना लगा था और न देने पर सालभर की जेल। सेठ जी के हाथ - पाव फूल गए। मुनीम जी दूसरे दिन ही हर्जाना भर आए। तब से सेठ जी जब भी डाकिए को देखते तो डर के मारे थरथर काँपने लगते। आज इतने संघर्षों के बाद भी आजतक डाकिए और डाकघर का अस्तित्व बचा हुआ है। अब पैसों के लेन - देन के बैंक स्वरूप की चादर उढ़ा जो दी गयी। पहले यह मनीऑर्डर तक सीमित थे और सयाने बताते हैं कि कई डाकिए मनीऑर्डर की राशि में अपना बट्टा तक काट लेते, जब पाने वाला व्यक्ति अपनी सहृदयता से उन्हें बक्शीश देने में किचकिच किया करते थे। मेरा एक सहपाठी माध्यमिक शिक्षा के बाद निर्धनता के कारण आगे नहीं पढ़ सका था और फिर डाकिया बन गया । वह दिन भर जुए खेलता। किसी ने पूछ लिया - अबे ! डाक कब बांटता है ? उसने जुए के अड्डे पर ही उसे फुसफुसाकर बताया था कि हर रविवार उसकी पत्नी सप्ताह भर की डाक जलाकर भोजन पकाती है। सरकारी आदेश, न्यायालय संबंधित पत्राचार, बैंकों के चेकबुक, क्रेडिट - डेबिट कार्ड, पासपोर्ट (पारपत्र ) डाक से ही आते हैं। डाकघरों में बड़े बदलाव केंद्रीय सरकार ने करने प्रारम्भ किए हैं। डाक पेटियों को दशकों से विकास ने साफ़ निगल लिया। इतना बदलाव होने के बाद भी छोटे से बड़े डाकघर जाते ही इसके सरकारी होने के सारे के सारे लक्षण अब भी पाए जाते हैं। लगता है, भारतवर्ष में समय थम सा गया है। सरकारी गति से खर्र खर्र करते प्रिंटर द्वितीय महायुद्ध के बाद की यूरोपीय औद्योगिक क्रान्ति के प्रारम्भिक पाठ पढ़ाने का अनुभव दे जाते हैं। डाकिए प्रेम पत्र अब नहीं लाते ! उन्हें क्या पता, आज की पीढ़ी मोबाइल से गिने चुने शब्दों या इमोजी से यह सब अब सुलभता से निबटा रहे हैं ! **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI.61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 ।प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## लालबागचा राजा मंदिर

# 91 वर्षों से होती है हर कामना पूरी




**एजेंसी। मुंबई।** हर साल जब गणेश चतुर्थी का त्योहार आता है तो मुंबई की गलियों से लेकर मंदिरों तक एक अलग ही रौनक दिखाई देती है। ढोल-ताशों की गूंज, बप्पा के स्वागत में लगने वाले जयघोष, फूलों से मंडलों की सजावट और उन्हें देखने के लिए लाखों लोगों की भीड़, ये सब मिलकर इस त्योहार को बेहद खास बना देते हैं। बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक, हर कोई इस आयोजन का बेसब्री से इंतजार करता है। ऐसे में जब बात मुंबई की गणेश चतुर्थी की होती है तो सबसे पहला नाम जो हर किसी की जुबान पर आता है, वह है लालबागचा राजा मंदिर का। मुंबई का सबसे अधिक लोकप्रिय सार्वजनिक गणेश मंडल लालबागचा राजा लोगों की आस्था और विश्वास का प्रतीक है। लालबाग परेल क्षेत्र स्थित यह पंडाल हर साल गणेश चतुर्थी के दौरान दुनियाभर से भक्तों को अपनी ओर खींचता है।

## रामेश्वरम की थीम में सजा 22 फीट का बप्पा

हर साल की तरह बड़ी और और मशहूर हस्तियों के साथ-साथ हजारों लाखों की संख्या में भक्त यहां बप्पा के दर्शन करने आ रहे हैं। इस बार यहां गणपति की 22 फीट ऊंची मूर्ति स्थापित की गई, जो तमिलनाडु के रामेश्वरम की पौराणिक कथा से प्रेरित है।लालबागचा राजा मंडल के उपाध्यक्ष सिद्धेश कोरगावकर ने आईएएनएस से बातचीत में कहा, "यह लालबाग इलाके का सबसे पुराने गणपति हैं। इस बार उनकी 22 फीट ऊंची मूर्ति बनाई गई है।"

उन्होंने कहा कि मूर्ति और इसकी सजावट में रामेश्वरम की थीम को दर्शाया गया है, जिसमें हनुमानजी रामेश्वरम से भगवान शंकर का पिंड लेकर आते हैं।लालबागचा राजा मंडल की स्थापना साल 1934 में हुई थी। दरअसल, करीब नौ दशक पहले कुछ मछुआरों और दुकानदारों ने मिलकर बप्पा से बाजार के लिए एक पक्की जगह मिलने की मन्नत मांगी थी। जब उनकी यह मन्नत पूरी हुई तो उन्होंने आभार स्वरूप एक छोटी सी गणेश मूर्ति स्थापित की। वहीं से यह परंपरा शुरू हुई और आज 91 साल बाद भी पूरी आस्था के साथ निभाई जा रही है।लालबागचा राजा के दर्शन के लिए दो मुख्य कतारें होती हैं। एक होती है 'नवसाची लाइन', जिसमें वे लोग लगते हैं जो अपनी किसी विशेष मन्नत लेकर बप्पा के चरणों तक जाना चाहते हैं। इस लाइन में दर्शन के लिए 25 से 40 घंटे तक का समय भी लग सकता है। दूसरी लाइन होती है "मुखदर्शन लाइन", जिसमें भक्त बप्पा को दूर से देख सकते हैं। यह लाइन अपेक्षाकृत छोटी होती है। कई बार यहां 4 से 5 घंटे लग जाते हैं।हर बार की तरह इस साल भी गणेश चतुर्थी पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। मंडल द्वारा सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। हजारों पुलिसकर्मी और स्वयंसेवक तैनात किए गए हैं ताकि भक्तों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। पंडाल के अंदर भी श्रद्धालुओं के लिए मेडिकल असिस्टेंस, पानी और शौचालय जैसी सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं।

# भविष्य के युद्ध तकनीक व कूटनीति का मिश्रण होंगे : राजनाथ सिंह


**एजेंसी। इंदौर**

मध्य प्रदेश के इंदौर जिले के महू में स्थित आर्मी वार कॉलेज में युद्ध, युद्धकला और युद्ध संचालन पर दो दिवसीय विशेष 'रण संवाद-2025' त्रि-सेवा सेमिनार कार्यक्रम का आयोजन हो रहा है। बुधवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने युद्ध के बदलते पैटर्न पर बात की और बताया कि भविष्य के युद्ध तकनीक और कूटनीति का मिश्रण होंगे।

आर्मी वॉर कॉलेज, महू में आयोजित 'रण संवाद' त्रि-सेवा सेमिनार कार्यक्रम में तीनों सेनाओं के शीर्ष नेतृत्व के साथ-साथ प्रसिद्ध रक्षा विशेषज्ञ, रक्षा उद्योग के प्रमुख और अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा पेशेवर शामिल हैं। इस दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि भविष्य के युद्ध केवल हथियारों की लड़ाई नहीं होंगे, बल्कि तकनीक, खुफिया जानकारी, अर्थव्यवस्था और कूटनीति का मिला-जुला रूप होंगे।

उन्होंने बताया, "आज का युग जटिल और बहु-क्षेत्रीय युद्धों से परिभाषित है, जहां युद्ध की कोई निश्चित व्यवस्था या कठोर सिद्धांत नहीं है। यह अपनी तरह का पहला सेमिनार है, जिसमें युद्ध और युद्ध कौशल पर तकनीक के प्रभाव पर चर्चा हो रही है।"

राजनाथ सिंह ने कहा, "भारत कभी युद्ध की शुरुआत करने वाला देश नहीं रहा और न ही उसने किसी के खिलाफ आक्रामकता दिखाई है। हालांकि, वर्तमान भू-राजनीतिक परिस्थितियों में अगर कोई भारत को चुनौती देता है, तो देश को सख्त जवाब देना जरूरी हो जाता है। हमारी मंशा शांतिपूर्ण है, लेकिन हमारी ताकत कमजोर नहीं।"रक्षा मंत्री ने तकनीकी प्रगति और रणनीतिक कूटनीति के महत्व पर भी जोर दिया। उन्होंने सशस्त्र बलों से आधुनिक तकनीकों को अपनाने और वैश्विक चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार रहने की बात कही। बता दें कि इस सेमिनार में सीडीएस जनरल अनिल चौहान, वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह और नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी भी मौजूद हैं। सेमिनार का मुख्य उद्देश्य तीनों सेनाओं के बीच समन्वय को बढ़ावा देना और भविष्य की चुनौतियों और रणनीतियों पर विचार-विमर्श करना है।



### रक्षा मंत्री बोले –

- भविष्य के युद्ध तकनीक, खुफिया जानकारी, अर्थव्यवस्था और कूटनीति का मिश्रण होंगे।
- सेमिनार में थलसेना, नौसेना और वायुसेना के शीर्ष अधिकारी और रक्षा विशेषज्ञ हुए शामिल।
- "भारत ने कभी युद्ध की शुरुआत नहीं की, लेकिन चुनौती मिलने पर सख्त जवाब देगा।"
- सेमिनार में तकनीकी प्रगति और रणनीतिक कूटनीति पर विशेष जोर दिया गया।

## बिजली और मोबाइल सेवाएं ठप, अब्दुल्ला बोले-

# लगता है लोगों से कट गया हूं

**एजेंसी। जम्मू**



केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह को जम्मू के संभागीय आयुक्त रमेश कुमार द्वारा दी गई नवीनतम जानकारी के अनुसार, पुंछ और राजौरी जिलों को छोड़कर पूरे जम्मू संभाग में अभी भी बारिश हो रही है, हालाँकि इसकी तीव्रता कम है। जितेंद्र सिंह ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि संभागीय आयुक्त लगातार उनके संपर्क में हैं और वर्तमान में विभिन्न विभागों के अधिकारियों की बैठक बुला रहे हैं। मंत्री ने कहा कि तवी नदी का जलस्तर कम हो गया है, लेकिन चिनाब नदी अभी भी खतरे के निशान के करीब बह रही है। तत्काल प्राथमिकता बिजली, पानी की आपूर्ति और मोबाइल सेवाओं की बहाली है, जिसके लिए अधिकारी रात भर लगातार काम कर रहे हैं। एसडीआरएफ, एनडीआरएफ, अर्धसैनिक बल, सेना और वायु सेना के अधिकारी नागरिक प्रशासन के साथ मिलकर समन्वय कर रहे हैं। स्कूलों और कॉलेजों को बंद रखने का आदेश दिया गया है और आम जनता को उनकी सुरक्षा के लिए अनावश्यक गतिविधियों से बचने की सलाह दी गई है। क्षतिग्रस्त संरचनाओं में ऐतिहासिक माधोपुर पुल भी शामिल है, जो 11 मई 1953 को श्यामा प्रसाद मुखर्जी की गिरफ्तारी के बाद इतिहास का हिस्सा बन गया था। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि आज सुबह लगभग 3 बजे से इस पुल पर यातायात रोक दिया गया है। इस बीच, रियासी के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक परमवीर सिंह ने बताया कि जम्मू-कश्मीर के कटरा में वैष्णो देवी मंदिर के पास भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन में तीस लोगों की मौत हो गई है। यह भूस्खलन वैष्णो देवी मंदिर के मार्ग पर स्थित अधक्वारी गुफा मंदिर में इंद्रप्रस्थ भोजनालय के पास हुआ। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने बुधवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर अभी भी लगभग न के बराबर संचार व्यवस्था से जूझ रहा है।

## हेलमेट नहीं तो पेट्रोल नहीं, 1 से 30 सितंबर तक अभियान चलाएगी उत्तर प्रदेश सरकार

**उत्तर प्रदेश।** योगी सरकार के निर्देशानुसार, उत्तर प्रदेश में 1 से 30 सितंबर तक राज्यव्यापी सड़क सुरक्षा अभियान, 'हेलमेट नहीं, ईंधन नहीं' चलाया जाएगा। सड़क सुरक्षा समितियों के समन्वय में जिलाधिकारियों के नेतृत्व में, इस अभियान में पुलिस, परिवहन, राजस्व और जिला प्रशासन के अधिकारी संयुक्त रूप से काम करेंगे ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि दोपहिया वाहन चालक मोटर वाहन अधिनियम के तहत हेलमेट नियमों का पालन करें। हेलमेट न पहनने वालों को पेट्रोल पंपों पर ईंधन नहीं दिया जाएगा, जिसका उद्देश्य जुर्माना लगाने के बजाय सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देना है। योगी सरकार ने जनता से प्रवर्तन एजेंसियों के साथ पूर्ण सहयोग करने की अपील की है। यह पहल वैध है और जनहित में बनाई गई है। मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 129, दोपहिया वाहन चालकों और पीछे बैठे यात्रियों, दोनों के लिए हेलमेट अनिवार्य करती है, जबकि धारा 194D उल्लंघन के लिए दंड का प्रावधान करती है।सर्वोच्च न्यायालय की सड़क सुरक्षा समिति ने भी राज्यों को हेलमेट अनिवार्य करने को प्राथमिकता देने की सलाह दी है। योगी सरकार ने कहा है कि 'हेलमेट नहीं तो ईंधन नहीं' का उद्देश्य दंड देना नहीं, बल्कि नागरिकों को कानून के अनुसार सुरक्षित व्यवहार अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना है। वाहन चालकों को ईंधन तभी मिलेगा जब वे हेलमेट पहनेंगे। उत्तर प्रदेश परिवहन आयुक्त ने कहा कि यह अभियान पूरी तरह से जनहित में है।

## मुजफ्फरपुर : राहुल गांधी बोले

# संविधान पर चोट की जा रही है

**एजेंसी। मुजफ्फरपुर**



लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने बुधवार को कहा कि गुजरात का मॉडल 'आर्थिक मॉडल' नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि 'वोट चोरी' की शुरुआत गुजरात से हुई और फिर इसे राष्ट्रीय स्तर पर शुरू किया गया। कांग्रेस नेता राहुल गांधी अपनी 'वोटर अधिकार यात्रा' के 11वें दिन मुजफ्फरपुर पहुंचे। उन्होंने एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा के लोगों ने मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, हरियाणा और गुजरात के चुनाव में 'वोटी चोरी' की। 'गुजरात मॉडल' वोट चोरी करने का मॉडल है, जिसे ये लोग 2014 में राष्ट्रीय स्तर पर लाए। हम कुछ कहते नहीं थे, क्योंकि हमारे पास कोई सबूत नहीं थे, लेकिन महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव के बाद हमें सबूत मिल गया।मुजफ्फरपुर में 'वोटर अधिकार यात्रा' के दौरान राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि बिहार में दलितों, अति पिछड़ों, अल्पसंख्यकों यानी गरीबों के वोट काटे गए। जिंदा लोगों को मुर्दा बना दिया गया। वोट काटकर संविधान पर चोट की जा रही है।उन्होंने संविधान को आत्मा बताते हुए कहा कि जो लोग भारत माता की आत्मा पर चोट पहुंचाने की कोशिश कर रहे हैं, वे यहां के युवाओं को नहीं समझते हैं। भाजपा 'वोट चोरी' कर चुनाव जीतती है और उसकी मदद चुनाव आयोग करता है।

राहुल गांधी ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि संसद में चुपचाप एक कानून पास कर दिया जाता है। इसके तहत इलेक्शन कमिश्नर चाहे कुछ भी करें, उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई नहीं की जा सकती। अगर चुनाव आयोग अपना काम ईमानदारी से कर रहा है, तो ऐसे कानून की क्या जरूरत है? केंद्र सरकार में किसानों-मजदूरों को पीटकर जेल में डाल दिया जाता है। युवा पेपर लीक के खिलाफ धरना देता है तो उसे लाठियों से पीटकर अंदर कर देते हैं। लेकिन, देश के चुनाव आयुक्त के खिलाफ कोई एफआईआर नहीं कर सकता है।इससे पहले तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि जब राहुल गांधी चुनाव आयोग की शिकायत करते हैं तो उन्हें शपथ पत्र देने को कहा जाता है। राहुल गांधी राजनीति, मंच के लिए नहीं करते। वे जो कहते हैं, बहुत सोच-समझकर कहते हैं।उन्होंने कहा कि राहुल गांधी वकील हैं, जो भारत के लोगों की लड़ाई लड़ रहे हैं। भारत में लोकतंत्र फलेगा। मताधिकार की चोरी करने वालों से जनता सत्ता छीन लेगी, यह भीड़ इसका संदेश देती है।

# राहुल-तेजस्वी लोकतंत्र के लिए खतरा जनता सिखाएगी सबक : सम्राट चौधरी

**एजेंसी। पटना**



बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता तेजस्वी यादव पर बुधवार को जोरदार निशाना साधते हुए उन्हें लोकतंत्र के लिए खतरा बताया। उन्होंने कहा कि बिहार की जनता दोनों राजकुमारों को सबक सिखाएगी।

आईएएनएस से बातचीत में उन्होंने तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के 'वोटर अधिकार यात्रा' में शामिल होने पर लालू परिवार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि लालू प्रसाद यादव और उनका परिवार उन लोगों को बिहार बुला रहा है, जिन्होंने बिहार की जनता का अपमान किया और सनातन धर्म का विरोध किया। उन्होंने स्टालिन, तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी का जिक्र करते हुए कहा कि ये लोग बिहार के लोगों का अपमान करते हैं, सनातन धर्म का विरोध करते हैं। ऐसे नेताओं को राजद संरक्षण दे रहा है, जो बिहार और उसके सांस्कृतिक मूल्यों के खिलाफ हैं।

उन्होंने दावा किया कि बिहार की जनता इस सियासी खेल को समझती है और वह एनडीए के साथ मजबूती से खड़ी है।

'वोटर अधिकार यात्रा' और एसआईआर के मुद्दे पर विपक्ष के सवालों का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि बिहार की जनता के लिए एसआईआर कोई बड़ा मुद्दा नहीं है, बल्कि विकास, तरक्की और रोजगार उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने एनडीए सरकार के तहत पीएम मोदी और सीएम नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार को समृद्ध बनाने के प्रयासों पर प्रकाश डाला। उन्होंने 'वोटर अधिकार यात्रा' में रेवंत रेड्डी और स्टालिन के जुड़ने को 'घुसपैठिया' करार दिया। डिप्टी सीएम के अनुसार, घुसपैठिये आए हैं, चले जाएंगे। यह बिहार यहां पर था और रहेगा। चौधरी ने कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए आपातकाल का जिक्र किया, जब निर्दोष लोगों को जेल में डाला गया। लोकतंत्र की हत्या की गई। इसी तरह उन्होंने लालू यादव पर भी सत्ता के दुरुपयोग का आरोप लगाया।

मोहन भागवत के बयान पर उन्होंने कहा कि भारत के निर्माण में सभी का सहयोग है। भारत का मतलब भगवान राम और श्री कृष्ण के वंशजों से है। उन्होंने कहा कि समय के साथ कुछ लोगों ने पूजा पद्धति बदली, लेकिन सभी भारतीय हैं। यह सनातन संस्कृति की एकता को दर्शाता है, जो भारत की मूल पहचान है।

पीएम मोदी के पूर्णिया दौरे को लेकर उन्होंने कहा कि लगभग 40,000 करोड़ रुपए की परियोजनाओं की घोषणा की जाएगी। कई परियोजनाओं का जुड़ना अभी बाकी है। पूर्णिया हवाई अड्डे का उद्घाटन किया जाएगा। इससे क्षेत्र में हवाई यात्रा को बढ़ावा मिलेगा।

# आज का राशिफल

**मेष :** आज आपके लिए दिन अनुकूल रहने वाला है। आज आपको सोने - चाँदी के बिजनेस में बड़ा धन लाभ होगा। आज आप प्रोफेशनल कार्यो के साथ - साथ अपने निजी कार्यों को भी पूरा करेंगे। आज सामाजिक गतिविधियों में आपकी उपस्थिति और विचार सराहनीय रहेंगे।

**वृष :** आज का दिन आपके लिए खास रहने वाला है। आज आपको व्यवसाय में बड़ा धन लाभ होगा , जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। आज आप किसी मुद्दे के ऊपर जीवनसाथी से सलाह - मशविरा कर सकते हैं। आज किसी प्रोजेक्ट को लेकर ऑफिशियल यात्रा संभव है, आप सारी तैयारी अच्छे से कर लें।

**मिथुन :** आज का दिन आपके लिए सफलता दिलाने वाला है। आज आप किसी नए काम की शुरुआत करेंगे, जिसमें आपको अच्छा लाभ होगा। आज आप माता - पिता के साथ किसी धार्मिक स्थल पर जा सकते हैं , जिससे आपको मानसिक शांति मिलेगी। आज आप घर - परिवार संबंधी समस्याओं को सुलझाने में सफल रहेंगे।

**कर्क :** आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज आप व्यापार को और बड़ा बनाने का प्रयास करेंगे, जिसके लिए आप ऑफिस में मीटिंग कर सकते हैं। आज आप अपने खान - पान को लेकर डाइट प्लान तैयार कर सकते हैं। आज आपको स्वयं की सूझबूझ से लिए गए निर्णय के उचित परिणाम हासिल होंगे।

**सिंह :** आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहने वाला है। आज आपकी व्यापारिक गतिविधियां सुचारु रूप से चलती रहेंगी, आप किसी बड़ी डील को फ़ाइनल कर सकते हैं। आज ऑफिस में आपके काम को लेकर तारीफ होगी और बॉस आपके प्रमोशन की बात कर सकते हैं।

**कन्या :** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। आज आप रुके हुए कार्यों को पूरा करेंगे, जिससे आपकी व्यस्तता बनी रहेगी। आज आप किसी भी निर्णय को लेने से पहले अच्छे से सोच - विचार कर लें, जिससे बाद में कोई पछतावा न हो। इस राशि के लेखक आज किसी अच्छी कविता को लिखने का मन सकते हैं।

**तुला :** आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहेगा। आज आपको व्यापार में अच्छा लाभ होगा और आपके व्यावसायिक रिश्ते भी मजबूत बनेंगे। इस राशि के जो व्यक्ति विदेश जाने का मन बना रहे थे , आज आपको किसी से मदद मिलेगी। आज आपके तय किए काम समय से पूरे होते हुए नजर आ रहे हैं।

**वृश्चिक :** आज आप किसी व्यक्ति की मदद से अपने कार्यों को पूरा करने में समर्थ रहेंगे, जिससे आपको ख़ुशी मिलेगी। आज ऑफिस में बॉस आपको किसी नए प्रोजेक्ट की जिम्मेदारी दे सकते हैं, आज आपको पिछले कुछ समय से अपने करियर और निजी जीवन संबंधी किए गए प्रयासों का फल मिलने का समय है।

**धनु :** आज का दिन आपके लिए खुशहाल रहने वाला है। आज आप पार्टनरशिप में किसी बिजनेस की शुरुआत कर सकते हैं, भविष्य में आप अच्छा लाभ कमायेंगें। इस राशि के सामाजिक कार्यों में कार्यरत व्यक्ति सामाजिक हित के लिए किसी विशेष मुद्दे को उठा सकते हैं।

**मकर :** आज का दिन आपके लिए मिला - जुला रहेगा। आज आप व्यापारिक लेन - देंन में सारी चीजें अच्छे से चेक करें और कर्मचारियों के साथ अच्छे से व्यवहार करें। आज आपको पैतृक सम्पत्ति का लाभ मिलेगा, जिससे आपके बहुत से अटके काम पूरे होंगे। आज आप दाम्पत्य जीवन की समस्याओं को सुलझाने का प्रयास करेंगे।

**कुंभ :** आज का दिन आपके लिए शानदार रहेगा। आज आप अपने सपनों को पूरा करने में काफी हद तक सफल रहेंगे। आज आपके दाम्पत्य जीवन में नयी जिम्मेदारियां आएंगी , जिसे आप बखूबी निभायेंगे। आज आपको किसी व्यक्ति की मदद करने का मौका मिलेगा , जिसे आप नजरंदाज न करें।

**मीन :** आज का दिन आपके लिए ठीक - ठाक रहेगा। आज आपको रोजगार में नए अवसर प्राप्त होंगे, जिससे आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा। आज आपके जमीन जायदाद से जुड़े कार्य प्रगति की ओर बढ़ेंगे। आज आप किसी मामले में घर के वरिष्ठ सदस्यों की सलाह ले सकते हैं, जिससे वो आसानी से सुलझ जायेगा।

## राष्ट्रपति ने सुप्रीम कोर्ट में दो नए जजों आलोक अराधे और विपुल एम. पंचोली की नियुक्ति को दी मंजूरी

**एजेंसी। नई दिल्ली**



भारत के राष्ट्रपति ने सुप्रीम कोर्ट में दो नए जजों की नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। राष्ट्रपति ने बॉम्बे हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस आलोक अराधे और पटना हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस विपुल एम. पंचोली को सुप्रीम कोर्ट का जज नियुक्त किया है। सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने हाल ही में इन दोनों जजों की नियुक्ति की सिफारिश केंद्र सरकार को भेजी थी। भारत के संविधान द्वारा प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए राष्ट्रपति ने भारत के मुख्य न्यायाधीश के परामर्श से इन नियुक्तियों को मंजूरी दी है।

केंद्रीय कानून और न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने दोनों जजों की नियुक्ति की जानकारी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के माध्यम से दी।

केंद्रीय कानून और न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने एक्स पर लिखा, "भारत के संविधान द्वारा दी गई शक्तियों का उपयोग करते हुए राष्ट्रपति ने भारत के मुख्य न्यायाधीश के साथ परामर्श के बाद बॉम्बे उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति आलोक अराधे और पटना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति विपुल मनुभाई पंचोली को भारत के सर्वोच्च न्यायालय का न्यायाधीश नियुक्त किया है।"

उल्लेखनीय है कि इसी साल मई में भारत के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई ने जस्टिस एन. वी. अंजनिया, जस्टिस विजय बिश्नोई, और जस्टिस अतुल एस. चंदुरकर को सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश के रूप में शपथ दिलाई थी। तीन जजों के शपथ लेते ही सुप्रीम कोर्ट में न्यायाधीशों की कुल संख्या 34 हो गई थी। 29 मई को सुप्रीम कोर्ट के कॉलेजियम ने इन तीनों जजों की नियुक्ति के संबंध में सिफारिश की थी, जिसे बाद में केंद्र सरकार की तरफ से मंजूरी दे दी गई थी। इस संबंध में केंद्र सरकार की तरफ से अधिसूचना भी जारी की गई थी। न्यायमूर्ति एन. वी. अंजनिया पूर्व में कर्नाटक उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश थे। न्यायमूर्ति विजय बिश्नोई पूर्व में गुवाहाटी उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश थे। न्यायमूर्ति अतुल एस. चंदुरकर पूर्व में बॉम्बे हाईकोर्ट के न्यायाधीश थे।

## जनता के गुस्से का शिकार हुए मंत्री श्रवण कुमार, जान बचाने को 1 किलोमीटर तक भागे

**पटना।** बिहार के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार और हिलसा विधायक कृष्ण मुरारी पर बुधवार को नालंदा ज़िले में ग्रामीणों ने हमला कर दिया। यह घटना उस समय हुई जब दोनों नेता गांव में नौ लोगों की मौत से प्रभावित परिवारों से मिलने गए थे। ग्रामीणों का आरोप है कि प्रशासन ने समय पर कार्रवाई नहीं की, जिसके कारण कई लोगों की जान चली गई। दो दिन पहले ही एक सड़क दुर्घटना हुई थी जिसमें एक ट्रक की चपेट में आने से ऑटो में सवार नौ लोगों की मौत हो गई थी।

मंत्री श्रवण कुमार और विधायक कृष्ण मुरारी जैसे ही गाँव पहुँचे, उन्होंने प्रभावित परिवारों से लगभग आधे घंटे तक मुलाकात की। इसके बाद, जब मंत्री और विधायक जाने वाले थे, तो ग्रामीणों ने मुआवज़े की मांग को लेकर हंगामा शुरू कर दिया। कुछ ही देर में ग्रामीण हिंसक हो गए और उन पर लाठियों से हमला कर दिया।

## ममता सरकार देश की सबसे भ्रष्ट! दिलीप घोष बोले-

# बंगाल में 1 करोड़ फर्जी वोटर

**एजेंसी। नई दिल्ली**



भारतीय जनता पार्टी के नेता दिलीप घोष ने बुधवार को ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली पश्चिम बंगाल सरकार पर तीखा हमला बोला और उसे देश की सबसे भ्रष्ट सरकार करार दिया। घोष पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के उन आरोपों का जवाब दे रहे थे जिनमें उन्होंने कहा था कि उनकी सरकार के मंत्री और विधायक जेल में हैं और ऐसा लग रहा है कि वे भ्रष्ट गतिविधियों में शामिल हैं। घोष ने दावा किया कि पश्चिम बंगाल में एक करोड़ से ज़्यादा फ़र्ज़ी मतदाता हैं, और उनका मानना है कि विशेष जांच और पंजीकरण (एसआईआर) प्रक्रिया शुरू होने के बाद ये मतदाता सूची से हटा दिए जाएंगे। उन्होंने टीएमसी पर इन फ़र्ज़ी पंजीकरणों के ज़रिए मतदाता आधार बनाने की कोशिश करने का आरोप लगाया। दिलीप घोष ने एएनआई से कहा कि ममता बनर्जी सरकार के मंत्री और विधायक जेल में हैं। चोर कौन हैं, ये तो सबको पता है। यहां शुरू होने के बाद, यहाँ के 1 करोड़ से ज्यादा फ़र्ज़ी मतदाता भी बाहर हो जाएँगे, इसलिए उनकी सरकार यहाँ भी नहीं बनेगी। वे इससे डरे हुए हैं, इसलिए ऐसे बेतुके बयान दे रहे हैं। देश की सबसे भ्रष्ट सरकार पश्चिम बंगाल में है। इससे पहले मंगलवार को, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर राज्य की महत्वपूर्ण कल्याणकारी योजनाओं के लिए धन रोकने का आरोप लगाया था। उन्होंने आगे आरोप लगाया कि पीएम मोदी ने पश्चिम बंगाल की जनता का अपमान किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार 100-दिवसीय मनरेगा कार्य कार्यक्रम, निर्मल जल योजना और प्रधानमंत्री आवास योजना सहित प्रमुख योजनाओं के लिए धनराशि जारी करने में विफल रही है। इसके बावजूद, ममता बनर्जी ने ज़ोर देकर कहा कि राज्य सरकार ने अपने स्वयं के धन का उपयोग करके इन सभी परियोजनाओं को जारी रखा है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने 100 दिनों के लिए धनराशि रोक दी है, नल जल योजना के लिए धनराशि रोक दी है।

## जनसंख्या | सीमाओं से 30 किलोमीटर तक के क्षेत्र में अतिक्रमण और अवैध ढांचों को हटाने के दिये निर्देश

# घुसपैठियों की अब खैर नहीं, अमित शाह

- अवैध प्रवास और बस्तियों पर सख्त कार्रवाई की बात दोहराई गई

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस साल स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले की प्राचीर से दिये गये अपने संबोधन में इस तथ्य पर विशेष ध्यान दिलाया था कि सीमा से लगे गांवों में अवैध प्रवास के कारण जनसंख्या संरचना में बदलाव आ रहा है और यह केवल भौगोलिक कारणों से नहीं, बल्कि एक सुनियोजित रणनीति का हिस्सा है। इसी परिप्रेक्ष्य में गृहमंत्री अमित शाह ने हाल ही में आयोजित वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम कार्यशाला में महत्वपूर्ण संकेत दिए।



अमित शाह ने साफ कहा कि सीमा क्षेत्रों में होने वाले जनसांख्यिकीय परिवर्तन केवल सामाजिक या प्राकृतिक प्रवाह का परिणाम नहीं हैं, बल्कि यह एक नियोजित प्रयास है। धार्मिक संरचनाओं अथवा अवैध कब्जों के माध्यम से स्थानीय जनसंख्या संतुलन बदलने की कोशिश की जाती है, जिससे दीर्घकालिक रूप से सुरक्षा पर असर पड़ता है। उन्होंने गुजरात का उदाहरण देते हुए बताया कि वहां भूमि और समुद्री सीमा क्षेत्रों में अवैध अतिक्रमण हटाए गए हैं।अमित शाह ने विशेष रूप से जिलाधिकारियों, मुख्य सचिवों और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों को निर्देशित किया कि वह सीमा से 30 किलोमीटर तक के क्षेत्र में अतिक्रमण और अवैध ढांचों को हटाएं। साथ ही अवैध प्रवास और बस्तियों पर गंभीरता से कार्रवाई करें। अमित शाह ने यह भी कहा कि और जिला प्रशासन आपस में समन्वय कर विकास योजनाओं को शत-प्रतिशत संतृप्ति तक पहुंचाएँ। हम आपको बता दें कि वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम का लक्ष्य केवल बुनियादी ढांचा निर्माण तक सीमित नहीं है। इसका वास्तविक उद्देश्य सीमा क्षेत्रों के गांवों को राष्ट्र की सुरक्षा में सहभागी बनाना है।

### क्या है वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम?

वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम केंद्र प्रायोजित योजना है जिसके तहत उत्तरी सीमा से सटे अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम, उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश जैसे राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के 19 जिलों के 46 ब्लॉक में 2,967 गांवों की व्यापक विकास के लिए पहचान की गई है। हम आपको याद दिला दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अक्टूबर 2023 में उत्तराखंड में चीन सीमा के नजदीक आखिरी गांव माणा में जब गये थे तब उन्होंने कहा था कि सीमाओं पर बसे गांव को आखिरी गांव नहीं पहला गांव कहा जाना चाहिए।

# ताज महल की नगरी आगरा में 42 तरह की नकली दवाएं

## नकली कफ सिरप से लेकर कैंसर किडनी फेफड़े तक की नकली दवाएं

● वहां से उप्र ,बिहार , झारखंड, मप्र,छत्तीसगढ़ ,राजस्थान तक सप्लाई चेन

नवेन्दु सिंह

**लखनऊ ।** आगरा सदियों से ताजमहल, आगरा का किला , संगमरमर उत्पादों, पेठा , हाथ से बने कालीनों व चमड़े के सामान के लिए प्रसिद्ध है।लेकिन अब यह बुखार-खांसी , नकली कफ सिरप से लेकर कैंसर , किडनी , फेफड़े तक की नकली दवाओं के लिए कुप्रसिद्ध हो गया है। वहाँ से उत्तर प्रदेश ,बिहार , झारखंड, मध्य प्रदेश से लगायत राजस्थान तक में सप्लाई चेन बना हुआ है। उसी आगरा में 'हे मां मेडिको' के यहां छापे के दौरान बुखार-खांसी से लेकर कैंसर तक की नकली दवाएं पकड़ी गई हैं। ये दवाएं मरीज़ व मर्ज, पर कोई असर नहीं करती हैं। इनको बड़े पैमाने पर कहां-कहां खपाया जा रहा है, इसकी अब जांच करने की बात कही जा रही है। हालत यह है कि दवा माफिया जुकाम-खांसी से लेकर कैंसर जैसी बीमारियों में उपयोग की जाने वाली जीवनरक्षक दवाओं को भी नकली बना रहे हैं। इसके कारण मरीज की गाढ़ी कमाई या कर्ज से लिया गया धन भी खर्च हो रहा है , वह कंगाल होता जा रहा है और दवा मर्ज कोई काम भी नहीं कर रही है। अचरज यह है कि इन नकली दवाओं को हिमाचल प्रदेश में बनवाकर उप्र के आगरा से इनका काला कारोबार चलाया जा रहा है। एसटीएफ की जांच में अब तमिलनाडु व पुडुचेरी से इस नकली दवा कारोबारी धंधे के तार जुड़ होने की जानकारी मिल रही है। इनको बड़े पैमाने पर कहां-कहां खपाया जा रहा है, इसकी भी जांच की जा रही है। आगरा के फव्वारा पर 'हे मां मेडिको' के यहां से जुकाम, खांसी, एंटी एलर्जी, एंटीबायोटिक समेत कई तरह की नकली दवाएं बरामद की गई हैं। इन दवाओं को तमिलनाडु के चेन्नई व केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी से मंगवाया जा रहा था। इनको लखनऊ के पते पर मंगवाकर आगरा में भंडारण कर कई प्रदेशों में खपाया जा रहा था। इससे पहले भी आगरा में नकली कफ सिरप, एंटीबायोटिक, बुखार-खांसी, मधुमेह, कैंसर, किडनी की भी नकली दवाओं का काला कारोबार पकड़ा जा चुका है। औषधि विभाग की जांच में बीते एक साल में 80 नमूने फेल हो चुके हैं, जिसमें 42 दवाएं नकली मिली हैं। सहायक आयुक्त औषधि अतुल उपाध्याय ने बताया कि टीम ने छापा मारकर अवैध फैक्ट्री पकड़ते हुए आरोपियों के विरुद्ध केस दर्ज कराए हैं। विभाग की जांच में 42 से ज़्यादा दवाएं नकली मिली हैं, इनके विक्रेताओं पर केस भी चल रहा है।सहायक आयुक्त औषधि अतुल उपाध्याय ने बताया कि आम लोगों के लिए नकली दवाओं की पहचान करना बेहद मुश्किल है। क्योंकि इन दवाओं की पैकिंग हूबहू असली की तरह की जाती है। शहर में नकली और सैंपल दवाएं कई बार पकड़ी जा चुकी हैं। कोतवाली के बाजार से पूरा खेल चलता है। सिकंदरा व जगदीशपुरा में नकली दवाओं की फैक्ट्री पकड़ी गई थी। गोदाम तक पर कार्रवाई की जा चुकी है। पंजाब, दिल्ली व राजस्थान की टीमें आगरा में छापेमारी कर चुकी हैं। पूर्व में कई फर्म के संचालक व कर्मचारियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। इस बार भी टीम की कार्रवाई के बाद इस खेल से जुड़े लोग भूमिगत हो गए हैं। इनके बारे में एसटीएफ को गोपनीय सूचनाएं मिल रही हैं।लोगों का कहना है कि छापा वगैरह बंद होने के कुछ माह बाद फिर धंधा किसी और जगह व ठिकाने से शुरू हो जाता है। और हालत यह है कि तमाम लोग असली -नकली के रैपर आदि में अंतर नहीं होने क



कारण समझ नहीं पाते हैं कि कौन सी दवा असली है , कौन नक़ली। और वे दुकानदार द्वारा दी गई नक़ली दवा ले लेते हैं। दवा वाली है तो कोई असर करती नहीं है, जिसके कारण गंभीर बीमारी से ग्रसित मरीज मर जाते हैं।आम गरीब आदमी करे तो क्या करे, कहां जाए, किसके पास जाए?

# राहुल की बिहार यात्रा की काट की भाजपा की रणनीति

## भाजपा के तमाम बड़े नेता राज्य के सभी 38 जिलों में संवाददाता सम्मेलन करेंगे

ब्यूरो



अलग-अलग नेता हर ज़िले में प्रेस वालों से अलग-अलग बात करेंगे, साक्षात्कार देंगें

**नई दिल्ली।** लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी बिहार में जिस तरह तमाम विवादों व धांधली के आरोप वाले मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के विरोध में बिहार में बड़ी यात्रा निकाल रहे हैं, जिसको 'वोटर अधिकार यात्रा' कहा जा रहा है, उसमें बहुत भीड़ उमड़ रही है। उसको देखतेहुए बिहार भाजपा के बड़े नेताओं ने केंद्र से इसकी काट के उपाय करने का आग्रह किया। जिसके बाद शीर्ष नेताओं ने एनडीए के सहयोगी दलों के बड़े नेताओं के साथ बिहार में रैली करने की योजना बनाई है। जिसमें दक्षिण भारत के चंद्रबाबू नायडू व अन्य नेताओं के आने की बात है। क्योंकि राहुलगांधी के साथ इस यात्रा में राजद नेता व पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव सहित इंडिया गठबंधन के तमाम नेता शामिल हो रहे हैं, स्टालिन भी शामिल हुए, और ये सभी चुनाव से पहले एसआईआर को बिहार में एक बड़ा मुद्दा बनाने की कोशिश कर रहे हैं।बिहार भाजपा के कुछ नेताओं का मानना हैकि एसआईआर से भाजपा या एनडीए को कोई फायदा नहीं हुआ बल्कि अन्य दलों की तरह एनडीए समर्थक कई मतदाताओं के नाम कट गए हैं। और इसके पहले हुए वक्फ संशोधन विधेयक ने मुस्लिम-यादव समीकरण को राजद व कांग्रेस के पक्ष में मजबूत कर दिया है। इसके अलावा जनसुराज पार्टी के प्रमुख प्रशांत किशोर पांडेय भी बिहार भाजपा के कई बड़े नेताओं के विरूद्ध तमाम आरोप लगा रहे हैं। प्रशांत किशोर के निशाने पर बिहार भाजपा अध्यक्ष दिलीप कुमार जायसवाल, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी व स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडे हैं। प्रशांत किशोर ने इन तीनों पर भ्रष्टाचार व गड़बड़ियों में शामिल होने के आरोप लगाए हैं ,जबकि भाजपा ने उनके आरोपों को झूठा बताया है।प्रशांत किशोर ने दिलीप जायसवाल पर एक सिख संस्थान पर धोखाधड़ी से कब्जा करने, सम्राट चौधरी पर अपने शैक्षिक रिकॉर्ड में हेराफेरी करने और मंगल पांडे पर एम्बुलेंस घोटाले में शामिल होनेका आरोप लगाया है। इन हालात में बिहार भाजपा के नेताओं का मानना है कि पीएम मोदी व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की छवि व एनडीए के एकजुट प्रचार से भाजपा को होने वाले किसी भी नुकसान की भरपाई की जा सकती है। केन्द्रीय भाजपा ने अपने तमाम बड़े नेताओं को राज्य के सभी 38 जिलों में संवाददाता सम्मेलन करने , उसके अलावा अलग-अलग नेताओं को प्रेस वालों से अलग -अलग बात करने, साक्षात्कार देने को कहा है। इसके लिए बिहार की सभी 243 विधानसभा सीटों पर जनसंपर्क करने के लिए एनडीए ने 14 टीम का गठन किया है।भाजपा के कुछ नेताओं ने इस बात को स्वीकार किया कि इसकी उम्मीद नहीं थी कि राहुल गांधी की यात्रा में इतनी भीड़ जुटेगी। भाजपा के एक सांसद का कहना है कि राहुल गांधी की यात्रा में इसलिए भीड़ जुटी क्योंकि हम पीछे चल रहे थे। प्रशांत किशोर के आरोपों की वजह से भी हमारे नेताओं पर सवाल उठे हैं। भाजपा के एक अन्य नेता कहते हैं कि यादव व मुस्लिम समुदाय के मतदाता राजद व कांग्रेस के साथ एकजुट होते दिख रहे हैं और दलित समुदाय का कुछ हिस्सा भी इंडिया गठबंधन की ओर जा रहा है। हालांकि भाजपा के कुछ नेता ऐसा भी मानते हैं कि राहुल गांधी की यात्रा व एसआईआर को जिस तरह मुद्दा बनाया जा रहा है, उससे एनडीए को विधानसभा चुनाव में कोई नुकसान होगा। इस बारे में पूर्व केंद्रीय मंत्री शाहनवाज हुसैन कहते हैं कि यह कहना गलत है कि राहुल की यात्रा में भारी भीड़ जुट रही है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की यात्रा में ऐसे नेता शामिल होते हैं जिन्हें कांग्रेस याआरजेडी का टिकट चाहिए।इसलिए वो लोग अपने कार्यकर्ताओं की भीड़ ला रहे हैं।

# वायुसेना के पूर्व अफसर को 37 दिन डिजिटल अरेस्ट कर ठगे 3.22 करोड़

ब्यूरो



● डरा - धमका कर फर्जी कोर्ट में पेशी भी कराई
● ऐसा होने पर बिना डरे अपने परिचितों व साइबर पुलिस को फ़ोन करके बताएं

**नई दिल्ली।** दिल्ली एनसीआर के नोएडा सेक्टर-25 में साइबर जालसाजों ने एक परिवार को 37 दिन तक डिजिटल अरेस्ट कर वायु सेना के एक सेवानिवृत अधिकारी से 3 करोड़ 22 लाख रुपये की ठगी कर ली। जालसाजों ने मनी लॉन्ड्रिंग में फंसाने व बचाने के नाम पर ठगी की वारदात को अंजाम दिया। आरोपियों ने डिजिटल अरेस्ट के दौरान कथित पीएमएलए कोर्ट में पेश भी किया।ठगी के शिकार परिवार के बयान पर इस वारदात की अब साइबर थाने में केस दर्ज किया गया है। सेक्टर 25 में रहने वाली मलोबिका मित्रा ने पुलिस से शिकायत की है कि वह माता पिता के साथ रहती हैं। पिता सुबीर मित्रा के पास 16 जुलाई को ट्राई के नाम से एक व्यक्ति ने फोन किया और कहा, आपके नाम से जारी एक सिम से अश्लील मैसेज व गलत जानकारी भेजी जा रही है। इसके बाद कॉलर ने मुंबई क्राइम ब्रांच के कथित अधिकारी को लगा दिया। इसके बाद कथित पुलिस अधिकारी ने कहा, आपके आधार कार्ड से मुंबई में केनरा बैंक में एक खाता खोला गया है। इसका उपयोग नरेश गोयल से जुड़े मनी लांड्रिंग केस में हो रहा है। इसके बाद कथित पुलिस अधिकारी ने कहा, मामले में आपके विरुद्ध गैर जमानती वारंट जारी किया गया है और तुरंत मुंबई आना होगा ( इस तरह का कोई फोन आपके पास आवे तो आप उससे बिना डरे तुरंत अपने परिचितों को तो बतावें ही , तुरंत साइबर धोखाधड़ी से संबंधित राष्ट्रीय हेल्पलाइन नंबर 1930 पर फोन करके रिपोर्ट लिखावें , उसके बाद शिकायतों को अतिरिक्त जानकारी के साथ उपरोक्त वेबसाइट पर पूरा विवरण भी लिख दें )। इसके बाद सुबीर, पत्नी व बेटी तीनों को जालसाजों ने डराया और 16 जुलाई से 22 अगस्त तक तीनों को घर में डिजिटल अरेस्ट कर लिया। इस दौरान जालसाजों ने कथित रूप से पीएमएलए कोर्ट में ऑनलाइन पेश किया। इस पर कोर्ट ने कथित तौर से फैसला दिया कि सुबीर के खाते का सत्यापन किया जाए। इस पर जालसाजों ने कहा, खाते में जितनी भी रकम है, उसे अलग-अलग खाते में भेज दें। यदि सत्यापन में सभी जांच ठीक हुई तब रकम वापस भेजी जाएगी। इसके बाद जालसाजों ने अलग-अलग खातों में 3.22 करोड़ ट्रांसफर करा लिया। इसके बाद जालसाजों ने संपर्क तोड़ लिया तब परिवार को ठगी का अहसास हुआ। इसके बाद इस मामले की शिकायत एनसीआरपी पोर्टल पर की। साइबर क्राइम थाने में भी केस दर्ज किया गया है। ठगी की जानकारी मिली है।इस बारे में शैव्या गोयल, एडीसीपी साइबर सेल का कहना है - 'शिकायत मिलते ही पुलिस उन खातों की जांच कर रही है जिनमें रकम ट्रांसफर की गई है।

# काबुल में सड़क दुर्घटना, 25 लोगों की मौत, 27 घायल

काबुल (आईएएनएस)

अफगानिस्तान की राजधानी काबुल के पश्चिम में बुधवार सुबह एक यात्री बस के पलट जाने से कम से कम 25 लोगों की मौत हो गई और 27 अन्य घायल हो गए। यह जानकारी तालिबान के आंतरिक मामलों के मंत्रालय के एक अधिकारी ने दी। मंत्रालय के प्रवक्ता अब्दुल मतीन कानी ने समाचार एजेंसी सिन्हुआ को बताया कि यह घटना दक्षिणी कंधार को काबुल से जोड़ने वाले राजमार्ग पर अरघांडी इलाके में हुई और लापरवाही से गाड़ी चलाने के कारण हुई। कानी ने आगे बताया कि पुलिस और आपातकालीन सेवाओं ने तुरंत संज्ञान लिया और घायलों को इलाज के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्रों में पहुंचाया।

अफगानिस्तान में सड़क सुरक्षा के लिहाज से यह सप्ताह बेहद विनाशकारी रहा है, जिसमें लगभग 100 लोगों की जान चली गई। काबुल की दुर्घटना से पहले पश्चिमी हेरात प्रांत के गुजारा जिले में एक और भीषण हादसा हुआ था। इस दुर्घटना में एक यात्री बस ईरान से निर्वासित अफगान प्रवासियों को काबुल ले जा रही थी। यह बस एक मोटरसाइकिल और ईंधन ट्रक से टकरा गई, जिसके बाद बस में आग लग गई और 79 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में 19 बच्चे और कई महिलाएं शामिल थीं। प्रांतीय पुलिस ने बताया कि 24 अगस्त को उत्तरी अफगानिस्तान के बदख्शां प्रांत में एक वाहन के सड़क से उतरकर पलट जाने से तीन यात्रियों की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। प्रांतीय पुलिस प्रवक्ता एहसानुल्लाह कामगर ने बताया कि यह घटना 24 अगस्त को कोहिस्तान जिले के पुल-ए-शोपे इलाके में हुई, जहां एक यात्री वाहन लापरवाही से गाड़ी चलाने के कारण पलट गया। मृतकों में एक महिला और एक बच्चा शामिल हैं, जिनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। कामगर ने बताया कि चार घायलों को तुरंत इलाज के लिए स्थानीय स्वास्थ्य केंद्रों में ले जाया गया। सूचना एवं संस्कृति मामलों के प्रांतीय निदेशक हाफिज अब्दुल बारी राशिद ने बताया कि 22 अगस्त को दक्षिणी अफगानिस्तान के हेलमंद प्रांत में एक ट्रैक्टर के नदी में गिर जाने से 12 लोगों की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। अधिकारी ने बताया कि यह घातक दुर्घटना गरमसिर जिले में हुई, जिसमें तीन महिलाओं और नौ बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए, सभी बच्चे थे। अधिकारी ने बताया कि सुरक्षाकर्मी समय पर दुर्घटनास्थल पर पहुंच गए और 14 अन्य लोगों को बचा लिया।

### अफगानिस्तान में सड़क हादसों का काला सप्ताह-करीब 100 मौतें



**हेरात हादसा (गुजारा जिला)**
- ईरान से निर्वासित अफगान प्रवासियों को ले जा रही बस मोटरसाइकिल और ईंधन ट्रक से टकराई।
- हादसे के बाद बस में आग लग गई।
- 79 लोगों की मौत, जिनमें 19 बच्चे और कई महिलाएं शामिल।

**काबुल हादसा**
- हेरात की दुर्घटना से पहले काबुल में भीषण सड़क हादसा हुआ।
- कई लोगों की मौत की पुष्टि, घटनास्थल पर अफरा-तफरी।

**बदख्शां हादसा (24 अगस्त)**
- कोहिस्तान जिले के पुल-ए-शोपे इलाके में यात्री वाहन पलटा।
- 3 लोगों की मौत (एक महिला व एक बच्चा मौके पर ही मारे गए)।
- 4 यात्री घायल, जिन्हें स्थानीय स्वास्थ्य केंद्रों में भर्ती कराया गया।
- हादसे का कारण लापरवाही से गाड़ी चलाना बताया गया।

**हेलमंद हादसा (22 अगस्त)**
- गरमसिर जिले में एक ट्रैक्टर नदी में गिरा।
- 12 लोगों की मौत, जिनमें 3 महिलाएं और 9 बच्चे शामिल।
- 4 बच्चे घायल, सभी का इलाज जारी।
- सुरक्षाकर्मियों ने समय पर पहुंचकर 14 अन्य लोगों को बचाया।

# पाकिस्तान में डेंगू का कहर कई प्रांतों में बढ़ रहे मामले



**इस्लामाबाद (आईएएनएस)।** पाकिस्तान के रावलपिंडी में डेंगू के छह नए मामले सामने आए, जिससे अब तक कुल मामलों की संख्या बढ़कर 76 हो गई है। स्थानीय मीडिया के अनुसार, फिलहाल 41 मरीज तीन सरकारी अस्पतालों में इलाज करा रहे हैं। इनमें 13 मरीज डेंगू पॉजिटिव पाए गए हैं, जबकि 28 मरीजों की डेंगू सिरोलॉजी रिपोर्ट अभी लंबित है। संवेदनशील क्षेत्रों में कल्याल, घरी सिकंदर, धोके दलाल, शरियाल नॉर्थ, गिर्जा, दौलताला, धोके कश्मीरियां और रावलपिंडी कैंटोनमेंट की वार्ड संख्या 13, 17 और 8 शामिल हैं। पाकिस्तान के प्रमुख अखबार डॉन के अनुसार, डेंगू रोकथाम को लेकर सांसद ताहिरा औरंगजेब, दानियाल चौधरी और डिविजनल कमिश्नर की अध्यक्षता में एक बैठक भी हुई। नेशनल असेंबली की सदस्य (एमएनए) ताहिरा औरंगजेब ने नियमित फॉगिंग अभियान चलाने के निर्देश दिए और स्थानीय प्रशासन व श्रम विभाग को फील्ड गतिविधियां तेज करने को कहा।

# इजरायली सेना : गाजा नासिर अस्पताल हमले में सुरक्षा कैमरे नष्ट

## दोहरा हमला, अस्पताल की निगरानी व्यवस्था ध्वस्त



यरूशलम (आईएएनएस)

इजरायल रक्षा बलों ने अपनी प्रारंभिक जांच में दावा किया है कि गाजा के नासिर अस्पताल पर हुए दोहरे हमले का उद्देश्य हमास द्वारा लगाए गए कैमरे को नष्ट करना था। गाजा के स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार, नासिर अस्पताल पर हुए दोहरे हमले में कम से कम 20 लोग मारे गए, जिनमें पांच पत्रकार और कई स्वास्थ्यकर्मी शामिल थे। सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, नासिर अस्पताल दक्षिणी गाजा में आंशिक रूप से कार्यरत अंतिम चिकित्सा केंद्र था। इजराइल के 22 महीने के सैन्य अभियानों ने गाजा के स्वास्थ्य ढांचे को भारी नुकसान पहुंचाया है, जिसके चलते अधिकांश अस्पताल या तो पूरी तरह नष्ट हो चुके हैं या आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हैं। एक बयान में, सेना ने कहा कि गोलानी ब्रिगेड के सैनिकों ने खान यूनिस के नासिर अस्पताल क्षेत्र में एक निगरानी कैमरे की पहचान की थी, जिसे कथित तौर पर हमास ने आईडीएफ की गतिविधियों पर नज़र रखने और आतंकवादी गतिविधियों को निर्देशित करने के लिए लगाया था। सेना ने अपने दावे के समर्थन में कोई सबूत नहीं दिया।

# जर्मनी में अपनी मर्जी से सेना में सेवा दे सकेंगे लोग

## रूस से सुरक्षा खतरों को देखते हुए पास हुआ बिल



एजेंसी । नई दिल्ली

जर्मनी की संसद ने रूस से सुरक्षा खतरे को भांपते हुए वॉलंटरी मिलिट्री सर्विस मिल को पास कर दिया है। इसके बाद लोग अपनी मर्जी से सेना में सेवा दे सकेंगे। नियमों के मुताबिक 18 साल या अधिक उम्र के युवा अपनी क्षमता के मुताबिक सेना का फॉर्म भरेंगे और उन्हें 6 महीने ट्रेनिंग दी जाएगी। जर्मनी के रक्षा मंत्री बोरिस पिस्टोरियस ने बताया कि इस योजना के तहत रिजर्व सैनिकों की संख्या को दोगुना किया जाएगा। इनमें से कुछ युवाओं को सेना में नौकरियां भी दी जाएंगी। जर्मनी में अभी 1 लाख रिजर्व सैनिक हैं। रक्षा मंत्री ने कहा कि 2030 तक सेवा में सैनिकों की संख्या 1,80,000 से बढ़ाकर 260,000 करना चाहते हैं। ताकि नाटो के लक्ष्यों को पूरा किया जा सके। और जर्मनी की सुरक्षा को मजबूत किया जा सके। वहीं, जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज ने इस बिल से खुश नहीं है। मर्ज जर्मनी में फिर से अनिवार्य सेना भर्ती को लागू करने की वकालत कर रहे हैं।


# यमन के जेल में बंद केरल की नर्स निमिषा प्रिया की रिहाई का प्रयास जारी



**तिरुवनंतपुरम (आईएएनएस)।** यमन में मौत की सजा का सामना कर रही केरल की नर्स निमिषा प्रिया की रिहाई सुनिश्चित करने के प्रयासों में तेजी आई है। धायक चांडी ओमन के मुताबिक, खाड़ी देशों खासकर संयुक्त अरब अमीरात और कतर में यमन से जुड़े प्रवासी व्यापारियों के माध्यम से बातचीत सक्रिय रूप से आगे बढ़ रही है। ओमन ने कहा, "कंथापुरम समूह के नेतृत्व में चल रहे मध्यस्थता प्रयासों को दरकिनार करने का कोई प्रयास नहीं किया गया है। आने वाले दिनों में सकारात्मक खबरों की उम्मीद है। ओमन, केरल के दो बार के पूर्व मुख्यमंत्री ओमन चांडी के पुत्र हैं।

## फिल्म उद्योग की हड़ताल

# रवि तेजा... की मास जथारा की रिलीज टली



फिल्म उद्योग की हड़ताल के कारण जाने-माने फिल्म अभिनेता रवि तेजा और अदाकारा श्रीलीला अभिनीत तेलुगु फिल्म मास जथारा 27 अगस्त को रिलीज नहीं होगी। इसके निर्माताओं ने मंगलवार को यह जानकारी दी। प्रोडक्शन हाउस 'सितारा एंटरटेनमेंट्स' ने अपने 'एक्स' हैंडल पर कहा कि हाल में फिल्म उद्योग की हड़ताल और महत्वपूर्ण विषय-वस्तु को पूरा करने में अप्रत्याशित देरी के कारण, 'मास जथारा' अपनी निर्धारित तिथि 27 अगस्त को प्रदर्शित नहीं हो पाएगी। उसने कहा कि इस फिल्म को जल्द से जल्द रिलीज़ करने के लिए टीम तेजी से काम कर रही है तथा फिल्म को रिलीज़ करने की नई तारीख का जल्द ऐलान किया जाएगा। 'तेलुगु फिल्म इंडस्ट्री एम्पलाइज फेडरेशन' ने कर्मचारियों के वेतन में 30 फीसदी वृद्धि की पुरानी मांग को लेकर चार अगस्त को हड़ताल का आह्वान किया था। तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी के हस्तक्षेप के बाद 18 दिन बाद हड़ताल समाप्त हुई।

कहानी फिल्म जगत की

# अमेरिका के स्कूल में गोलीबारी, 3 की मौत, 20 घायल, पुलिस ने हमलावर को मार गिराया, राष्ट्रपति ट्रंप को भी जानकारी दी गई

एजेंसी । वॉशिंगटन डीसी

अमेरिका के मिनेसोटा में बुधवार को एक कैथोलिक स्कूल में हुई गोलीबारी में तीन लोगों की मौत हो गई और 20 घायल हो गए। पुलिस ने हमलावर को मार गिराया। वहीं, कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि हमलावर ने खुद को गोली मार ली, जिससे उसकी मौत हो गई। मिनेसोटा की सीनेटर टीना स्मिथ नें एक्स पर लिखा- मैं और मेरी टीम इस घटना पर नजर रख रहे हैं। पुलिस ने तेजी से काम किया, इसके लिए मैं आभारी हूं। स्कूल का पहला हफ्ता है, बच्चों को डर में नहीं जीना चाहिए। राष्ट्रपति ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर लिखा कि उन्हें इस घटना की पूरी जानकारी दी गई है। एफबीआई ने फौरन कार्रवाई की और वे वहां मौजूद हैं। व्हाइट हाउस हालात पर नजर रख रहा है।

**लोगों को हादसे वाली जगह से दूर रहने की सलाह :** होमलैंड सिक्योरिटी की सेक्रेटरी क्रिस्टी नोएम ने कहा कि वे इस मामले पर नजर रख हुए हैं और दूसरी एजेंसियों के साथ बात कर रही हैं। उन्होंने कहा- मैं पीड़ितों और उनके परिवारों के लिए प्रार्थना करती हूं। लोगों से इस इलाके से दूर रहने को कहा गया है ताकि पुलिस और इमरजेंसी टीमें आसानी से घायलों की मदद कर सकें।



**स्कूल में 8वीं तक के बच्चे पढ़ते हैं :** मिनेसोटा के जिस कैथोलिक स्कूल में गोलीबारी की गई वहां प्रीस्कूल से लेकर 8वीं कक्षा तक के बच्चे पढ़ते हैं। स्कूल की वेबसाइट पर पोस्ट किए गए आज के कैलेंडर के मुताबिक, स्टूडेंट्स को लोकल समय के मुताबिक सुबह 8:15 बजे सामूहिक प्रार्थना में शामिल होना था।

# अमेरिका जाने वाले माल की शिपमेंट स्वीकार नहीं कर रहा रूसी डाक विभाग

**मॉस्को (आईएएनएस)।** रूस के राष्ट्रीय डाक परिचालक, रशियन पोस्ट ने संयुक्त राज्य अमेरिका जाने वाले पार्सल शिपमेंट की स्वीकृति निलंबित कर दी है। रूसी पोस्ट ने एक बयान में बताया, यह फैसला इसलिए लिया गया है क्योंकि अमेरिका 29 अगस्त 2025 से पार्सल में आने वाले सामान पर कस्टम ड्यूटी लगाने वाला है। फिलहाल, यह नियम केवल सामान वाले पार्सल पर लागू होगा। नए नियमों के तहत लिखित पत्राचार पर कोई असर नहीं पड़ेगा। सिन्हुआ की रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिकी सीमा शुल्क और सीमा सुरक्षा को शुल्क भुगतान की प्रक्रिया अभी भी स्पष्ट नहीं है। जिसके कारण सभी एयरलाइन कंपनियों ने अमेरिका को वस्तुओं से भरे पार्सल की डिलीवरी रोक दी है। रिपोर्ट के मुताबिक, "रूसी पोस्ट इस मार्ग पर हवाई डिलीवरी करने में असमर्थ है।

# संयुक्त राष्ट्र महासभा ने सुरक्षा परिषद सुधारों को अगले सत्र के लिए स्थगित किया

संयुक्त राष्ट्र (आईएएनएस)

सुरक्षा परिषद सुधारों को लेकर संयुक्त राष्ट्र महासभा में लगातार गतिरोध बना हुआ है। नतीजन संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 17वीं बार सुरक्षा परिषद सुधारों को स्थगित किया। इसका कारण यह है कि सदस्य देशों के बीच चर्चा के लिए कोई एजेंडा तय करने पर सहमति नहीं बन पाई। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने मंगलवार को सुरक्षा परिषद सुधार और नए स्थायी सदस्यों को जोड़ने की चर्चा को अगले सत्र में भेजने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया। जी-4 संगठन



(भारत, ब्राजील, जर्मनी और जापान देशों का ग्रुप) की ओर से बोलते हुए जापान ने कहा कि सुरक्षा परिषद की विफलता संयुक्त राष्ट्र में विश्वास और अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था बनाए रखने की उसकी क्षमता को कमजोर करती है। संयुक्त राष्ट्र में जापान के स्थायी मिशन के राजनीतिक अनुभाग के मंत्री इरिया ताकायुकी ने कहा, "सुरक्षा परिषद सुधार की लगातार विफलता सिर्फ परिषद से जुड़ा मामला नहीं है, बल्कि यह पूरे संयुक्त राष्ट्र की विश्वसनीयता और बहुपक्षीय प्रणाली पर प्रश्नचिह्न लगाता है। उन्होंने कहा, "इस वास्तविकता को देखते हुए कि संयुक्त राष्ट्र में विश्वास डगमगा गया है और अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था अस्थिर है, परिषद सुधार न सिर्फ संयुक्त राष्ट्र को मजबूत करने के लिए, बल्कि पूरी अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था को बनाए रखने के लिए जरूरी है। मंत्री इरिया ताकायुकी ने कहा कि यह एक ऐसा मुद्दा है जो सिर्फ कुछ देशों की चिंता नहीं, बल्कि सभी सदस्य देशों से जुड़ा है। जी-4 के चारों देश लंबे समय से सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्यों की संख्या बढ़ाने और एक-दूसरे का समर्थन करने की मांग करते रहे हैं। इरिया ने कहा, "गंभीर अंतरराष्ट्रीय चुनौतियों और उनसे निपटने में सुरक्षा परिषद की महत्वपूर्ण भूमिका को देखते हुए परिषद में तत्काल सुधार की जरूरत है और इसे बिना किसी देरी के आगे बढ़ाया जाना चाहिए। इंटर-गवर्नमेंटल नेगोशिएशन (आईजीएन), जो सुरक्षा परिषद सुधारों की एक प्रक्रिया है, उसमें एक प्रगति के रूप में इरिया ने सह-अध्यक्षों की ओर से तैयार किए गए संशोधित "एलिमेंट्स पेपर" का जिक्र किया।

### जापान का बयान
- सुरक्षा परिषद की विफलता संयुक्त राष्ट्र में विश्वास को कमजोर करती है।
- अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था बनाए रखने की क्षमता पर भी असर पड़ रहा है।

### विश्वसनीयता पर संकट
- संयुक्त राष्ट्र में भरोसा डगमगा गया है।
- अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था अस्थिर हो रही है।

### आरटीजीएस/एनईएफटी में सुरक्षा बढ़ाने को पूर्व रास सदस्य ने वित्त मंत्री को भेजा पत्र, कहा

# हाई वैल्यू ट्रांसेक्शन में लाभार्थी का नाम व खाता संख्या दोनों का सत्यापन हो

**नवीन मेल संवाददाता**



● केवल खाता संख्या के आधार पर भुगतान करना जोखिमपूर्ण है

**रांची।** झारखंड से पूर्व राज्यसभा सदस्य महेश पोद्दार ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को पत्र लिखकर 14 अक्टूबर 2010 की अधिसूचना संख्या 235 के कार्यान्वयन से संबंधित अपनी चिंताएं व्यक्त की हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान प्रणाली में आरटीजीएस/एनईएफटी लेन-देन मुख्य रूप से केवल खाता संख्या पर आधारित होते हैं। प्राप्तकर्ता का नाम मिलान प्रक्रिया में प्राथमिकी दर्ज नहीं पाता। इससे कभी-कभी खाता संख्या गलत होने या मेल खा जाने की स्थिति में त्रुटि या धोखाधड़ी की संभावना बनी रहती है।

महेश पोद्दार ने कहा कि वर्तमान समय में डिजिटल लेन-देन की गति और संख्या दोनों बढ़ी है। ऐसे में यह आवश्यक है कि आरटीजीएस/एनईएफटी प्रणाली पूरी तरह सुरक्षित और त्रुटिहीन हो। केवल खाता संख्या के आधार पर भुगतान करना जोखिमपूर्ण है। यदि प्राप्तकर्ता के नाम और खाता संख्या का मिलान सुनिश्चित किया जाए, तो धोखाधड़ी और गलत भुगतान जैसी समस्याओं से बचा जा सकता है। मेरा मानना है कि छोटे-छोटे तकनीकी सुधारों से ग्राहकों का विश्वास और वित्तीय व्यवस्था की पारदर्शिता दोनों बढ़ेंगी।

राज्यसभा के पूर्व सदस्य पोद्दार ने यह सुझाया कि हाई वैल्यू ट्रांसेक्शन में लाभार्थी का नाम और खाता संख्या दोनों का सत्यापन सुनिश्चित किया जाए। बैंकों में लाभार्थी विवरणों की प्रविष्टि और सत्यापन के लिए मजबूत सिस्टम लागू हो। प्राप्तकर्ता के नाम और खाता संख्या का तकनीकी रूप से मिलान करने वाली व्यवस्था बने, ताकि गलत भुगतान या विवाद की स्थिति से बचा जा सके। उन्होंने कहा कि अधिसूचना की समीक्षा कर ऐसे समायोजन किए जाने चाहिए, जिससे लेन-देन की सुरक्षा और ग्राहक संतुष्टि दोनों सुनिश्चित हो सकें।

सांसद महेश पोद्दार के पत्र के आलोक में वित्त मंत्रालय के आर्थिक सलाहकार डॉ अभिजीत फुकन ने उत्तर देते हुए सूचित किया है कि यह मामला भारतीय रिजर्व बैंक के समक्ष उठाया गया है। मंत्रालय ने महेश पोद्दार के सुझावों को भुगतान प्रणाली को और अधिक सुरक्षित व कुशल बनाने की दिशा में सराहनीय बताया है।

### झारखंड कोचिंग सेंटर नियंत्रण व विनियमन विधेयक पर बोले खत्री

# छात्र हित में कोचिंग एक्ट लागू करना हेमंत सरकार का ऐतिहासिक कदम

**नवीन मेल संवाददाता**



● खत्री ने कहा-शिक्षा कारोबार नहीं, सेवा है


**रांची।** झारखंड विधानसभा में पारित 'झारखंड कोचिंग सेंटर (नियंत्रण एवं विनियमन) विधेयक, 2025' को लेकर झामुमो के केंद्रीय सदस्य डॉ तनुज खत्री ने कहा कि यह अधिनियम राज्य के लाखों छात्रों और अभिभावकों की सुरक्षा के लिए मील का पत्थर साबित होगा। डॉ तनुज ने एक प्रेस वक्तव्य जारी कर कहा कि आज शिक्षा का एक बड़ा हिस्सा कोचिंग संस्थानों पर आधारित है और लंबे समय से इस क्षेत्र में नियंत्रण की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। हेमंत सोरेन सरकार ने यह ऐतिहासिक कदम उठाकर यह स्पष्ट संदेश दिया है कि झारखंड में शिक्षा सेवा है, कारोबार नहीं।

डॉ तनुज ने कहा कि अब कोचिंग संस्थानों का पंजीकरण अनिवार्य होगा और मनमानी फीस वसूली पर पूरी तरह रोक लगेगी। यह कदम खास तौर पर गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों के लिए राहत लेकर आया है, जिनकी मेहनत की कमाई अब सुरक्षित रहेगी। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार ने छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए दूरदर्शी निर्णय लिया है। प्रत्येक कोचिंग सेंटर में प्रमाणित मानसिक स्वास्थ्य परामर्शदाता की नियुक्ति अनिवार्य होगी, जिससे छात्रों पर बढ़ते तनाव और दबाव को कम किया जा सकेगा।

डॉ तनुज ने कहा कि यह अधिनियम छात्रों को सुरक्षित, पारदर्शी और बेहतर वातावरण में पढ़ाई करने का अधिकार देता है। यह कानून शिक्षा को व्यापारीकरण से बाहर निकालकर उसे सामाजिक सेवा की भावना से जोड़ने वाला साबित होगा।

झामुमो के केंद्रीय सदस्य डॉ तनुज खत्री ने कहा कि छात्रों की समस्याओं का समाधान अब स्थानीय स्तर पर ही होगा। इसके लिए जिला स्तर पर नियामक समितियां गठित की जा रही हैं, जो शिकायतें सुनेंगी और उनका समयबद्ध निपटारा करेंगी। उन्होंने यह भी कहा कि भ्रामक विज्ञापन और झूठे दावों पर अब रोक लगेगी।

### संविधान की अवमानना है राज्य विवि विधेयक : अभिषेक



**रांची।** अबुआ अधिकार मंच ने झारखंड विधानसभा में पारित राज्य विश्वविद्यालय विधेयक-2025 को लोकतंत्र का गला घोंटने, संविधान की आत्मा को रौंदने और शिक्षा व्यवस्था को पूरी तरह से राजनीतिक कैद में डालने का घिनौना षडयंत्र बताया है। मंच का कहना है कि यह विधेयक राज्यपाल जैसे संवैधानिक पद की भूमिका को अपमानित करता है और विश्वविद्यालयों की स्वायत्तता को पूरी तरह नष्ट करने की कोशिश है। मंच के छात्र नेता अभिषेक झा ने बुधवार को एक प्रेस वक्तव्य जारी कर कहा कि कुलपति, प्रति-कुलपति, वित्तीय सलाहकार और परीक्षा नियंत्रक जैसे सर्वोच्च शैक्षणिक पदों पर नियुक्ति का अधिकार राज्यपाल से छीनना सीधे-सीधे संविधान पर हमला है। यह कदम न केवल असंवैधानिक है, बल्कि उच्च शिक्षा को भ्रष्टाचार और राजनीतिक दलालों के हवाले करने की चाल है। अबुआ अधिकार मंच ने तीखे शब्दों में सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि राज्य सरकार पहले ही जेएसी, जेपीएससी और जेएसएससी जैसी संस्थाओं को बर्बाद कर चुकी है। पेपर लीक, परीक्षा रद्द, घोटाले और धांधली इस सरकार की पहचान बन चुकी है। जो सरकार अपनी भर्ती संस्थाओं को निष्पक्ष और पारदर्शी नहीं चला पाई, वह अब विश्वविद्यालयों को भी अपने भ्रष्ट शिकंजे में जकड़ना चाहती है। यह शिक्षा व्यवस्था को पूरी तरह चौपट करने का दुस्साहस है।

### कोचिंग सेंटर विधेयक छात्रों व अभिभावकों की जीत : राय



**रांची।** झारखंड विधानसभा में पारित झारखंड कोचिंग सेंटर (नियंत्रण एवं विनियमन) विधेयक 2025 पर झारखंड पैरेंट्स एसोसिएशन ने सकारात्मक प्रतिक्रिया दी है। एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय राय ने बुधवार को एक प्रेस वक्तव्य जारी कर कहा कि यह ऐतिहासिक निर्णय लंबे समय से छात्रों और अभिभावकों की मांग रही है। अब कोचिंग संस्थानों पर शुल्क, समय-सीमा और आधारभूत संरचना का नियमन होने से शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता और अनुशासन आएगा। इससे छात्रों के साथ होने वाले आर्थिक और मानसिक शोषण पर रोक लगेगी।
अजय राय ने कहा हम चाहते हैं कि इस कानून का क्रियान्वयन सख्ती से हो। अभिभावकों और छात्रों की शिकायतों को सुनने के लिए एक सशक्त रेगुलेटरी कमेटी बने, जो समयबद्ध कार्रवाई करे। झारखंड पैरेंट्स एसोसिएशन हमेशा छात्रों और अभिभावकों की आवाज बनकर सरकार तक उनकी समस्याएं पहुंचाता रहेगा।

## नकली नोट मामले में आरोपी की जमानत पर सुनवाई आज




**रांची।** नकली नोट केस मामले में गिरफ्तार आरोपी मो. साबिर उर्फ राजा ने जमानत की गुहार लगाते हुए याचिका दाखिल की है। दाखिल याचिका सिविल कोर्ट रांची के न्यायिक दंडाधिकारी की अदालत में गुरुवार को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध की गई है। सुखदेवनगर थाना की पुलिस ने नकली नोटों के एक बड़े नेटवर्क का खुलासा करते हुए जाली नोटों का जखीरा 22 अगस्त 2025 को बरामद किया था। पुलिस ने दो करोड़ रुपए के जाली नोटों के साथ गिरोह के दो सदस्यों हरमू के मो साबिर और साहिल को गिरफ्तार किया था। चंद्रलोक ट्रेवल्स की बस से तीन बड़े कार्टन में जाली नोट पटना से रांची भेजा गया था। दिल्ली में जाली नोटों की छपाई के बाद बिहार-झारखंड समेत कई राज्यों में सप्लाई किया जा रहा था। मामले को लेकर आरोपियों के खिलाफ सुखदेवनगर थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है।

## हत्या मामले में दोषी दो भाईयों को आजीवन कारावास

**रांची।** आपसी विवाद में हुई हत्या के मामले में सिविल कोर्ट रांची के अपर न्यायायुक्त योगेश कुमार की अदालत ने बुधवार को दोषी करार दो भाईयों बंधनू उरांव और अनिल उरांव को उम्र कैद की सजा सुनाई है। साथ ही दोनों पर 15 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। मामला 15 नवंबर 2020 का है, जब शिवा कुमार राम की हत्या कर दी गई थी। हत्या के बाद आरोपियों ने साक्ष्य छुपाने की नीयत से शव को दूसरी जगह छिपा दिया था। घटना को लेकर मृतक के पिता ने पिठोरिया थाना में कांड संख्या 142/2020 के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई थी। गिरफ्तारी के बाद से दोनों दोषी जेल में बंद हैं। दोषी बंधनू उरांव और अनिल उरांव पिठोरिया थाना क्षेत्र के दुबसिया गांव के निवासी हैं।

### कांग्रेस, झामुमो और राजद पर बाबूलाल मरांडी ने बोला हमला, कहा

# वोटबैंक की राजनीति कर रहे हैं एसआईआर का विरोध करने वाले

- भाजपा ने जनसंख्या और मतदाताओं की संख्या से जुड़े कई आंकड़े पेश किए
- कहा, बांग्लादेशी और रोहिंग्याओं को वोटर बनाना भी है इन दलों का मकसद

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने बुधवार को कहा कि झारखंड सरकार ने जिस प्रकार से एसआईआर (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) का विरोध किया है, वह वोट बैंक की राजनीति है। झारखंड प्रदेश में जिस प्रकार से जो डेमोग्राफी बदली है या बदल रही है, बांग्लादेशी और रोहिंग्या मुसलमानों को वोट बैंक बनाए रखना इनका मकसद है। बाबूलाल मरांडी ने पार्टी के प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा, राज्य सरकार ने कल स्पष्ट रूप से बता दिया है कि वह इन्हें केवल झारखंड में बसाना ही नहीं चाहती है, बल्कि साथ ही उन्हें मतदाता भी बनाना चाहती है। ताकि, झारखंड की चुनाव कांग्रेस पार्टी, झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) अपने पक्ष में करा सकें। आप सब ने कल (मंगलवार को) झारखंड की विधानसभा की कार्यवाही को देखा और आज सवेरे अखबारों में प्रमुखता से छपी इन मुद्दों से जुड़े समाचार को भी देखा होगा।

नेता प्रतिपक्ष मरांडी ने कहा कि झारखंड की अलार्मिंग सिचुएशन है। इससे तो पूरा राज्य, देश प्रभावित होगा ही, लेकिन इससे सीधा और तत्काल कोई प्रभावित होगा तो वह आदिवासी समाज होगा। संथाल परगना और झारखंड में दर्जनों आदिवासी महिलाएं हैं जिससे इन रोहिंग्या, बांग्लादेशी मुसलमानों ने ना केवल शादी की, बल्कि मुखिया, जिला परिषद सदस्य भी बने हैं। यही स्थिति रही तो आने वाले समय में इसी तरह से आदिवासी महिलाओं से शादी करके रोहिंग्या, बांग्लादेशी मुसलमान सांसद, विधायक भी बनेंगे। यह दृश्य साफ दिख रहा है।



### तत्काल फर्जी मतदाताओं को सूची से हटाया जाए

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा, झारखंड सहित पूरे देश में डेमोग्राफी बदल रही है। चुनाव आयोग जब इन फर्जी और विदेशी मतदाताओं को हटाने और चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता लाने की बात करता है, तो उसे रोकने और इन फर्जी मतदाताओं को बचाने के लिए वोटबैंक की राजनीति के लिए विधानसभा में विपक्षी दल विरोध कर रहे हैं, एसआईआर के खिलाफ प्रस्ताव पारित कर रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी इसका विरोध करेगी। मरांडी ने कहा कि हम चुनाव आयोग से मांग करेंगे कि इस प्रकार जो मतदाताओं की वृद्धि हुई है, अब एक-एक वास्तविक मतदाताओं को सत्यापित किया जाए। जो यहां के नागरिक हैं, वही सूची में रहें। फर्जी मतदाताओं को तत्काल सूची से हटाया जाए। झारखंड में अभी तो चुनाव नहीं है, क्यों नहीं साल भर का ही वक्त लगे, लेकिन एक-एक मतदाता सत्यापित कराना भाजपा सुनिश्चित करेगी। तब ही डेमोग्राफी ठीक होगी, नहीं तो यह लोकतंत्र पर एक बड़ा खतरा साबित होगा।

मरांडी ने कहा कि वर्ष 1951 में जब पहली जनगणना हुई थी, तब झारखंड में आदिवासियों की संख्या 35.38 प्रतिशत थी। जबकि, मुस्लिम की आबादी 8.9% थी। वर्ष 2011 के जनगणना में आदिवासियों की संख्या 35.38 प्रतिशत से घटकर 26.20% हो गई। वहीं, मुसलमानों की जनसंख्या 8.9% से बढ़कर 14.53% हो गई। आदिवासियों की जनसंख्या में गिरावट आई, जबकि मुसलमानों की आबादी में जबरदस्त बढ़ोतरी हुई। यही जब ओवरऑल बात किया जाए, तो वर्ष 1951 में सनातनियों की आबादी 87.79% थी। वर्ष 2011 में सनातनियों की संख्या घटकर 81.17% हो गई।

मरांडी ने कहा कि यह नेचुरल तरीके से नहीं बढ़ सकती है। यह कृत्रिम तरीके से बढ़ी और बढ़ाई गई है। बांग्लादेश से लगातार घुसपैठ होना इसका प्रमुख कारण है। कांग्रेस, झामुमो, राजद जैसे दल इसके पक्षधर हैं। ऐसे घुसपैठियों का वोटर कार्ड, राशनकार्ड बनाना, जन्म प्रमाण पत्र बनाना, उनकी जमीन उपलब्ध कराना, उनको बसाना इनकी मंशा है। ताकि, वोट में इसका फायदा उठाया जा सके। कल विधानसभा में उनकी मंशा साफ दिखी।

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा, अभी मतदाता सूची ज्वलंत मुद्दा है। इस संबंध में एक और उदाहरण देते हुए मरांडी ने कहा कि वर्ष 2014 से 2019 के बीच देश के अंदर में मतदाताओं में 9.3% की वृद्धि दर्ज हुई। जबकि, झारखंड में 6.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई। वहीं, वर्ष 2019 से 2024 के बीच देश में मत प्रतिशत में 10.1% वृद्धि हुई, जबकि झारखंड में यह वृद्धि 16.7% दर्ज की गई। यह गौर करने वाली बात है। वर्ष 2019 से 2024 के बीच यहां किसकी सरकार रही, यह बताने की जरूरत नहीं है। वर्ष 2019 से 2024 के बीच राष्ट्रीय ग्रोथ से भी झारखंड में मत प्रतिशत की वृद्धि अधिक दर्ज होना, आईने की तरह सब कुछ साफ कर रहा है। यह काफी चिंता का विषय है कि इस रफ्तार से आखिर यहां पर आबादी कैसे बढ़ी, यह भी एक गहन जांच का विषय है। चूंकि, वर्ष 2014 से 2019 में झारखंड में भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार थी, इसलिए यहां पर अवैध घुसपैठियों के लिए कोई जगह नहीं थी और इस कारणअधिक वृद्धि दर्ज नहीं हुई। आज वर्तमान सरकार के कार्यकाल में ऐसे लोगों को इन दलों के द्वारा वोटर बनाकर बसाया जा रहा है, इसलिए इन लोगों के पेट में दर्द हो रहा है और ये दल हंगामा कर रहे हैं। मरांडी ने कुछ रिजर्व विधानसभा क्षेत्रों का आंकड़ा भी इस संदर्भ में पेश किया। मरांडी ने कहा कि सिमडेगा विधानसभा क्षेत्र में वर्ष 2019 में 2.21 लाख मतदाता थे, जो वर्ष 2024 में बढ़कर 2.44 लाख हो गए। इसमें ओवरऑल 10.2% की वृद्धि दर्ज हुई। यहां पर वर्ष 2019 में 9308 मुस्लिम मतदाता थे, जो वर्ष 2024 में बढ़कर 16605 हो गए। यहां मुस्लिम मतदाताओं में 78.4% की वृद्धि दर्ज हुई है, जबकि नन मुस्लिम में 7.2% की ही वृद्धि दर्ज हुई है। यह चिंता का विषय है कि नहीं। यह संताल परगना का मामला नहीं है। एक प्लानिंग के तहत सब कुछ अंजाम दिया जा रहा है। इसी प्रकार, कोल्हान के जगन्नाथपुर विधानसभा क्षेत्र में वर्ष 2019 में 1.71 लाख वोट थे, जो वर्ष 2024 में 1.98 लाख वोट हुए। ओवरऑल कुल वृद्धि 15.7% की थी। जबकि, मुस्लिम वोटरों में यह वृद्धि 52 फीसदी है। वहीं, गैर मुस्लिम मतों में 13% की ही वृद्धि हुई। ये कुछ चंद उदाहरण हैं, जो दर्शाते हैं कि पूरे राज्य की डेमोग्राफी एक सुनियोजित तरीके से बदली जा रही है। इनका नाम मतदाता सूची में दर्ज कराया जा रहा है। यह केवल झारखंड नहीं, बल्कि पूरे देश के लिए चिंता का विषय है।

# विश्वविद्यालय विधेयक से लोकतंत्र का गला घोंट रही सरकार : आजसू

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** विवि विधेयक 2025 के विरोध में आजसू छात्रसंघ ने बुधवार को आक्रोश रैली निकाली। यह रैली रांची विवि से अलबर्ट एक्का चौक पहुंची, जहां हेमंत सरकार का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया। विधानसभा में पारित राज्य विवि विधेयक 2025 पूरी तरह असंवैधानिक और अलोकतांत्रिक है। इस विधेयक के माध्यम से विश्वविद्यालयों में कुलपति एवं अन्य पदों की नियुक्ति का अधिकार राज्यपाल से छीनकर सरकार को देना संविधान और संघीय ढांचे पर सीधा प्रहार है। आजसू का मानना है कि हेमंत सरकार विश्वविद्यालयों को राजनीतिक नियंत्रण में लाना चाहती है। यह वही सरकार है जो जेपीएससी, जेएसएससी और जैक जैसी संस्थाओं को पारदर्शी ढंग से नहीं चला पाई, जहां लगातार पेपर लीक और भ्रष्टाचार सामने आते रहे हैं। ऐसे में विश्वविद्यालयों की स्वायत्तता सरकार को सौंपना शिक्षा जगत के साथ विश्वासघात है। सबसे दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि विधेयक में छात्र संघ चुनाव को खत्म कर चयन की व्यवस्था थोपने की साजिश की गई है। यह कदम छात्रों के मौलिक अधिकारों और लोकतंत्र का गला घोंटने जैसा है। विश्वविद्यालय परिसर से ही भविष्य के नेता और जनप्रतिनिधि निकलते हैं, जिन्हें दबाने का काम सरकार कर रही है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश अध्यक्ष ओम वर्मा, ऋतुराज शाहदेव प्रदेश वरीय उपाध्यक्ष, प्रताप सिंह, राजेश सिंह, अमन साहू,सौरभ यादव, संदीप, पीयूष सिंह, ऋतिक इत्यादि लोग उपस्थित थे।

## नाबालिग से छेड़छाड़ का आरोपी बरी

**रांची।** नाबालिग से छेड़छाड़ करने के आरोप में ट्रायल फेस कर रहे आरोपी राजू महतो को पोक्सो एक्ट कोर्ट से राहत मिली है। अदालत ने सबूतों के आधार पर उसे मामले से बरी कर दिया है। घटना को लेकर पीड़िता ने जगन्नाथपुर थाने में 9 दिसंबर 2018 को प्राथमिकी दर्ज कराई थी। प्राथमिकी में कहा गया था कि 9 दिसंबर 2018 को दोपहर को आरोपी उसकी दुकान में आया और छेड़छाड़ की। प्राथमिकी दर्ज होने के तीन महीने बाद 7 मार्च 2019 को पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। करीब डेढ़ महीने जेल काटने से पर अदालत ने सशर्त जमानत की सुविधा प्रदान कर दी थी।

# डकैती में संलिप्त चार आरोपियों की जमानत याचिका खारिज

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची के नामकुम थाना क्षेत्र स्थित पावर ग्रिड सब स्टेशन में डकैती के आरोप में जेल में बंद चार आरोपियों को सिविल कोर्ट रांची के न्यायायुक्त की अदालत ने जमानत देने से इनकार किया है। इसमें पुंदाग के फुरकान मल्लिक, बिहटा के जितेंद्र कुमार, रामगढ़ के बीरेंद्र बेदिया एवं पुंदाग के दीपक कुमार सोनी का नाम शामिल है। चारों की ओर से दाखिल जमानत याचिका पर न्यायायुक्त की अदालत में बुधवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के बाद अदालत ने याचिका खारिज कर दी। नामकुम पुलिस ने डैकती की घटना में शामिल नौ आरोपियों को 28 जुलाई 2025 को गिरफ्तार किया था। तब से सभी जेल में है। घटना को 15 जुलाई 2025 को अंजाम दिया गया था। वहीं, रामगढ़ के शाहिद अंसारी ने भी जमानत की गुहार लगाते हुए याचिका दाखिल की है। अन्य तीन आरोपियों हजारीबाग के राजेश कुमार सिंह, रामगढ़ के ललन कुमार भुइयां और जितु कुमार सिंह ने भी न्यायिक दंडाधिकारी की अदालत में जमानत की गुहार लगाई है।

# विश्वविद्यालय के संबंध में लाया गया विधेयक दुर्भाग्यपूर्ण : संजय महतो

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भाजयुमो के प्रदेश कार्यालय मंत्री संजय कुमार महतो ने बुधवार को हेमंत सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि यह सरकार वास्तव में संविधान की हितैषी नहीं है। उन्होंने एक प्रेस वक्तव्य जारी कर कहा कि झारखंड की हेमंत सरकार संविधान की रक्षा और सम्मान की बात मीडिया और जनता के बीच गुमराह करने की दृष्टि से करती है, यह संविधान की हितैषी सरकार नहीं है। संजय कुमार महतो ने कहा है कि राज्य सरकार ने विश्वविद्यालय संशोधन अधिनियम के नाम पर जो विधेयक ले कर आई है, वह काफी दुर्भाग्यपूर्ण है। विश्वविद्यालयों में कुलपतियों की नियुक्ति का अधिकार राज्यपाल को संविधान के तहत प्राप्त है। विश्वविद्यालय एक स्वायत्त संस्था है, जिसकी निगरानी और नियंत्रण का अधिकार राज्यपाल को है। सरकार द्वारा विधेयक के माध्यम से विश्वविद्यालयों में होने वाले छात्र संघ चुनाव को समाप्त कर सरकार द्वारा छात्र प्रतिनिधि की बात कही गई है, जो अत्यंत ही दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय है। क्योंकि, भविष्य के नेता /कर्णधार इसी विश्वविद्यालय/ कॉलेज कैंपसों से निकल कर राज्य और देश का नेतृत्व करते हैं। छात्र संघ चुनाव नहीं कराना छात्रों के मौलिक अधिकारों का हनन है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है।

# ऑपरेशन सिंदूर से देश की भावनाएं जुड़ी थी : संजय सेठ



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** सांसद कला महोत्सव जो लगातार कई दिनों से चल रहा है। इसी क्रम में बुधवार को केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ कांके स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, कोलकाता पब्लिक स्कूल ओरमांझी में आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित हुए और बच्चों का उत्साह वर्धन किया । इस अवसर पर श्री सेठ ने कहा ऑपरेशन सिंदूर सिर्फ सेना का ऑपरेशन नहीं था, इससे पूरे देश की भावनाएं जुड़ी थी। सांसद कला महोत्सव के तहत रांची में चल रहे पेंटिंग कॉनिर्वाल 2025 में बच्चों ने ऑपरेशन सिंदूर और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सैन्य प्रेम को लेकर कैनवास पर जो आकृतियां उकेरी हैं, वह राष्ट्र के प्रति इनकी भावनाएं हैं। प्रतिभागी बच्चों को उनके चित्रांकन के लिए उत्साहवर्द्धन किया। और पांच सर्वश्रेष्ठ पेंटिंग बनाने वाले बच्चों के बीच सर्टिफिकेट का वितरण किया इस अवसर पर रविंद्र सिंह राजीव सहाय मनोज तिवारी रतन अग्रवाल खुशी कुमारी स्कूल के निदेशक प्रभात झा, दिलीप मेहता, अमरनाथ चौधरी, दीपक बड़ाइक, दुर्गा शंकर साहू, बालक पाहन, लक्ष्मण साहू, बालक महतो, विक्रांत तिवारी शशि मेहता नीलमोहन पाहन, संतोष गुप्ता, शशि मेहता, आनंद मेहता, चतुर साहू, रोहित साहू, आशीष साहू, राजेश गुप्ता मौजूद रहे।

## पृष्ठ एक के शेष

**पीएम मोदी का संकल्प, वर्ष...**
इसके बाद फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज (एफजेसीसीआई) और संबद्ध निकायों ने जन्माष्टमी पर एक बैठक की और गणेश चतुर्थी के दिन से रांची में अभियान शुरू करने का फैसला किया। पीएम मोदी का संकल्प है कि वर्ष 2047 तक देश विकसित बन जाए। संजय सेठ ने कहा कि अभियान के दौरान दुकानदारों ने आश्वासन दिया कि विदेशी सामानों को वापस कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा, मैं चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री और ऐसे व्यापारिक संगठनों को साधुवाद और धन्यवाद दूंगा, जिन्होंने इस अभियान में हिस्सा लिया। कार्यक्रम संयोजक एवं कार्यकारिणी सदस्य राम बांगड़ ने कहा कि यह महाअभियान व्यापारियों और उपभोक्ताओं दोनों के लिए एक प्रेरणा है। हम सब मिलकर स्थानीय उद्योगों को मजबूत बनाएं और आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करें। यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। इस अभियान को गति देने के लिए सभी जिला चैंबर्स ने सहमति दी है और अपने अपने क्षेत्र में गति दे रहे हैं। आगामी 30 अगस्त को सिंहभूम चैंबर द्वारा जमशेदपुर में अभियान शुरू किया जाएगा। रक्षा राज्यमंत्री इस अभियान की शुरुआत करेंगे। इस अवसर पर झारखंड चैंबर के अध्यक्ष परेश गट्टानी, महासचिव आदित्य मल्होत्रा, सह सचिव विकास विजयवर्गीय, नवजोत अलग, कार्यकारिणी सदस्य राम बांगड़, संजय अखौरी, साहित्य पवन, अनिल अग्रवाल, नवीन अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, सदस्य तुलसी पटेल, नवीन गाडोड़िया आदि मौजूद थे।

**पूर्व भाजपा विधायक संजीव सिंह...**
अंधाधुंध फायरिंग की थी। इस हमले में कांग्रेस नेता नीरज सिंह समेत चार लोगों की मौत हो गई थी। घटना के बाद पुलिस ने 11 लोगों को आरोपी बनाया था। ज्ञात हो कि विगत 8 अगस्त को पूर्व विधायक संजीव सिंह को जमानत मिली थी। फैसले को लेकर बुधवार को अदालत परिसर और आसपास के इलाके में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने खुद सुरक्षा व्यवस्था की मॉनीटरिंग की। को उसी जगह पहुंचाएंगे। ताकि, आज के बाद किसी बेगुनाह के साथ कुछ गलत न हो। रागिनी सिंह ने कहा कि संजीव सिंह की तबीयत बहुत खराब थी। लोगों ने उनका इलाज कराने से रोकने की बहुत कोशिश की, लेकिन मेरी कोशिश थी कि उनका इलाज हो। जमानत मिलने के बाद उनका बेहतर तरीके से इलाज हो रहा है। उनकी सेहत में भी सुधार हो रहा है। बहुत जल्द वे ठीक होकर लोगों के बीच आएंगे।

**एलन इंस्टीट्यूट खुलेआम करता है...**
ब्रांच चल रहे हैं, वे भी 16 वर्ष के बच्चों को स्कूल आवर में स्कूलों की तरह पढ़ाई करा रहे हैं। राजधानी रांची के हरमू रोड के मंगलमूर्ति हाइट्स बिल्डिंग में एलन इंस्टीट्यूट है, जहां 16 वर्ष से कम उम्र के बच्चों का एडमिशन कई वर्षों से लिया जा रहा है। सूत्रों से जानकारी मिली है कि यहां पढ़ने वाले अधिकतर छात्रों का नामांकन सरकारी या प्राइवेट स्कूल में कराया गया है। नाम के लिए स्कूलों में नामांकन है और क्लास एलन करा रहा है। ओलंपियाड के बाद प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी कराने के बात भी एलन इंस्टीट्यूट द्वारा कही जाती है। अब सवाल उठता है कि जब 16 वर्ष से कम उम्र के बच्चे का नामांकन कोचिंग संस्थान में नहीं हो सकता, तो कोचिंग द्वारा प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी कराने की बात ही निरर्थक हो जाती है। झारखंड विधानसभा में मंगलवार को व्यावसायिक शिक्षण संस्थान (शुल्क विनियमन) विधेयक 2025 पारित हुआ, जिसमें माता-पिता के लिखित आवेदन पर 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों का कोचिंग संस्थानों में नामांकन कराया जा सकता है। वहीं, झारखंड सरकार कोचिंग संस्थानों की मनमानी पर बड़ी कार्रवाई करने की तैयारी में है। अक्सर देखा जाता है कि कई कोचिंग सेंटर बढ़ा-चढ़ाकर विज्ञापन करते हैं। झूठे दावे, लुभावने प्रस्ताव देते हैं, जिसके जाल में अभिभावक फंस जाते हैं और मोटी रकम जमा कर नामांकन लेते हैं। कुछ दिनों के बाद अभिभावक ठगा महसूस करते हैं और उनकी शिकायत नहीं सुनी जाती है। वहीं, बहुत ऐसे कोचिंग है जिनका पंजीकरण नहीं है। अब नए कोचिंग सेंटर को पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा, वहीं पुराने कोचिंग, जो चलते आ रहे हैं, उन्हें भी निर्धारित समयावधि में पंजीकरण कराना होगा।

**पीएम स्वनिधि योजना के पुनर्गठन...**
दूसरी किस्तों में बढ़ी हुई ऋण राशि, दूसरा ऋण चुकाने वाले लाभार्थियों के लिए यूपीआई-लिंक्ड रुपे क्रेडिट कार्ड का प्रावधान और खुदरा व थोक लेनदेन के लिए डिजिटल कैशबैक प्रोत्साहन शामिल हैं। इस योजना का दायरा चरणबद्ध तरीके से जनगणना कस्बों व अर्ध-शहरी क्षेत्रों आदि बढ़ाया जा रहा है। इस बढ़ी हुई ऋण संरचना में पहली किस्त के ऋण को 10,000 रुपए से बढ़ाकर 15,000 रुपए और दूसरी किस्त के ऋण को 20,000 रुपए से बढ़ाकर 25,000 रुपए तक कर दिया गया है, जबकि तीसरी किस्त 50,000 रुपए पर अपरिवर्तित रहेगी। यूपीआई-लिंक्ड रुपे क्रेडिट कार्ड की शुरूआत से रेहड़ी-पटरी वालों को किसी भी आकस्मिक व्यावसायिक और व्यक्तिगत आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए तत्काल ऋण उपलब्ध होगा। इसके अलावा, डिजिटल अपनाने को बढ़ावा देने के लिए, रेहड़ी-पटरी वाले खुदरा और थोक लेनदेन पर 1,600 रुपए तक के कैशबैक प्रोत्साहन का लाभ उठा सकते हैं। यह योजना उद्यमिता, वित्तीय साक्षरता, डिजिटल स्किल और कनवर्जेंस के माध्यम से मार्केटिंग पर ध्यान केंद्रित करते हुए रेहड़ी-पटरी वालों की क्षमता निर्माण पर भी केंद्रित है।

**220**
आईपीएल मैचों की 98 पारियों में 833 रन बनाने वाले अश्विन ने 187 विकेट लिए हैं




**2008**
में अश्विन ने आईपीएल खेलना शुरू किया था

**अश्विन ने आगे लिखा :** 'इतने सालों की शानदार यादों और रिश्तों के लिए सभी फ्रेंचाइजी का शुक्रिया अदा करना चाहूंगा और सबसे जरूरी आईपएल और बीसीसीआई का, जो उन्होंने मुझे अब तक मौका दिया है। आगे जो भी है उसका आनंद लेने और उसका पूरा लाभ उठाने के लिए उत्सुक हूं।

# अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के बाद अश्विन ने आईपीएल से भी संन्यास लिया

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

दिग्गज क्रिकेटर आर अश्विन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के बाद आईपीएल से भी संन्यास लेने की घोषणा कर दी है। अश्विन ने सोशल मीडिया के माध्यम से आईपीएल को अलविदा कहने की सूचना दी। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर अश्विन ने लिखा, "खास दिन और इसलिए एक खास शुरुआत। कहते हैं हर अंत की एक नई शुरुआत होती है। एक आईपीएल क्रिकेटर के रूप में मेरा समय आज समाप्त हो रहा है। लेकिन, विभिन्न लीगों में खेलने की संभावनाएं आज से शुरू हो रही हैं। इतने सालों की शानदार यादों और रिश्तों के लिए सभी फ्रेंचाइजी का शुक्रिया अदा करना चाहूंगा। आईपीएल और बीसीसीआई का विशेष तौर पर शुक्रिया। आगे जो भी है उसका आनंद लेने और उसका पूरा लाभ उठाने के लिए उत्सुक हूं।

आईपीएल 2025 में अश्विन सीएसके का हिस्सा थे। टीम का प्रदर्शन बेहद निराशाजनक रहा था। ऐसे में अगले सीजन में टीम बड़े बदलावों के साथ उतर सकती हैं। अश्विन के सोशल मीडिया पोस्ट से यह अंदाजा लगाया जा रहा है कि वह बेशक आईपीएल में खेलते हुए नहीं दिखेंगे, लेकिन दूसरी क्रिकेट लीग में खेलते हुए वह दिख सकते हैं। संभवतः वह देश के बाहर खेली जाने वाली टी20 लीग में खेलते दिख सकते हैं। गौरतलब है कि बीसीसीआई भारत के अंतरराष्ट्रीय या घरेलू क्रिकेट से जुड़े किसी भी मौजूदा खिलाड़ी को विदेशी टी20 लीग में खेलने की छूट नहीं देता है। हालांकि, अब अश्विन संन्यास के बाद इन लीग में खेल सकते हैं।

## रविचंद्रन अश्विन स्पिन गेंदबाजी के वैज्ञानिक हैं : मोंटी पनेसर

भारतीय ऑफ स्पिनर आर अश्विन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के बाद इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से भी संन्यास ले लिया है। अश्विन के आईपीएल से संन्यास पर इंग्लैंड के स्पिनर मोंटी पानेसर ने हैरानी जताई है। पनेसर ने अश्विन को स्पिन गेंदबाजी का वैज्ञानिक बताया। आईएएनएस से बात करते हुए पनेसर ने कहा, "अश्विन ने आईपीएल में टी20 गेंदबाज के रूप में अपनी पहचान बनाई। पावरप्ले में बेहतरीन प्रदर्शन किया और धीरे-धीरे सभी प्रारूपों में एक शानदार ऑलराउंडर के रूप में विकसित हुए। उन्होंने कहा कि अश्विन ने गेंदबाजी में अपनी तकनीक का इस्तेमाल किया। नए तरीके विकसित किए और बल्लेबाजों को लगातार परेशान किया। उनकी प्रतिष्ठा स्पिन गेंदबाजी के वैज्ञानिक के रूप में है। भारतीय मूल के मोंटी पनेसर ने इंग्लैंड की तरफ से 2006 से 2013 के बीच इस बाएं हाथ के स्पिनर ने 50 टेस्ट में 167 विकेट लिए थे। इसके अलावा 26 वनडे में 24 और 1 टी20 में उन्होंने 2 विकेट लिए। आर अश्विन ने बुधवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर आईपीएल से संन्यास की घोषणा की। उन्होंने लिखा, "खास दिन और इसलिए एक खास शुरुआत। कहते हैं हर अंत की एक नई शुरुआत होती है। एक आईपीएल क्रिकेटर के रूप में मेरा समय आज समाप्त हो रहा है। लेकिन, विभिन्न लीग्स में खेलने की संभावनाएं आज से शुरू हो रही हैं। इतने सालों की शानदार यादों और रिश्तों के लिए सभी फ्रेंचाइजी का शुक्रिया अदा करना चाहूंगा। आईपीएल और बीसीसीआई का विशेष तौर पर शुक्रिया। आगे जो भी है उसका आनंद लेने और उसका पूरा लाभ उठाने के लिए उत्सुक हूं।

अश्विन ने 2008 में आईपीएल खेलना शुरू किया था। वह चेन्नई सुपर किंग्स, राइजिंग पुणे सुपर जाइंट्स, पंजाब किंग्स, दिल्ली कैपिटल्स और राजस्थान रॉयल्स का हिस्सा रहे। पंजाब किंग्स के वह कप्तान भी रहे। 220 आईपीएल मैचों की 98 पारियों में 833 रन बनाने वाले अश्विन ने 187 विकेट लिए हैं। आईपीएल इतिहास के वह पांचवें सफलतम गेंदबाज हैं।

### आईपीएल में अश्विन

| बैटिंग | | बॉलिंग | |
|---|---|---|---|
| 221 | मैच | 221 | मैच |
| 833 | रन | 187 | विकेट |
| 50 | बेस्ट | 4/34 | बेस्ट |
| 118.16 | स्ट्राइक रेट | 7.20 | इकोनॉमी |

### बीजीटी के दौरान इंटरनेशनल क्रिकेट को अलविदा कहा...


अश्विन ने पिछले साल दिसंबर में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दौरान इंटरनेशनल क्रिकेट को अलविदा कह दिया था। उन्होंने 14 से 18 दिसंबर के बीच खेले गए गाबा टेस्ट के बाद रिटायरमेंट का ऐलान किया था। वे कप्तान रोहित शर्मा के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस में पहुंचे था। उन्होंने कहा था, आज भारतीय टीम के क्रिकेटर के तौर पर मेरा अंतिम दिन था। मैं क्लब क्रिकेट खेलता रहूंगा।

## हॉकी के गढ़ में खेलने का मौका मिलेगा, भारत आकर खुश हैं कजाकिस्तान के कप्तान

**राजगीर (आईएएनएस)** । हॉकी एशिया कप 2025 में भाग लेने के लिए कजाकिस्तान की टीम मंगलवार रात बिहार पहुंच गई। बिहार पहुंचने के बाद कजाकिस्तान के कप्तान येरकेबुलन द्यूसेबेकोव ने खुशी जताते हुए कहा कि यह हॉकी के गढ़ में खेलने का सुनहरा अवसर है। येरकेबुलन द्यूसेबेकोव ने कहा, "यह टीम पहली बार भारतीय धरती पर उतर रही है और महाद्वीपीय मंच पर अपनी क्षमता दिखाने के लिए उत्सुक है। उन्होंने कहा, "हम पहली बार भारत आकर बेहद उत्साहित हैं।



मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के मुख्य स्टेडियम में अभी घास लगाने के लिए "मिट्टी की मरम्मती" का काम जारी



बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम, मोरहाबादी में घास लगाने का काम लगभग पूरा हो चुका है

## पारा थ्रो बॉल महिला-पुरुष खिलाड़ी रांची स्टेशन से रवाना

**रांची । नवीन मेल संवाददाता**



तमिलनाडु के कोयंबटूर में आयोजित 4था पारा थ्रो बॉल नेशनल चैंपियनशिप का आयोजन 29 अगस्त से 31 अगस्त 2025 तक किया गया है इस प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों के साथ-साथ झारखंड भी भाग ले रहा है और इस प्रतियोगिता में झारखंड के पुरुष वर्ग के खिलाड़ी सनोज महतो (कप्तान), मुकेश कंचन, पवन लकड़ा, चंदन लोहरा, मुकेश कुमार, राकेश रंजन, कमलेश उरांव, राजेश कुमार मेहता, अंगद कुमार सिंह, प्रमोद कुमार महतो, महिला वर्ग से महिमा उरांव (कप्तान), प्रतिमा तिर्की, निक्की कुमारी, पुष्पा मिंज, अनीता तिर्की, असुंता टोप्पो, संजुक्ता एक्का, सरिता भूटकुमारी मुंडा, सुनीता मुंडा, जय श्री कुमारी, पूनम कुमारी, शकुंतला लकड़ा, तारामणि लकड़ा भाग ले रहे हैं। खिलाड़ियों हौसला बढ़ाने के लिए साथ में जा रहे है पारा थ्रो बॉल एसोसिएशन ऑफ़ झारखंड के सचिव सरिता सिन्हा जी, संरक्षक जगदीश सिंह जग्गू एवं राधा सिंह, टीम के मैनेजर शैलेंद्र सिन्हा भी टीम के साथ रवाना हुए। पिछले वर्ष झारखंड टीम विजेता हुई थी ।

इस बार भी खिलाड़ियों का कहना है कि विजय होकर लौटेंगे। खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाने के लिए रांची रेलवे स्टेशन में बतौर अतिथि के तौर पर विजय कुमार दत्ता ,मुख्य संरक्षक (पैरालंपिक कमिटी ऑफ झारखंड) एवं अन्य उपस्थित गणमान्य व्यक्तगण ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया गया और जीत की अग्रिम बधाई दिया।

## आरके आनंद मल्टी स्पोर्ट्स अकादमी का इंटर स्कूल शूटिंग प्रतियोगिता समापन

**रांची** । आर. के. आनंद मल्टी स्पोर्ट्स अकादमी के तत्वावधान में आयोजित इंटर स्कूल शूटिंग प्रतियोगिता का सफल समापन बुधवार को नमकुम के लॉन बॉल्स स्टेडियम में हुआ। यह प्रतियोगिता 25 से 27 अगस्त तक तीन दिनों तक चली, जिसमें रांची के विभिन्न 10 विद्यालयों के लगभग 200 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए सरला बिरला स्कूल को सर्वश्रेष्ठ विद्यालय का खिताब प्राप्त हुआ। वहीं, विवेकानंद विद्या मंदिर द्वितीय और सेंट जॉन्स स्कूल तृतीय स्थान पर रहे।



व्यक्तिगत स्तर पर भी कई खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। इनमें आर्यन सिंह (353/400), इशित राज (347/400), करन सिंह (316/400) और आरव साहू (260/400) ने सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का स्थान हासिल किया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में आचार्यकुलम स्कूल के स्वामी दिव्यदेव उपस्थित थे। विशेष अतिथि के तौर पर झारखंड सेपक टकरा एसोसिएशन के अध्यक्ष उदय साहू और झारखंड ओलंपिक एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष शिवेंद्र दुबे शामिल हुए। अतिथियों ने विजेता खिलाड़ियों को पदक प्रदान कर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। प्रतियोगिता के सफल संचालन में आर. के. आनंद मल्टी स्पोर्ट्स ट्रेनिंग सेंटर के शूटिंग कोच प्रत्युश कुमार सिंह का विशेष योगदान रहा।

# व्यापार/लाइफ व साइंस

## अदाणी समूह और कोका कोला के प्रमुख बॉटलर ने भी उद्योग लगाने को ली जमीन

**गोरखपुर।** निवेशकों की मांग के अनुरूप गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) ने न केवल लैंड बैंक समृद्ध किया है, बल्कि साल दर साल औद्योगिक भूखंडों का आवंटन भी तेज हुआ है। वर्तमान वित्तीय वर्ष में तो गीडा ने अब तक 54 नई यूनिट्स के लिए रिकॉर्ड 182 एकड़ भूमि का आवंटन किया है। इससे 5,800 करोड़ रुपए के नए पूंजी निवेश के साथ 8,500 लोगों के लिए रोजगार सृजन का मार्ग प्रशस्त हुआ है। लंबे दौर तक पहचान को जूझता रहा गोरखपुर अब इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट, रोड, रेल और एयर कनेक्टिविटी के मामले में मजबूत होकर औद्योगिक नक्शे पर भी चमक गया है। औद्योगिक प्रगति के नए कालखंड में सिर्फ पिछले पांच साल की बात करें तो इस दौरान गीडा को 9,445 करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव मिले और इसके जरिए 22,922 रोजगार सृजन संभव हुआ। इसमें मल्टीनेशनल ब्रांड पेप्सिको, केयान डिस्टिलरी, ज्ञान डेयरी, टेक्नोप्लास्ट और केंद्रीय भंडारण निगम, कपिला कृषि उद्योग, एपीएल अपोलो ट्यूब्स जैसे बड़े नाम शामिल हैं। गोरखपुर में अदाणी समूह ने अंबुजा ब्रांड सीमेंट फैक्ट्री की नई यूनिट और कोका कोला के प्रमुख बॉटलर अमृत बॉटलर्स ने भी यूनिट लगाने के लिए जमीन ली है।

## कैबिनेट ने 12,328 करोड़ रुपए के रेलवे प्रोजेक्ट्स को दी हरी झंडी

- नमक, सीमेंट, कोयला, क्लिंकर और बेंटोनाइट का होगा परिवहन

**नई दिल्ली अगस्त (आईएएनएस)**




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने रेल मंत्रालय की लगभग 12,328 करोड़ रुपए की कुल लागत वाली चार परियोजनाओं को मंजूरी दी। यह जानकारी बुधवार को सरकार की ओर से दी गई। इन परियोजनाओं में देशलपार - हाजीपीर - लूना और वायोर - लखपत नई लाइन, सिकंदराबाद (सनथनगर) - वाडी तीसरी और चौथी लाइन, भागलपुर-जमालपुर तीसरी लाइन और फुर्केटिंग - न्यू तिनसुकिया दोहरीकरण शामिल हैं। गुजरात, कर्नाटक, तेलंगाना, बिहार और असम के 13 जिलों को कवर करने वाली चार परियोजनाओं से भारतीय रेलवे के मौजूदा नेटवर्क में 565 किलोमीटर की वृद्धि होगी। नई परियोजनाओं का उद्देश्य यात्रियों और वस्तुओं दोनों का निर्बाध और त्वरित परिवहन सुनिश्चित करना है। ये पहल कनेक्टिविटी और यात्रा सुविधा में सुधार के साथ-साथ लॉजिस्टिक्स लागत को कम करेंगी। इसके अतिरिक्त, ये परियोजनाएं कार्बनडाइऑक्साइड उत्सर्जन को कम करने में योगदान देंगी, जिससे सुथाई और कुशल रेल संचालन को बढ़ावा मिलेगा। इन परियोजनाओं के निर्माण के दौरान लगभग 251 लाख मानव-दिवसों के लिए प्रत्यक्ष रोजगार भी सृजित होगा।

प्रस्तावित नई रेल लाइन कच्छ क्षेत्र के सुदूर क्षेत्रों को कनेक्टिविटी प्रदान करेगी। यह गुजरात के विद्मान रेलवे नेटवर्क में 145 रूट किलोमीटर और 164 ट्रैक किलोमीटर जोड़ेगी, जिसकी अनुमानित लागत 2526 करोड़ रुपए है। परियोजना की पूर्ण होने की समय-सीमा 3 वर्ष है। गुजरात राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देने के अतिरक्त, यह नई रेल लाइन नमक, सीमेंट, कोयला, क्लिंकर और बेंटोनाइट के परिवहन में भी मदद करेगी। इस परियोजना का रणनीतिक महत्व यह है कि यह कच्छ के रण को कनेक्टिविटी प्रदान करेगी। इसमें 13 नए रेलवे स्टेशन जोड़े जाएंगे, जिससे हड़प्पा स्थल धोलावीरा, कोटेश्वर मंदिर, नारायण सरोवर और लखपत किला भी रेल नेटवर्क के अंतर्गत आ जाएंगे। इससे 866 गांवों और लगभग 16 लाख आबादी को लाभ होगा। कर्नाटक और तेलंगाना में फैली 173 किलोमीटर लंबी सिकंदराबाद (सनथनगर) - वाडी तीसरी और चौथी लाइन के पूरा होने की समय-सीमा पांच वर्ष और लागत 5012 करोड़ रुपए है, जबकि बिहार में 53 किलोमीटर लंबी भागलपुर - जमालपुर तीसरी लाइन के लिए यह तीन साल है और इसकी लागत 1156 करोड़ रुपए है। 194 किलोमीटर लंबी फुरकेटिंग - न्यू तिनसुकिया दोहरीकरण परियोजना का कार्य चार वर्षों में पूरा होगा, जिसकी लागत 3634 करोड़ रुपए है।

## प्राकृतिक संसाधनों पर इस्लामाबाद की दखल बढ़ा असंतोष

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा (केपी) और बलूचिस्तान जैसे प्राकृतिक संसाधन संपन्न इलाकों में अशांति बढ़ रही है। इसका कारण है कि इस्लामाबाद इन राज्यों के प्राकृतिक खनिजों पर अपने अधिकारों का गलत इस्तेमाल कर रहा है। पाकिस्तान में प्राकृतिक संसाधनों का प्रबंधन एक चेतावनी भरी कहानी बन गया है कि कैसे संवैधानिक अधिकारों के बावजूद, केंद्रीकरण ने प्रांतीय स्वायत्तता को कमजोर कर दिया है। यूरोपियन टाइम्स के एक लेख के अनुसार, ऐतिहासिक 18वें संशोधन में प्राकृतिक संसाधनों पर ज्यादा प्रांतीय नियंत्रण देने के वादे के पंद्रह साल बाद भी, शोषण के पुराने तरीके जारी हैं। 2010 में पारित 18वें संशोधन को संघवाद के लिए एक महत्वपूर्ण कदम माना गया। इसके अनुच्छेद 172(3) के तहत, प्रांतों और केंद्र सरकार के बीच प्राकृतिक संसाधनों का संयुक्त स्वामित्व तय किया गया।

## भारत में फरवरी 2025 तक 56.75 लाख इलेक्ट्रिक वाहन पंजीकृत हुए

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

भारत में तेजी के इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) को अपनाया जा रहा है और फरवरी 2025 तक 56.75 लाख ईवी पंजीकृत हुए हैं। यह जानकारी सरकारी डेटा में दी गई। `टा के अनुसार, वित्त वर्ष 25 में देश में इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों की बिक्री 11.49 लाख यूनिट्स रही थी, जो कि पिछले वित्त वर्ष के आंकड़े 9.48 लाख यूनिट्स से 21 प्रतिशत अधिक थी। यह आंकड़े बताते हैं कि लोग तेजी से इलेक्ट्रिक वाहनों की तरफ शिफ्ट हो रहे हैं। सरकार ने भी 2030 तक कुल वाहनों की बिक्री में ईवी की हिस्सेदारी 30 प्रतिशत करने का लक्ष्य रखा है। सरकार ईवी इकोसिस्टम को बढ़ावा देने के लिए कई योजनाएं चला रही है, जिसमें हाइब्रिड और इलेक्ट्रिक वाहनों को तेज अपनाना और निर्माण (फेम-2), पीएम ई-ड्राइव, प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआई) स्कीम, पीएम ई-बस सेवा शामिल हैं।

## भारत के मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर की जीवीए ग्रोथ वित्त वर्ष 24 में 11.89 प्रतिशत रही

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

भारत के मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर की ग्रॉस वैल्यू एडेड (जीवीए) वृद्धि दर वित्त वर्ष 24 में 11.89 प्रतिशत रही है, जो कि पिछले वित्त वर्ष में 7.3 प्रतिशत थी। यह जानकारी बुधवार को जारी हुए एनुअल सर्वे ऑफ इंडस्ट्रीज (एएसआई) में दी गई। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की रिपोर्ट में कहा गया है कि अप्रैल 2023 से मार्च 2024 तक देश का औद्योगिक उत्पादन 5.80 प्रतिशत बढ़ है। रिपोर्ट में बताया गया कि वित्त वर्ष 24 में मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में रोजगार सालाना आधार पर 5.92 प्रतिशत बढ़ा है। बीते एक दशक में मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में 57 लाख से ज्यादा नौकरियां जुड़ी हैं और वित्त वर्ष 24 में 1,95,89,131 वर्कर्स फैक्टरी जॉब्स में थे।